

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़




लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 174 बुधवार, 5 अगस्त 2026 श्रावण माह, कृष्ण, सप्तमी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया


## राम मंदिर चढ़ावा विवाद और छात्र प्रदर्शन पर संसद में हंगामा

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** अयोध्या राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण संसद में मंगलवार को भी गतिरोध कायम रहा और दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही। हालांकि हंगामे के बीच ही दोनों सदनों ने एक-एक विधेयक को मंजूरी दे दी। लोकसभा ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक, 2026 को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया।

उधर राज्यसभा ने संक्षिप्त चर्चा के बाद जन्म और मृत्यु का पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया। लोकसभा की पूर्वाह्न 11 बजे बैठक शुरू होते ही विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। वे अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी का मुद्दा उठा रहे थे और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे थे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह करते हुए कहा, "मैंने कल भी बीएसी (कार्य मंत्रणा समिति) की बैठक में सभी दलों से अनुरोध किया था। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है और चर्चा एवं संवाद के लिए है। यह नारेबाजी करने और तख्तियां लेकर आने का मंच नहीं है।"



शोर-शराबा जारी रहने पर अध्यक्ष ने सदन की बैठक अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद बैठक दो बजे शुरू हुई तो पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाये। इस दौरान विपक्षी सदस्य पहले की तरह ही शोर-शराबा कर रहे थे।

हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कराधान एवं अन्य विधियां संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। सैकिया ने विपक्षी सदस्यों से अपनी सीट पर जाकर बैठने का आग्रह करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण विधेयक है और सभी को इसमें सहयोग करना चाहिए।

## चंपत राय बोले- अंतिम सांस तक अयोध्या नहीं छोड़ूंगा

एजेंसी न्यूज

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को स्पष्ट कहा कि वह अंतिम सांस तक अयोध्या नहीं छोड़ेंगे। यह बात उन्होंने तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य से मुलाकात के दौरान कही। परमहंस आचार्य ने बताया कि उन्होंने चंपत राय से अयोध्या नहीं छोड़ने का आग्रह किया था, जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि वह जीवनभर रामनगरी में ही रहेंगे।

चातुर्मास के दौरान शनिवार से लगातार रामनगरी के संत-धमार्चार्यों से मुलाकात कर रहे चंपत राय मंगलवार को तपस्वी छावनी पहुंचे। यहां बंद कमरे में करीब 30 मिनट तक दोनों के बीच बातचीत हुई। मुलाकात के बाद परमहंस आचार्य ने चंपत राय को युग ऋषि बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राम मंदिर का निर्माण अपेक्षा से भी बेहतर हुआ है।

## सीएम योगी का विपक्ष पर तीखा हमला, बोले- लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में हंगामे के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी का आरोप लगाया। सपा विधायक सचिन यादव को पूरे मानसून सत्र के लिए निष्कासित किया गया।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जिन लोगों को लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास नहीं है, वही संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने वाली संस्थाओं का लगातार अपमान और अवमानना कर रहे हैं।

हंगामे के बीच मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि समाजवादी पार्टी और विपक्ष का आचरण न केवल असंवैधानिक है, बल्कि शर्मनाक भी है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यसूची पहले से निर्धारित थी और उसके अनुसार विधायी कार्य होने थे, लेकिन विपक्ष ने उन पर चर्चा में कोई रुचि नहीं दिखाई और सदन के बहुमूल्य समय को नष्ट करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का यह रवैया उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता के साथ खिलवाड़ है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ जनहित के मुद्दों पर कार्य कर रही है और सदन के माध्यम से महत्वपूर्ण विधायी कार्यों को आगे बढ़ाना चाहती है। योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी का आचरण पूरा प्रदेश देख रहा है। उनका लोकतांत्रिक मूल्यों में कभी विश्वास नहीं रहा और वह जानबूझकर सदन की अवमानना कर लोकतांत्रिक व्यवस्था की खिल्ली उड़ाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी विषयों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन विपक्ष को भी संसदीय परंपराओं और सदन की गरिमा का सम्मान करना चाहिए।



इससे पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को जैसे ही मुख्यमंत्री योगी बोलने के लिए खड़े हुए वैसे ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के दौरान समाजवादी पार्टी के विधायक इंजीनियर सचिन यादव के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें पूरे मानसून सत्र के लिए सदन से निष्कासित कर दिया।

### राज्यसभा चुनाव विवादः मीनाक्षी नटराजन की याचिका पर हाईकोर्ट सख्त

एजेंसी न्यूज

**जबलपुर।** राज्यसभा सदस्य का नामांकन निरस्त किए जाने को चुनौती देते हुए कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन की तरफ से हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति बी.पी. शर्मा की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश से निर्वाचित तीनों राज्यसभा सदस्यों सहित अन्य अनावेदकों को नोटिस जारी किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी।

नटराजन द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि तेलंगाना की एक अदालत में एक महिला द्वारा दायर निजी परिवाद में मीनाक्षी नटराजन को प्रतिवादी बनाया गया था। इसी कारण अदालत ने उन्हें नोटिस जारी किया था। याचिका के अनुसार उनके खिलाफ न तो कोई आपराधिक मामला दर्ज था और न ही कोई आपराधिक मुकदमा विचाराधीन था।

### जंतर-मंतर विवादः बाइचुंग भूटिया की दो टूक, बोले- इससे देश की छवि खराब होती है

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल



टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने कहा है कि देश के हर नागरिक को संविधान के तहत अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का पूरा अधिकार है, लेकिन विरोध के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र या अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना न तो व्यक्ति के लिए, न समाज के लिए और न ही देश की छवि के लिए उचित है। भूटिया की यह प्रतिक्रिया हाल ही में नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान सामने आए उन वीडियो के बाद आई है, जिनमें कुछ प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाते दिखाई दिए थे।

बाइचुंग भूटिया ने कहा, 'भारत के किसी भी हिस्से में हर व्यक्ति को विरोध करने और अपनी बात रखने का अधिकार है। हर कोई अपने विचार व्यक्त कर सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर अनुचित भाषा का इस्तेमाल करना किसी व्यक्ति, समाज या पूरे देश के लिए अच्छी बात नहीं है।

### सीजेपी प्रोटेस्ट के बाद सोनाक्षी ने किया झारखंड के छात्र प्रदर्शन का समर्थन



एजेंसी न्यूज

**मुंबई।** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती में अनियमितताओं को लेकर छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। अब बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस प्रदर्शन का समर्थन किया है। जानें एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी साझा कर क्या कहा? सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो पोस्ट कर छात्रों का समर्थन किया। इसे शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, झारखंड के छात्रों पर सबकी निगाहें हैं। अपने देश के छात्रों को इस तरह की स्थिति से गुजरते देखना बेहद दुखद है।

## कामिल-फाजिल डिग्री पर रोक की तैयारी

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार मदरसों में उच्च शिक्षा पर रोक लगाने की तैयारी में है। योगी सरकार मंगलवार को कैबिनेट में एक प्रस्ताव लाने जा रही है जिसके तहत मदरसों में दी जाने वाली कामिल यानी ग्रेजुएशन और फाजिल यानी पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री पर रोक लगा दी जाएगी। प्रस्ताव पास होने के बाद मदरसों में सिर्फ 12वीं तक ही पढ़ाई हो सकेगी। इस बीच डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मदरसा शिक्षा को लेकर एक विवादित बयान दे दिया है।



मीडिया से बातचीत में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, "यह सच है कि मदरसा शिक्षा से कई बड़े आतंकवादी निकले हैं, चाहे उन्होंने भारत में हमले किए हों या दुनिया में कहीं और। यह सब मदरसा शिक्षा का ही नतीजा है।" उन्होंने कहा, "मैंने पहले भी कहा है और आज फिर दोहराता हूं कि जो कोई भी मदरसा शिक्षा लेता है, वह 'भारत माता की जय' नहीं कहता, 'वंदे मातरम' नहीं गाता और उसकी सोच आतंकवादी जैसी हो जाती है।"

फिलहाल उत्तर प्रदेश में मदरसा बोर्ड से मान्यता प्राप्त मदरसों में कामिल और फाजिल की डिग्री दी जाती है। इन्हें क्रमशः ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन के समकक्ष माना जाता है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार इन्हें बंद करने जा रही है।

दरअसल, 5 नवंबर 2024 को अंजुम कादरी बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बिना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी की गाइडलाइंस का पालन किए चलाए जा रहे उच्च शिक्षा के कोर्स बंद किए जाएं। इसी आधार पर राज्य सरकार यह कदम उठाने जा रही है।

इस बीच डिप्टी सीएम ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी पर भी हमला बोला। सपा लगातार ब्राह्मण मतदाताओं को साधने के लिए ब्राह्मण सम्मेलन और बैठकें कर रही है। इसके अलावा वह क्षत्रिय और पिछड़ा वर्ग सम्मेलन के साथ पीडीए नैरेटिव को भी आगे बढ़ा रही है।

## दो साल में 50 लाख से ज्यादा परिवारों तक पहुंची पीएम सूर्य घर योजना

### 19 लाख घरों का बिजली बिल हुआ जीरो

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना ने दो वर्ष के भीतर एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। दुनिया के सबसे बड़े



घरेलू रूफटॉप सोलर कार्यक्रम के तहत अब तक 50.06 लाख से अधिक परिवार इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। सरकार ने इसे स्वच्छ ऊर्जा मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, योजना शुरू होने से पहले बीते दस वर्षों में देशभर में केवल 7.94 लाख रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन हुए थे। वहीं, पीएम सूर्य घर योजना के तहत महज दो वर्षों में इससे कई गुना अधिक परिवारों तक सोलर ऊर्जा पहुंचाई गई है। 75,021 करोड़ रुपये के बजट वाली यह योजना दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा पहलों में शामिल हो चुकी है। सरकार के मुताबिक, इस योजना की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में हर छह दिन में करीब एक लाख परिवार योजना से जुड़ रहे हैं। पिछले नौ महीनों में इंस्टॉलेशन की रफ्तार तीन गुना से अधिक बढ़ी है। अक्टूबर 2025 में जहां प्रतिदिन औसतन 5,038 इंस्टॉलेशन हो रहे थे, वहीं जुलाई 2026 में यह संख्या बढ़कर 16,328 प्रतिदिन पहुंच गई।

जुलाई 2026 योजना के लिए अब तक का सबसे सफल महीना रहा। केवल इसी महीने 5.06 लाख परिवारों को योजना का लाभ मिला, जो किसी एक महीने में अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है।

सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (उ्इळ) के माध्यम से अब तक 28,024 करोड़ रुपये की सब्सिडी लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी है। इससे सोलर सिस्टम लगाने की लागत कम हुई है और योजना का दायरा तेजी से बढ़ा है।

मंत्रालय के अनुसार, योजना के तहत करीब 19 लाख परिवारों का बिजली बिल शून्य हो चुका है। वहीं 12 लाख से अधिक परिवारों ने अतिरिक्त बिजली ग्रिड में बेचकर वित्त वर्ष 2024-25 में 421 करोड़ रुपये की आय अर्जित की। इससे प्रति परिवार औसतन 3,500 रुपये सालाना अतिरिक्त कमाई हुई।

सरकार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ढटअ), बीपीएल और एससी/एसटी परिवारों को प्राथमिकता देते हुए चार राज्यों में 1.6 लाख इंस्टॉलेशन पूरे किए जा चुके हैं। इस मॉडल को अब 12 राज्यों में लागू करने की मंजूरी मिल गई है। योजना ने स्वच्छ ऊर्जा के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा किए हैं। अब तक 34,219 वेंडर्स का पंजीकरण हो चुका है।

## दस हजार की रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक गिरफ्तार

- भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली की टीम ने किया ट्रैप
- बीसलपुर के ईदगाह चौराहा से हुई धरपकड़, रिपोर्ट दर्ज

- जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर, पीलीभीत।** बीसलपुर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक हरि ज्ञान सिंह को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन ऑर्गनाईजेशन) की बरेली इकाई ने मंगलवार को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसकी ईदगाह



इनसेट में आरोपी राजस्व निरीक्षक, कार्यवाही के दौरान जमा हुई भीड़

चौराहा के पास से गिरफ्तारी की गई। इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

बताते हैं कि नगर के मोहल्ला हबीबुल्ला खा शुमाली के एक व्यक्ति ने मामले की शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन के अधिकारियों से की थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि राजस्व निरीक्षक हरि ज्ञान सिंह तुदाबंदी और दाखिल-खारिज के बदले 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। इसके बिना कम नहीं किया जा रहा था। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद ट्रैप टीम ने मंगलवार को बीसलपुर के ईदगाह चौराहे के पास जाल बिछाया। जैसे ही शिकायतकर्ता ने तय रकम दी, टीम ने आरोपी राजस्व निरीक्षक को रिश्वत की रकम सहित रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके पास से बरामद नोट की जांच की गई तो वह कैमिकल लगे निकले। आरोपी की धरपकड़ का पता चलते ही तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। टीम आरोपी को पकड़कर ले गई। थाने में काफी देर पूछताछ की गई और फिर निरीक्षक प्रवीण सान्याल की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई। बताते हैं कि आरोपी राजस्व निरीक्षक मूल रूप से भुता बरेली के अमलोनीपुर गाँव का रहने वाला है। वर्तमान में महेंद्र नगर बरेली रहता था। फिलहाल कार्रवाई ने एक बार फिर उजागर कर दिया है कि सख्ती के बावजूद भ्रष्टाचार पर पूरी तरह शिकंजा नहीं कसा जा सका है।

## राम दरबार दर्शन के लिए पास व्यवस्था खत्म, ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को दी बड़ी राहत

एजेंसी न्यूज

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर की दर्शन व्यवस्था को और अधिक सरल बनाते हुए राम दरबार के लिए लागू विशेष पास व्यवस्था समाप्त कर दी है। अब श्रद्धालुओं को राम दरबार के दर्शन के लिए अलग से पास बनवाने की जरूरत नहीं होगी।

सामान्य दर्शन कतार से रामलला के दर्शन करने के बाद श्रद्धालु सीधे प्रथम तल स्थित राम दरबार के दर्शन कर सकेंगे। अब तक राम दरबार के दर्शन सीमित संख्या में जारी किए जाने वाले विशेष पास के माध्यम से कराए जाते थे। नई व्यवस्था लागू होने के बाद यह प्रक्रिया पूरी तरह समाप्त कर दी गई है।

इससे दर्शन व्यवस्था अधिक सुगम होने के साथ श्रद्धालुओं का समय भी बचेगा। सावन में रामनगरी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे समय में ट्रस्ट का यह निर्णय भक्तों के लिए राहत लेकर आया है। अब उन्हें अलग से आवेदन या पास लेने की



औपचारिकता से नहीं गुजरना पड़ेगा।

मेरठ से दर्शन करने आईं श्रद्धालु निधि ने बताया कि पहले राम दरबार के दर्शन के लिए अलग पास बनवाना पड़ता था, लेकिन इस बार बिना किसी परेशानी के रामलला के साथ राम दरबार के भी दर्शन हो गए। इससे यात्रा बहुत आसान हो गई।

वहीं, मध्य प्रदेश के ग्वालियर से आए श्रद्धालु राकेश शर्मा ने कहा, नई व्यवस्था से काफी सुविधा मिली है। पहले पास की जानकारी नहीं होने से कई लोग दर्शन नहीं कर पाते थे। अब एक ही कतार से दोनों स्थानों के दर्शन हो रहे हैं, यह ट्रस्ट का अच्छा निर्णय है।

### भोट थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव का मामला

## तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत, गांव में मचा कोहराम

### -साथियों के साथ नहाने गए थे बच्चे, आधे घंटे की तलाश के बाद मिले शव

- जागरण मोर्चा कार्यालय

**भोट।** थाना क्षेत्र के बाजिदपुर गांव में मंगलवार दोपहर खेतों के किनारे बने तालाब में नहाने गए दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।बाजिदपुर निवासी आलिम (11) पुत्र हसीन और आमिर (12) पुत्र रहीस मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे गांव के तीन अन्य बच्चों के साथ तालाब में नहाने गए थे। ग्रामीणों के अनुसार सभी बच्चे तालाब में नहा रहे थे। इसी दौरान आलिम और आमिर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाने के साथ उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण सफलता नहीं मिली। इसके बाद बच्चे गांव पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों को घटना की सूचना दी।सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण तालाब पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तत्काल तालाब में उतरकर तलाश शुरू की। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।दोनों बच्चों की मौत की खबर मिलते ही परिवारों में कोहराम मच गया। जिला अस्पताल में परिजनों की चीख-पुकार सुन हर किसी की आंखें नम हो गईं। गांव



बच्चों की मौत के बाद रोते परिजन



फाइल फोटो - आमिर



फाइल फोटो - आलिम

के लोग भी बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया। देर रात तक गांव में मातम का माहौल बना रहा।घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों एवं ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली।

### दोनों परिवारों के इकलौते नहीं, लेकिन सबसे चहेते थे मासूम

ग्रामीणों के अनुसार आलिम के पिता हसीन रोजी-रोटी के लिए केरल में चाय की दुकान पर काम करते हैं। आलिम तीन भाइयों और एक बहन में तीसरे नंबर का था तथा गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था। पढ़ाई के साथ उसे खेलकूद का भी शौक था। वहीं आमिर के पिता राजमिस्त्री हैं। आमिर चार भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। वह भी प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार में पढ़ता था। एक साथ दो मासूमों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## एक नजर

### सिरौली पुलिस ने युवती को ले जाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**आंवला।** पुलिस ने युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में एक आरोपी को को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार बीती 18 जुलाई को दर्ज कराए गए मुकदमे में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसकी बेटी को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। मंगलवार दोपहर सूचना के आधार पर आरोपी महेश निवासी अशोक नगर बसारतपुर शाहपुर गोरखपुर को सिरौली के प्यास मोहल्ले के तिराहे के पास बने पेट्रोल पंप के समीप से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में युवती से प्रेम संबंध होने तथा उससे विवाह करने की बात कही है।

# बेसमेंट में चल रही नवजात नर्सरी पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के धर्मकांटा चौराहा स्थित रुद्राक्ष अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की औचक जांच में गंभीर अनियमितता सामने आई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के बेसमेंट में नवजात शिशुओं की नर्सरी संचालित होती मिली, जो निर्धारित मानकों के विपरीत पाई गई। नर्सरी में कई नवजात भर्ती थे, जिनमें कुछ की हालत गंभीर होने के कारण विभाग ने तत्काल सीलिंग की कार्रवाई नहीं की। हालांकि अस्पताल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी कर नर्सरी को तत्काल दूसरी उपयुक्त जगह स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह के निर्देश पर जिले में बेसमेंट में संचालित नर्सरी, आईसीयू और ऑपरेशन थिएटरों की विशेष जांच की जा रही है। इसी अभियान के तहत नोडल अधिकारी एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अंसारी ने सोमवार को बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित अग्रवाल के रुद्राक्ष अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान अस्पताल के रिसेप्शन के सामने बेसमेंट में नर्सरी का बोर्ड लगा मिला। टीम जब नीचे पहुंची तो वहां नवजात शिशुओं की नर्सरी संचालित होती मिली, जहां कई बच्चों का इलाज चल रहा था। निरीक्षण में पाया गया कि बेसमेंट में इस प्रकार की नर्सरी का संचालन स्वास्थ्य विभाग के निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अंसारी ने बताया कि मरीजों की सुरक्षा को देखते हुए तत्काल नर्सरी को बंद नहीं किया गया, क्योंकि वहां भर्ती बच्चों का इलाज प्रभावित हो सकता था। अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नर्सरी को शीघ्र ही मानकों के अनुरूप स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो नर्सरी को सील करने सहित नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिले के अन्य अस्पतालों में भी इसी प्रकार का निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा।

▸ मानकों के अनुरूप स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश, अवहेलना पर होगी सीलिंग की कार्रवाई

## इफको मैटेरियल गेट पर संदिग्ध अवस्था में चालक की मौत

**आंवला।** इफको प्लांट परिसर में यूरिया लोड करने आए एक ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान बदायूं के वजीरगंज अंतर्गत ग्राम पेपल निवासी राजेंद्र (55) के रूप में हुई है।वह रविवार शाम इफको फैक्ट्री से यूरिया खाद लोड करने आए थे। मार्ग डायवर्जन के कारण उन्होंने ट्रक पार्किंग में खड़ा किया था। सोमवार शाम कांटा कराने के बाद वह अचानक जमीन पर गिर पड़े। साथी चालकों की सूचना पर भमोरा पुलिस ने मंगलवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह स्पष्ट होगी। मृतक के परिवार में पत्नी सहित दो बेटे व चार बेटियां हैं।



# चेहल्लुम पर निकाले गए ताजिए, लगा मेला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** चेहल्लुम का त्यौहार परंपरागत रूप से मनाया गया। हजरत इमाम हुसैन की याद में इमामबाड़ा, मोहल्ला बाजार, अब्दुल्ला चौधरी , तथा मदार चौक आदि स्थानों के अलावा कई गांवों से भी ताजिए नगर के मुख्य मार्ग पर इकट्ठा हुए और एक के पीछे एक चलते हुए पूरे मार्ग तक घूमे। इस अवसर पर सड़क के एक ओर दुकानें सजायी गयीं जिनमें खानपान से लेकर बच्चों की मनोरंजन सामग्री तक शामिल रही। ताजिए देखने को खासी भीड़ यहाँ पहुंची। जगह जगह सबीलें लगी। ऐहतियात के तौर पर पुलिस प्रशासन चौकसी बरतता रहा। जगह जगह पुलिस कर्मी अपनी अपनी जिम्मेदारी संभाले रहे। सुरक्षा के लिहाज से ताजिए निकलने से लेकर उनकी वापसी तक बिजली आपूर्ति को बाधित रखा गया।

# पूर्व सभासद विकास गुप्ता हुए गोलोक वासी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** नगरपालिका परिषद के पूर्व सभासद विकास गुप्ता (50) परलोक वासी हो गये। इस अशुभ समाचार को मंगलवार सुबह जिसने भी सुना, स्तब्ध रह गया। देखते देखते उनके निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लग गया।



दिवंगत सभासद विकास गुप्ता।

जानकारी के अनुसार, पूर्व सभासद पिछले काफी दिनों से मधुमेह रोग से पीड़ित थे। कुशल चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार होता था। सोमवार यकायक तबियत बिगड़ जाने पर उन्हें भोजीपुरा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहाँ उपचार के दौरान उनकी सांसें थम गई। दशकों पहले राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले पूर्व सभासद हंसमुख स्वभाव के धनी थे और समाज में उनकी खास पहचान थी। उनके निधन से समाज में एक रिक्तता पैदा हो गई। वे अपने पीछे पत्नी दिव्या, बेटा शुभ तथा बेटी भूमि को छोड़ गए। केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रति निधि रवि मल्होत्रा, पालिका अध्यक्ष पति बाबी जायसवाल, राहुल गुप्ता, पूर्व सांसद बलराज पासी, ब्लाक प्रमुख अमरेंद्र सिंह गोल्डी, महेश शर्मा, दिनेश राठौड़ के अलावा तमाम सभासद व अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संतप्त परिवार वालों को ढाढस बंधाया।

## बारिश में गिरी मकान की छत, तीन घायल

**आंवला।** इस्माइलपुर गांव में मंगलवार दोपहर एक मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई, जिसके मलबे में दबकर तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, मोरपाल के मकान की छत पर सीमेंट के गाटर और पटिया पड़ी थीं, जो अचानक ढह गईं।हादसे के वक्त घर में मौजूद लखपत (50), नितेश (14) और मिथुन (12) मलबे में दब गए। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला। घायलों को मझगवां स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। तहसील टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

# नाले के विवाद में घर में घुसकर मारपीट, चार लोगों पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** थाना शाही क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी परमानंद दास ने गांव के ही चार लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना शाही में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित परमानंद दास के अनुसार, उसके घर के पास से एक नाला गुजरता है, जिससे खेतों की सिंचाई की जाती है। आरोप है कि गांव निवासी प्रदीप पुत्र प्यारेलाल अपने खेत में पानी ले जाने के लिए नाले में कटाव कर देता है, जिससे नाले का पानी उसके घर की दीवार पर एकत्र हो जाता है। इस संबंध में कई बार समझाने के बावजूद आरोपी नहीं माना। आरोप है कि 1 अगस्त को भी प्रदीप ने नाले में कटाव किया। विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। इसके बावजूद 2 अगस्त की सुबह करीब 5:30 बजे प्रदीप, दर्शन, भूरागण पुत्रगण प्यारेलाल तथा प्यारेलाल पुत्र छोबेलाल कथित रूप से घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट की। घटना में परमानंद दास के कान में चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई हरपाल के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। पीड़ित की तहरीर पर थाना शाही पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच उपनिरीक्षक अमित कुमार को सौंपी गई है।

# रकम हड़पने वाले बिल्डर पर बड़ा फैसला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फ्लैट दिलाने का सपना दिखाकर खरीदार से एडवांस राशि लेने और वर्षों तक निर्माण कार्य शुरू न करने वाले बिल्डर के खिलाफ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय ने सख्त फैसला सुनाया है। आयोग ने हिमालयन हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड और उसके पार्टनर शलभ पाठक उर्फ शलभ शर्मा को सेवा में गंभीर कमी और अनुचित व्यापारिक व्यवहार का दोषी मानते हुए खरीदार की जमा धनराशि ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है।

साथ ही मानसिक उत्पीड़न के लिए 50 हजार रुपये और वाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये अदा करने के निर्देश दिए हैं। शास्त्री नगर निवासी 62 वर्षीय सुनील कुमार सहगल ने जनवरी 2018 में रामपुर-नैनीताल रोड स्थित एक आवासीय परियोजना में करीब 32 लाख रुपये मूल्य का 1550 वर्गफीट का फ्लैट बुक कराया था। बुकिंग के समय उन्होंने आरटीजीएस के माध्यम से 3.75 लाख रुपये अग्रिम राशि जमा की थी। समझौते के अनुसार बिल्डर को तीन वर्ष के भीतर निर्माण कार्य पूरा कर फ्लैट का कब्जा देना था, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं हुआ। शिकायतकर्ता का कहना था कि बिल्डर लगातार आश्वासन देकर समय टालता रहा। अक्टूबर 2023 में भेजे गए कानूनी नोटिस का भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद दायर किया। आयोग के अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी और सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि बिल्डर 45 दिनों के भीतर खरीदार को 3.75 लाख रुपये सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाए।

इसके अतिरिक्त मानसिक पीड़ा के लिए 50 हजार रुपये तथा मुकदमे के खर्च के रूप में 10 हजार रुपये भी अदा किए जाएं। हजार रुपये भी अदा किए जाएं। इस फैसले को अधूरी परियोजनाओं और बिल्डरों की लापरवाही से जूझ रहे फ्लैट खरीदारों के लिए महत्वपूर्ण राहत माना जा रहा है। आयोग के निर्णय ने स्पष्ट कर दिया है कि ग्राहकों से धन लेने के बाद वादे पूरे न करने वाले बिल्डरों के खिलाफ उपभोक्ता कानून के तहत सख्त कार्रवाई और आर्थिक दंड दोनों सुनिश्चित हैं।

▸ एडवांस राशि ब्याज सहित लौटाने का आदेश, मानसिक उत्पीड़न पर 50 हजार रुपये हर्जाना भी देना होगा

## हाइवे पर नंदी रेस्क्यू अभियान शुरू

**मीरगंज।** कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु यातायात के लिए प्रशासन ने नेशनल हाईवे पर छुट्टा गौवंश पकड़ने का अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को टोल प्लाजा से झुमका चौराहे के बीच घूम रहे दो निराश्रित नंदियों को पकड़कर रूकमपुर गोशाला भिजवाया गया।बीडीओ आशीष पाल और एडीओ पंचायत लोकमन सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अब तक 22 छुट्टा पशुओं को गोशाला भेजा जा चुका है। हाईवे पर दुर्घटनाएं रोकने के लिए ग्राम सचिव हर्ष चौहान की टीम लगातार सक्रिय है। अधिकारियों के मुताबिक, कांवड़ियों के सुरक्षित आवागमन के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नकटिया नदी में डूबने से छह वर्षीय मासूम की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** थाना क्षेत्र के गांव रूरिया में मंगलवार को नकटिया नदी में डूबने से छह वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर तहसीलदार प्रशांत अवस्थी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की स्थलीय जांच की।

जानकारी के अनुसार, गांव रूरिया निवासी विपिन सक्सेना का 6 वर्षीय पुत्र राज मंगलवार सुबह करीब 11 बजे नकटिया नदी पर बने पुल के किनारे नाले पर शौच के लिए गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नदी में जा गिरा। गहराई अधिक होने के कारण वह पानी में डूब गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल नदी में उतरकर बच्चे को बाहर निकाला। परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना पर तहसीलदार फरीदपुर प्रशांत अवस्थी राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा घटना के संबंध में आवश्यक जांच-पड़ताल कर रिपोर्ट तैयार कराने के निर्देश दिए। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# चारपाई पर मिला बुजुर्ग महिला का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** मंगलवार को संदिग्ध अवस्था में एक वृद्ध महिला का शव घर में चारपाई पर मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सिरौली के गांव मोहर सिंह गोटिया निवासी रीना देवी (60) के पति रामप्रसाद की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। पति की मौत के बाद कृषि भूमि रीना देवी और उनके दोनों बेटे कुंवरपाल और नरेश के नाम आ गयी। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार को जमीन की पैदावार में हिस्सा न मिलने को लेकर रीना देवी और उनके बेटे कुंवरपाल ने गांव के लोगों से शिकायत की थी, जिसके बाद पंचायत बुलाई गई। पंचायत में नरेश को मां और भाई की देखभाल करने तथा उन्हें अनाज देने की सलाह दी गई। मंगलवार दोपहर रीना देवी का शव घर में चारपाई पर पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही सिरौली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करके जानकारी जुटाई। सिरौली थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है।



▸ जमीन के विवाद को लेकर सोमवार को ही हुई थी गांव में पंचायत

▸ पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी मौत की असली वजह

## बुखार का इलाज कराने पहुंची महिला की क्लिनिक पर हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर/फतेहगंज पूर्वी।** थाना क्षेत्र के गांव सरेंदा निवासी सुनीता (40) पत्नी मूलचंद्र एक निजी क्लीनिक पर दवा लेने गई थी जहां महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से मौत होने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार सुनीता कई दिनों से बुखार से पीड़ित थीं। मंगलवार को उनका देवर छंगेलाल उन्हें इलाज के लिए हरेली चौराहे स्थित क्लीनिक पर लेकर पहुंचा। आरोप है कि क्लीनिक पर महिला को बैठाकर वह घर से रुपये लेने चला गया। घर पहुंचने के बाद किसी कारणवश उसे लौटने में काफी देर हो गई। जब वह वापस क्लीनिक पहुंचा, तब तक भाभी सुनीता की मौत हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही और गलत इलाज के कारण सुनीता की जान गई। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला की हालत पहले से ही नाजुक थी और डॉक्टर ने इलाज करने से मना कर उसे दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी थी। घटना के बाद क्लिनिक संचालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि महिला की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मकड़जाल** लापरवाही से जाती जानें, पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन

# आखिर कौन रोक रहा स्वास्थ्य विभाग को कार्रवाई करने से?

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** यह कोई किसी से छिपा नहीं है कि कस्बे से लेकर गांवों तक कुकुरमुत्तों की तरह उग आए झोला छापों का मकड़जाल किस कदर फैला है। इतना ही नहीं अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटर, अस्पताल तथा मेडिकल स्टोर भी निर्बाध रूप से चल रहे हैं जहाँ बाकायदा बोर्ड भी लटक रहे हैं पर स्वास्थ्य महकमा इस सबसे बेखबर है। या कहें कि, सब कुछ जान समझकर भी आंखों में पट्टी बांध रखी है तब सवाल उठना लाजिमी है कि विभाग की आखिर क्या मजबूरी है या ऐसी कौन सी ताकत है जो कार्रवाई के रास्ते में उसका रोड़ा बन रही है?

▸ सील होने के बाद भी दोबारा खुल रहे अवैध अस्पताल, कार्रवाई पर सवाल

▸ 'सेटिंग' के खेल से बेअसर साबित हो रही स्वास्थ्य विभाग की जांच

आए दिन कहीं न कहीं से इलाज में लापरवाही के चलते मरीज की जान पर बन आने, प्रसूताओं की मौत तक हो जाने जैसी खबरें सुनने को मिल जाती हैं। सस्ते इलाज के लालच में आकर लोग भी अपनी जिंदगी को जोखिम में डाल लेने की गलती कर जाते हैं । पर, सवाल फिर वही कि स्वास्थ्य विभाग अगर इस ओर सजग रहे, अवैध स्वास्थ्य संस्थानों पर लगाम लगे तो उनके पनपने की गुंजाइश खत्म हो सकती है पर यहाँ तो उल्टा हो रहा है। गलती हो जाने पर भी कोई कार्रवाई न होने से औरों के भी हौसले बुलंद हो जाते हैं और फिर इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं।

अक्सर देखने में आता है कि किसी अवैध अस्पताल या झोलाछाप के खिलाफ मामला आने पर विभाग की ओर से जांच किए जाने की बात कही जाती है पर जांच कब हुई उसका परिणाम क्या हुआ , कोई नहीं जान पाता। नतीजतन कुछ दिनों बाद धंधा फिर अपने स्वरूप में आ जाता है। पूर्व में सील कर दिए गए क्लीनिक व अस्पताल जो छापामारी के दौरान विभाग के द्वारा ही अवैध माने गए थे, वे दुबारा किस तरह खुल गये, यह विभाग के लोगों से ज्यादा बेहतर कोई नहीं जानता।

लोगों का कहना है कि अवैध अस्पताल या क्लीनिक संचालन के पीछे सेटिंग नामक प्राण वायु है जो सब कुछ देखकर भी अनदेखा करने में मदद कर रही है। उनका कहना कि सरकार की ओर से यह सुनिश्चित किया जाए कि जिस क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों के संचालन की स्थिति हो, संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी को जवाबदारी की जद में लिया जाए। लोगों ने सामाजिक संगठनों से भी जनहित में आगे आकर अवैध संस्थानों के खिलाफ आवाज बुलंद करने की अपील की है।

# यूपी में 13 आईएएस अधिकारियों का तबादला, बरेली मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी समेत कई वरिष्ठ अफसरों को नई जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत 13 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए।

इस फेरबदल में बरेली मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी समेत कई प्रमुख अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वहीं, शंभू कुमार को बरेली का नया मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार विभिन्न मंडलों, विभागों और निगमों में नए अधिकारियों की तैनाती की गई है।

▸ शंभू कुमार बने बरेली के नए मंडलायुक्त

**प्रमुख तबादले इस प्रकार हैं—**

*1. डा. बलकार सिंह को मंडलायुक्त, गोरखपुर बनाया गया।*

*2. श्री इन्द्र विक्रम सिंह को वर्तमान पद के साथ निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।*

*3. श्री रविन्द्र को मंडलायुक्त, बस्ती नियुक्त किया गया।*

*4. श्री वैभव श्रीवास्तव को प्रबंध निदेशक, पीसीडीएफ बनाया गया।*

*5. श्री प्रकाश बिन्दु को सचिव, प्रशासनिक सुधार विभाग में तैनात किया गया।*

*6. श्री भूपेंद्र एस. चौधरी को सचिव प्रशासनिक सुधार विभाग उत्तर प्रदेश शासन*

*7. श्री शम्भू कुमार मंडलायुक्त बरेली नियुक्त किया गया।*

*8. डा. लोकेश एम. को प्रबंध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की जिम्मेदारी सौंपी गई।*

*9. श्रीमती शौम्या अग्रवाल को श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश नियुक्त किया गया।*

*10. श्री संदीप कुमार को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा नियुक्त किया गया।*

*11. श्री पुष्प राज सिंह को विशेष सचिव, गृह विभाग बनाया गया।*

*12. श्री सतीश पाल को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPSIDA) नियुक्त किया गया।*

*13. अन्य संबंधित अधिकारियों को भी नवीन दायित्व सौंपते हुए कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश जारी किए गए हैं।*

इस प्रशासनिक फेरबदल को शासन स्तर पर कार्यकुशलता बढ़ाने और विभिन्न विभागों में बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## एक नजर

### विधवा ने ससुरालियों पर उत्पीड़न का लगाया आरोप, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**बरेली।** सीबीगंज के खलीलपुर की रहने वाली मंजू साहू ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना और मकान से बेदखल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।मंजू के अनुसार, तीन वर्ष पूर्व पति सत्यपाल के निधन के बाद से सास रामवेटी, ससुर छेदालाल और ननदें उन पर घर छोड़ने का दबाव बना रही हैं। विरोध करने पर उनकी दो बेटियों से मारपीट की जाती है। आरोप है कि ससुरालियों ने उनके हिस्से की बिजली काट दी है और मकान में रहने के बदले हर महीने पांच हजार रुपये किराया मांग रहे हैं। पीड़िता सिलाई कर बच्चों का पेट पाल रही है। पूर्व में थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर उन्होंने अब उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है।

# पोते के नामकरण समारोह में खूनी बवाल, खाने को लेकर विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक का फाइल फोटो।



घटना के बारे में बताते घायल रिश्तेदार व गांव वासी। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के रधौली कला गौटिया गांव में पोते के नामकरण समारोह की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब खाने की व्यवस्था को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट में 55 वर्षीय सुखपाल की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि बीच-बचाव करने आए तीन रिश्तेदार भी घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है।

> ▸ बीच-बचाव करने आए तीन रिश्तेदार भी घायल, दो आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

परिजनों के अनुसार, सोमवार रात करीब नौ बजे सुखपाल के छोटे बेटे अवनीश के पुत्र का नामकरण समारोह चल रहा था। मेहमानों के लिए छत पर भोजन की व्यवस्था की गई थी। सुखपाल हलवाइयों के पास खड़े होकर व्यवस्थाओं की देखरेख कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कुछ लोगों से छत पर जाकर भोजन करने का अनुरोध किया, लेकिन वे वहीं हलवाइयों के पास खाना खाने की जिद करने लगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई।

> मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी विजय और मानसिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं विनोद और मुकेश अभी फरार हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। -राजकुमार सिंह, थाना प्रभारी।

आरोप है कि विवाद बढ़ने पर विजय, विनोद, मुकेश और मानसिंह, जो कथित तौर पर शराब के नशे में थे, ने सुखपाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद लाठी-डंडों से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। परिजनों का आरोप है कि हमलावरों ने उनकी गर्दन पर भी कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे लक्ष्मीचंद, सुनील और सूरजपाल भी हमले में घायल हो गए। परिजन गंभीर हालत में सुखपाल को तत्काल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही फतेहगंज पूर्वी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फरार दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मासूम की हत्या के दोषी को उम्रकैद, पॉक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत वर्ष 2020 के बहुचर्चित हत्या एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में पॉक्सो न्यायालय ने आरोपी महेश को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने विभिन्न धाराओं में सजा के साथ कुल 40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अभियोजन के अनुसार, 28 जुलाई 2020 को नवाबगंज थाना क्षेत्र में पांच वर्षीय मासूम की हत्या कर दी गई थी। विवेचना में खुलासा हुआ कि आरोपी महेश के मृतक की नाबालिग बहन से प्रेम संबंध थे। दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लेने के बाद बदनामी के डर से आरोपी ने मासूम का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद घटना को हादसा दिखाने के उद्देश्य से उसने बच्चे के शव को छत से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने मामले में हत्या, साक्ष्य मिटाने और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना पूरी करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। प्रभावी पैरवी के बाद 3 अगस्त 2026 को पॉक्सो-03 न्यायालय, बरेली ने आरोपी को धारा 302 आईपीसी में आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये के जुर्माने, पॉक्सो एक्ट की धारा 4 में 10 वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपये के जुर्माने तथा धारा 201 आईपीसी में पांच वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। सभी मामलों में कुल 40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। बरेली पुलिस के अनुसार, विवेचक, विशेष लोक अभियोजक और न्यायालय पैरवी टीम की प्रभावी पैरवी के चलते आरोपी को दोषसिद्ध कर कठोर सजा दिलाई जा सकी। पुलिस ने इसे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# कचहरी में पेशकार पर रिश्वतखोरी का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सिविल कोर्ट के अधिवक्ता जनाब आलम ने एडीएम सिटी न्यायालय में तैनात पेशकार राहुल गंगवार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों को विस्तृत शिकायत भेजी है। शिकायत में न्यायालय के कार्यों में अनियमितता, कथित भ्रष्टाचार, पक्षकारों से अवैध धन उगाही और अधिवक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए गए हैं। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत में अधिवक्ता का कहना है कि पूर्व पीठासीन अधिकारी के कार्यकाल के दौरान फूड एक्ट से संबंधित मामलों में राहत दिलाने के नाम पर पक्षकारों से बड़ी रकम ली जाती थी। आरोप है कि कई मामलों में 40 से 50 हजार रुपये तक वसूले गए, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में केवल 15 हजार रुपये जुर्माने की रसीद जारी की गई। अधिवक्ता का दावा है कि यह पूरी प्रक्रिया उनकी जानकारी के बिना संचालित होती रही। प्रार्थना-पत्र के अनुसार, 27 जुलाई को किरायेदारी विवाद से जुड़े एक मुकदमे में वकालतनामा दाखिल करने पहुंचे अधिवक्ता के साथ भी कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। आरोप है कि पेशकार ने वकालतनामा लेने से मना कर दिया, दस्तावेज वापस फेंक दिए और

> ▸ अभद्रता, अवैध वसूली और न्यायिक कार्य में अनियमितता का आरोप, निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

धमकी भरे लहजे में बात की। शिकायत में यह भी कहा गया है कि न्यायालय में तारीख लगाने के नाम पर पक्षकारों से 50 से 100 रुपये तक की कथित अवैध वसूली की जाती है। यदि कोई इसका विरोध करता है तो उसे अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। अधिवक्ता जनाब आलम ने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सच्चाई सामने लाने और आरोप सही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध सख्त विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

## पंजीकरण शुल्क को लेकर बोर्ड का स्पष्टीकरण

**बरेली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 और 11 के अग्रिम पंजीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है।

क्षेत्रीय सचिव ने बताया कि परिषद के सचिव द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, प्रति छात्र अग्रिम पंजीकरण शुल्क 50 रुपये निर्धारित किया गया है।इस शुल्क में से 40 रुपये प्रति छात्र चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा किए जाएंगे, जबकि शेष 10 रुपये विद्यालय के खाते में सुरक्षित रहेंगे। परिषद ने स्पष्ट किया कि पूर्व में जारी अन्य सभी निर्देश व शर्तें पहले की तरह ही प्रभावी रहेंगी।

# मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के जगतपुर, पुराना शहर निवासी ब्रजेश कुमार ने अपने दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष विवेचना को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में मामले की जांच निष्पक्ष ढंग से नहीं हो रही है। इस कारण उन्होंने विवेचना किसी अन्य थाने या स्वतंत्र अधिकारी को स्थानांतरित किए जाने की मांग की है।

ब्रजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने 11 जुलाई को थाना बारादरी में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी विवेचना वर्तमान में एसआई अवनीश कुमार कर रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें आशंका है कि स्थानीय स्तर पर जांच प्रभावित हो सकती है, जिससे मामले की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। शिकायत में उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब भी वह अपने मुकदमे की प्रगति जानने के लिए थाना बारादरी पहुंचते हैं, तो उन्हें स्पष्ट और संतोषजनक जानकारी नहीं दी जाती। उनका कहना है कि पुलिसकर्मी उनके साथ उचित व्यवहार नहीं करते और बिना किसी ठोस जानकारी के वापस भेज देते हैं। ब्रजेश कुमार के अनुसार, घटना में उनके भाई की मृत्यु हुए लगभग 24 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक जांच में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई है। इससे परिवार में निराशा का माहौल है और उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी जांच सुनिश्चित करने के लिए विवेचना किसी अन्य थाने अथवा स्वतंत्र अधिकारी को सौंपी जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई हो सके।

# उर्स-ए-रज़वी को लेकर ट्रैफिक प्लान लागू

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** उर्स-ए-रज़वी (आला हजरत उर्स) के दौरान लाखों जायरीनों के बरेली पहुंचने की संभावना को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। पुलिस अधीक्षक यातायात मोहम्मद अकमल खान के अनुसार 6 अगस्त की शाम 8 बजे से लेकर कार्यक्रम समाप्त होने तक शहर में चरणबद्ध तरीके से ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान भारी और हल्के वाहनों के आवागमन पर विशेष प्रतिबंध लगाए जाएंगे ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु बनी रहे। यातायात व्यवस्था के तहत दिल्ली, रामपुर, नैनीताल, पीलीभीत और लखनऊ की दिशा से आने वाले भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। उर्स अवधि में शहर के प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। वहीं रोडवेज बसों का संचालन केवल सैटेलाइट बस स्टैंड से किया जाएगा।

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि 7 और 8 अगस्त को यदि जायरीनों की संख्या अधिक रहती है तो आवश्यकता पड़ने पर ईसाइयों की पुलिया, गांधी उद्यान, चौकी चौराहा, चौपला, मिनी बाईपास, इज्जतनगर तिराहा, कुतुबखाना, इस्लामिया, किला क्रॉसिंग और कोहाड़ापीर समेत कई संवेदनशील मार्गों पर चार पहिया वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा का प्रवेश अस्थायी रूप से बंद किया जा सकता है। यातायात पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रैफिक व्यवस्था की जानकारी लेकर ही घर से निकलें तथा वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। उर्स में आने वाली बसों और अन्य वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। वहीं मीडिया प्रतिनिधियों एवं अन्य अधिकृत व्यक्तियों के वाहनों की पार्किंग जीआईसी परिसर में की गई है।

## डम्पर ने रोकी शहर की रफ्तार

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के व्यस्त IVRI रोड पर मंगलवार सुबह बजरी से भरे एक डम्पर को बीच सड़क खड़ा कर निर्माण सामग्री उतारी जाती रही। इसके कारण सड़क का बड़ा हिस्सा घिर गया और देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।यह मार्ग रेलवे स्टेशन सहित उत्तराखंड, मुरादाबाद और दिल्ली को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है। सुबह पीक आवर्स के कारण अल्मा मेटर, बीबीएल और केंद्रीय विद्यालय जैसे कई बड़े शिक्षण संस्थानों के छात्र, अभिभावक और शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंच सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मुख्य मार्गों पर व्यस्त समय में सामग्री उतारने पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# बरेली में अंतरराज्यीय बाइक चोर गैंग दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जनपद बरेली के देवरनियां थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की 12 मोटरसाइकिलें, मास्टर-की समेत 12 चाबियों का गुच्छा, तीन मोबाइल फोन और छह हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार गिरोह उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में सक्रिय था तथा विभिन्न जनपदों से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें सुनसान खंडहर में छिपाकर रखता था। पुलिस को गश्त और वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की एक संदिग्ध बाइक मिली। पूछताछ में तीन युवकों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने वसुपुरा ढाल के पास स्थित एक खंडहर में छापा मारकर गिरोह के अन्य छह सदस्यों को भी दबोच लिया। मौके से कुल 12 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं, जिनमें कई वाहन बरेली, रामपुर और उत्तराखंड के विभिन्न थानों में दर्ज चोरी के मुकदमों से संबंधित पाए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मास्टर-की की मदद से आसानी से मोटरसाइकिल चोरी करते थे। चोरी के बाद वाहनों के चेसिस नंबर मिटाकर उनकी पहचान बदल देते थे और फर्जी नंबर प्लेट लगाकर राह चलते लोगों को असली बताकर बेच देते थे। गैंग मौज-मस्ती, नशे और पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए लंबे समय से इस वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाना देवरनियां में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बरामद मोटरसाइकिलों के वास्तविक मालिकों की पहचान और अन्य चोरी की घटनाओं से गैंग के संबंधों की जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 10 हजार घूस लेते राजस्व निरीक्षक दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) बरेली मंडल की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पीलीभीत जनपद की तहसील बीसलपुर में तैनात राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) हरिज्ञान सिंह को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बीसलपुर के ईदगाह चौराहे के पास ट्रैप टीम ने रिश्वत की रकम लेते समय दबोच लिया।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन के अनुसार, आरोपी हरिज्ञान सिंह पुत्र स्वर्गीय मेवाराम मूल रूप से थाना भुता क्षेत्र के अमलोनीपुर गांव का निवासी है तथा वर्तमान में बरेली के महेंद्र नगर में रह रहा है। वह वर्तमान में तहसील बीसलपुर, जनपद पीलीभीत में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात है। इससे पूर्व वह बरेली की सदर तहसील में अमीन एवं राजस्व निरीक्षक के पद पर भी तैनात रह चुका है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता रिंकू गंगवार निवासी मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली, थाना बीसलपुर ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकायत की थी कि उनकी जमीन की तूदाबंदी एवं आख्या देने के नाम पर राजस्व निरीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत का सत्यापन करने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने ट्रैप की योजना बनाई। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल के नेतृत्व में गठित ट्रैप टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी ने शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये रिश्वत के रूप में लिए, टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना सुनगढ़ी, जनपद पीलीभीत में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है तो इसकी सूचना पुलिस उपाधीक्षक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली के मोबाइल 9454405475 अथवा प्रभारी निरीक्षक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली इकाई के मोबाइल 9454401653 पर देकर भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान में सहयोग करें।

## बरेली मंडल के नये मंडलायुक्त के रूप में शंभू कुमार संभालेंगे कमान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शंभू कुमार को बरेली मंडल का नया आयुक्त नियुक्त किया है।शंभू कुमार उत्तर प्रदेश कैडर के 2010 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी हैं और मूल रूप से बिहार के निवासी हैं। वर्तमान में वह पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (PuVVNL) में प्रबंध निदेशक (एमडी) के पद पर कार्यरत रहे थे। शंभू कुमार ने अपने प्रशासनिक करियर में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। उनकी कार्यशैली, प्रशासनिक दक्षता और प्रभावी नेतृत्व के कारण उन्हें प्रदेश के सक्षम अधिकारियों में गिना जाता है। दिसंबर 2025 में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश के तहत उन्होंने 15 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर सचिव/कमिश्नर रैंक में प्रोन्नति प्राप्त की, जो 1 जनवरी 2026 से प्रभावी हुई। अब बरेली मंडल के आयुक्त के रूप में उनकी नियुक्ति से प्रशासनिक कार्यों में नई गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। बरेली मंडल में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जैसे महत्वपूर्ण जिले शामिल हैं।

# दबंगों के खिलाफ थाने पहुंचा दलित परिवार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक दलित परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर गांव के कुछ लोगों पर जातिसूचक टिप्पणी, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता ने थाना पुलिस पर भी निष्पक्ष कार्रवाई न करने और जबरन समझौता कराने का आरोप लगाते हुए मामले में एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, गांव निवासी फुरकान, अमजद, जकी समेत अन्य लोगों से परिवार का लंबे समय से विवाद चल रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि करीब दो वर्ष पहले उसकी बहन की शादी में टेंट बुक होने के बावजूद देने से इनकार कर दिया गया था और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। शिकायत करने पर आरोपियों ने कथित तौर पर समझौता करने का दबाव बनाया और शिकायत वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि हाल ही में गांव स्थित एक वाटर सप्लाई प्लांट संचालकों से घर पर वाटर कूलर लगाने की बात कही गई तो आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अभद्रता की। विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। शिकायतकर्ता

> ▸ एसएसपी से एफआईआर दर्ज कराने की मांग, थाना पुलिस ने भी नहीं की कार्रवाई

का दावा है कि घटना का वीडियो उसके पास मौजूद है। पीड़ित ने बताया कि 23 जुलाई को हाफिजगंज थाने में शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 24 जुलाई को आरोपियों ने घर पहुंचकर दोबारा धमकाया और गांव से भगा देने की बात कही। वहीं, 25 जुलाई को दोबारा थाने पहुंचने पर पुलिस ने कथित तौर पर सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर अपनी ओर से समझौता तैयार कर दिया और उसे भगा दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह 31 जुलाई को रजिस्टर्ड डाक और 1 अगस्त को स्वयं एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दे चुका है। उसने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच, कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

# हत्या के आरोपी को बचाने के लिए तमंचे में भेजा था जेल, सांठगांठ करने वाले दो दरोगा निलंबित

## बिनावर थाना प्रभारी को एसएसपी ने कर दिया था लाइन हाजिर, जेल भेजने वाले एसआई बलवीर सिंह पहले ही हो चुके हैं निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय



एसएसपी अंकिता शर्मा।

**बदायूं।** हत्या के एक आरोपी को बचाने के लिए पुलिस कर्मियों की आपसी सांठगांठ का मामला सामने आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने कड़ी कार्रवाई की है। जांच में दोषी पाए जाने पर दो दरोगाओं को निलंबित कर दिया गया है, जबकि इससे पहले भी एक उपनिरीक्षक निलंबित हो चुका है और संबंधित थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर किया गया था। पूरे मामले ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, जनपद गाजियाबाद के थाना लोनी में दर्ज हत्या के एक मुकदमे में वांछित आरोपी की गिरफ्तारी थाना बिनावर पुलिस द्वारा दिखाई गई थी। इस गिरफ्तारी को लेकर संदेह उत्पन्न होने पर मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक (नगर)को सौंपी गई थी। जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपी को वास्तविक हत्या के मुकदमे में न भेजकर तमंचा बरामदगी के एक अन्य मुकदमे में जेल भेज दिया गया।

प्राथमिक जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर तत्काल प्रभाव से थाना बिनावर में तैनात उपनिरीक्षक बलवीर सिंह को निलंबित कर दिया गया था। साथ ही प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ को भी लाइन हाजिर किया गया था। इसके बाद मामले की विस्तृत जांच अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) को सौंपी गई।

विस्तृत जांच में और भी चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में पाया गया कि थाना फैजगंज बेहटा में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार और थाना मूसाझाग में तैनात उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह ने आपसी सांठगांठ कर आरोपी को बचाने की साजिश रची थी। आरोप है कि एसएसआई नरेंद्र कुमार ने मूसाझाग थाने के दरोगा राजकुमार सिंह से मिलकर पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया और आरोपी को हत्या के मामले से बचाने के लिए दूसरे मुकदमे में बिनावर पुलिस से जेल भिजवा दिया।

जांच रिपोर्ट के आधार पर दोनों दरोगाओं को दोषी पाया गया, जिसके बाद एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया। साथ ही पूरे प्रकरण में विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही और भ्रष्ट आचरण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे और भी कार्रवाई हो सकती है। वहीं, वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कानून से खिलवाड़ करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि आम जनता का भरोसा पुलिस पर बना रहे।

# खेत की मेड़ काटने का विरोध करने पर ग्रामीण को दी जान से मारने की धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना सहसवान क्षेत्र के एक गांव में खेत की मेड़ काटने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित विनोद कुमार पुत्र रघुवीर सिंह ने बताया कि 28 जुलाई को वह अपने खेत पर गए थे। इसी दौरान गांव लधपुरा निवासी रामेश्वर, नागर, सेठपाल पुत्रगण अन्वीर तथा अजय पाल पुत्र साहेब सिंह उनके खेत की मेड़ काट रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित के अनुसार खेत की मेड़ को लेकर पहले ही ग्रामवासियों की मौजूदगी में सीमांकन किया जा चुका था और दोनों ओर सीमेंट की पक्की खुटियां लगाई गई थीं, ताकि भविष्य में विवाद न हो। इसके बावजूद आरोपियों ने जानबूझकर मेड़ काटकर विवाद खड़ा किया।

विनोद कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी आरोपी सेठपाल द्वारा फोन पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि कॉल के दौरान आरोपी ने 24 घंटे में घर से बेघर करने और गोली मारने की धमकी दी थी। पीड़ित ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह ऑडियो कॉल रिकॉर्डिंग को डिजिटल साक्ष्य के रूप में जांच के लिए उपलब्ध कराने को तैयार हैं। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### कच्ची दीवार गिरने से घायल बुजुर्ग महिला की मौत



गमगीन माहौल में पोस्टमार्टम हाउस पर खड़े राम श्री के परिजन। –जागरण मोर्चा



मृतका रामश्री।

**बदायूं।** थाना अलापुर क्षेत्र के गांव गयोंति में कच्ची दीवार गिरने से घायल हुई 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान घर पर ही मौत हो गई। आर्थिक तंगी के चलते परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए सैफई नहीं ले जा सके। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार गांव गयोंति निवासी राम श्री (70) पत्नी बाबू राम 28 जुलाई की शाम करीब सात बजे अपने घर में थीं, तभी अचानक कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में भी महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें सैफई रेफर कर दिया, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिजन उन्हें सैफई नहीं ले जा सके और वापस घर ले आए। सोमवार देर रात करीब आठ बजे महिला ने घर पर ही दम तोड़ दिया। मृतका के परिवार की स्थिति बेहद दयनीय बताई जा रही है। करीब दस माह पहले ही उनके इकलौते बेटे की बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। परिवार में बहू और छह नाती-नातिन हैं, जिनमें दो बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटियां अविवाहित हैं और दो छोटे बेटे हैं। बहू मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रही थी। महिला की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना पुलिस ने मंगलवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रिटायर फौजी को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, बरेली ले जाते समय मौत



मृतक महेंद्रपाल सिंह।

**बिल्सी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बांस बरौलिया निवासी रिटायर फौजी महेंद्र पाल सिंह (65) पुत्र बलदेव सिंह की सड़क हादसे में घायल हो गए। उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। सोमवार शाम करीब 7:30 बजे महेंद्र पाल सिंह बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिल्सी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए बरेली रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार बरेली ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार एक व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज में व्याख्यान प्रतियोगिता आयोजित



विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान करते कॉलेज के प्राचार्य। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत स्नातकोत्तर जूनियर रेजिडेंट (पीजी जेआर) की ओर से व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, चिकित्सकों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. शिव कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को नशा मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई। उपप्राचार्य डॉ. नेहा सिंह ने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित करते हुए विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। इसमें एनाटॉमी विभाग के डॉ. अर्चित आर्य, डॉ. ऋषभ सिंह, डॉ. एतिशा चौधरी तथा कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉ. विनीत कुमार, डॉ. मोहम्मद एजाज, डॉ. कुलदीप, डॉ. नेहा मिश्रा और डॉ. मोनिश अंसारी ने नशे के दुष्प्रभावों और उससे बचाव पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किए। निर्णायकों के अनुसार डॉ. अर्चित आर्य ने प्रथम, डॉ. ऋषभ सिंह ने द्वितीय तथा डॉ. एतिशा चौधरी और डॉ. नेहा मिश्रा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. मुकत्याज हुसैन, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. लालेन्द्र यादव, डॉ. पारुल सक्सेना, डॉ. अमित कुमार सहित अनेक चिकित्सक, संकाय सदस्य तथा एमबीबीएस व नर्सिंग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हरियाणा पुलिस ने मुजरिया से दो प्रेमी युगलों को हिरासत में लिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** हरियाणा के पलवल जनपद से जुड़ा प्रेम प्रसंग का मामला मुजरिया थाना क्षेत्र तक पहुंच गया, जहां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों और दो युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ में सामने आया कि इनमें एक युवती नाबालिग है, जबकि दूसरी बालिग है। मामले की सूचना हरियाणा पुलिस को दे दी गई है, जो आगे की कार्रवाई के लिए बदायूं पहुंच रही है।

जानकारी के अनुसार, मुजरिया थाना क्षेत्र के ज्योरा पारवाला गांव के दो युवक हरियाणा के पलवल जिले के थाना पाला क्षेत्र में मजदूरी करने गए थे। इसी दौरान दोनों युवकों के अलग-अलग युवतियों से प्रेम संबंध हो गए। आरोप है कि दोनों युवतियां अपने-अपने घरों से निकलकर युवकों के साथ रहने लगीं।

मामले की जानकारी मिलने पर मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक विदेश कुमार शर्मा के निर्देशन में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चारों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि एक युवती नाबालिग है, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक विदेश कुमार शर्मा ने बताया कि पूरे घटनाक्रम की जानकारी हरियाणा के पलवल जनपद के थाना पाला पुलिस को दे दी गई है। हरियाणा पुलिस के पहुंचने के बाद चारों को नियमानुसार सुपुर्द कर दिया जाएगा और आगे की विधिक कार्रवाई वहीं की जाएगी। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# समरसता संकल्प अभियान के तहत पावन माटी का भव्य स्वागत

## संत रविदास जयंती वर्ष पर भाजपा ने समरसता का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं व अन्य सदस्य। –जागरण मोर्चा

**बिसौली।** भाजपा द्वारा संत रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में संचालित समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर मंडल में पावन माटी का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। यह पावन माटी संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) से लाई गई थी।

नगर आगमन पर पावन माटी का स्वागत विभिन्न धार्मिक स्थलों खाटू श्याम मंदिर, शिव मंदिर आसफपुर रोड, साईं मंदिर, ब्रह्मदेव वैनी महाराज मंदिर बिल्सी रोड एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर साहूकारा मोहल्ला— में श्रद्धा, आस्था एवं सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व नगरवासियों ने भाग लेकर संत रविदास के आदर्शों को नमन किया।

भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय ने कहा कि संत रविदास का जीवन सामाजिक समरसता, समानता, मानवता और सेवा का प्रेरणास्रोत है। वहीं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक ने कहा कि भाजपा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में सद्भाव को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न मठों एवं मंदिरों में संत महात्माओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सरिता वार्ष्णेय, मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक, ठाकुर रामवीर सिंह, आशीष गर्ग, पूर्व विधायक प्रतिनिधि मनोज शर्मा, रीतेश चौहान, बंटू पाठक, कृष्णा गुप्ता, सविता शर्मा, प्रतिभा सिंह, रेनू अग्रवाल, वैभव शर्मा, विकास, राहुल सिंह, अनीता शंखधार, विजय शर्मा, अमरपाल प्रजापति, रजत वार्ष्णेय, महेश शाक्य, राजेश भारद्वाज, हिमांशु सक्सेना, विमल भारद्वाज, आदेश गुप्ता, ज्ञानेश भारद्वाज, अरविंद अग्रवाल, दीपक चौहान, रूबी अग्रवाल, वीरपाल कवीर, क्रांति शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी ने पावन माटी का वंदन करते हुए संत गुरु रविदास महाराज के समरस, समानतामूलक और सद्भावपूर्ण समाज के निर्माण के संकल्प को पुनः दृढ़ किया।

# सावन के पहले सोमवार पर पंचतत्वेश्वर महादेव में उमड़ा आस्था का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिवालय में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** सावन माह के पहले सोमवार को सराय स्थित पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही कांवड़ियों और शिवभक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

सावन के पहले सोमवार का विशेष महत्व होने के कारण मंदिर परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। श्रद्धालु डीजे पर बज रहे शिवभजनों पर झूमते हुए भक्ति में लीन नजर आए। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रही। कई श्रद्धालु कछला गंगा घाट से जल भरकर पैदल कांवड़ यात्रा करते हुए यहां पहुंचे और विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सावन माह के चलते मंदिर में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन पहले सोमवार को यह संख्या कई गुना बढ़ गई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. शैलेश पाठक और अंकित पाठक ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और क्षेत्रवासियों के सुख-शांति की प्रार्थना की। उनके साथ अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में व्यवस्थाएं भी की गई थीं, जिससे दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे सराय क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया।

# दूसरे दिन पूरी हुई वादी की गवाही, 12 अगस्त को होंगे गवाहों के बयान

जागरण मोर्चा कार्यालय



एचपीसीएल प्लांट में मारे गए दोनों अधिकारी।

**बदायूं।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैंजनी स्थित एचपीसीएल के सीबीजी प्लांट में हुए दोहरे हत्याकांड मामले में जिला जज विवेक संगल की अदालत में ट्रायल के दूसरे दिन वादी की गवाही पूरी हो गई। अब अदालत ने मामले में गवाहों के बयान दर्ज करने के लिए 12 अगस्त की तारीख तय की है। इस दिन पुलिस द्वारा बनाए गए गवाहों को कोर्ट में पेश कर उनके बयान दर्ज कराए जाएंगे।

मंगलवार को दूसरे दिन भी वादी जीशान अंसारी, जो एचपीसीएल में जूनियर एग्जीक्यूटिव हैं, के बयान दर्ज किए गए। पहले दिन उनके बयान पूरे नहीं हो सके थे, जिसके चलते दूसरे दिन भी गवाही जारी रही। वादी की गवाही पूरी होने के बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तारीख निर्धारित कर दी। पुलिस ने इस मामले में कंपनी के तीन अधिकारियों समेत कई लोगों को गवाह बनाया है। घटना के समय मौके पर मौजूद एक महिला और दो पुरुष अधिकारियों के बयान पहले ही मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराए जा चुके हैं। गौरतलब है कि 12 मार्च को सैंजनी स्थित एचपीसीएल के सीबीजी प्लांट में डीजीएम सुधीर गुप्ता और डिप्टी मैनेजर हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने अजय प्रताप सिंह, अभय प्रताप सिंह, केशव सिंह, मुनेंद्र विक्रम और धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह और सहआरोपी अभय प्रताप सिंह पर एनएसए के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है।

पुलिस ने मई माह में विवेचना पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी, जिसे 24 जुलाई को स्वीकार करते हुए 3 अगस्त से ट्रायल शुरू किया गया। अब गवाहों के बयान इस मामले में आगे की कार्यवाही तय करेंगे। एचपीसीएल दोहरे हत्याकांड में ट्रायल तेज बदायूं। एचपीसीएल के सीबीजी प्लांट में हुए बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड के मुकदमे में अदालत की कार्यवाही तेजी पकड़ रही है। जिला जज विवेक संगल की अदालत में दूसरे दिन वादी की गवाही पूरी कर ली गई, जबकि अब 12 अगस्त को गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। अदालत में वादी जीशान अंसारी के बयान दो दिनों तक चले।

**आक्रोश** तीन माह बाद भी शुरू नही हुआ सड़क निर्माण कार्य

# ग्राम सुरसेना में सड़क पर धान रोपकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय



सड़क पर हुए जलभराव में धान रोपते ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

**वजीरगंज।** वजीरगंज विकासखंड के सुरसेना गांव में ग्रामीणों ने जर्जर सड़क और जलभराव की समस्या से परेशान होकर अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने वजीरगंज-आंवला मार्ग पर भरे पानी में धान की रोपाई कर सड़क निर्माण में हो रही देरी के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। विरोध का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि वजीरगंज से आंवला मार्ग का शिलान्यास लगभग तीन माह पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा द्वारा किया गया था, लेकिन अब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका है। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क पर जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग कई गांवों को संपर्क मार्ग से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। सावन माह में इसी रास्ते से हरिद्वार और कछला गंगा घाट से जल भरकर कांवड़िए सुरसेना के शिव मंदिर एवं गौरीशंकर गुलरिया मंदिर तक जलाभिषेक के लिए जाते हैं, लेकिन सड़क पर भरे पानी के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि कई बार शिकायतों के बावजूद सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ। इसके विरोध में उन्होंने सड़क पर पानी के बीच धान की रोपाई कर प्रशासन और संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है। ग्रामीणों ने शीघ्र सड़क निर्माण शुरू कराने की मांग की है।

## गुमशुदा बालक अर्पित की तलाश में जनसहयोग की अपील

**बदायूं।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) बदायूं ने गुमशुदा बालक अर्पित विश्वकर्मा की तलाश में जनसहयोग की अपील की है। प्राधिकरण के सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर से प्राप्त पत्र के क्रम में सामने आया है, जिसमें सभी राज्यों से सहयोग मांगा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्पित विश्वकर्मा (आयु लगभग 11 वर्ष), पुत्र महेश विश्वकर्मा, निवासी ग्राम पटपरा, थाना कमरजी, जनपद सीधी (मध्य प्रदेश) दिनांक 20 मई 2026 से लापता है। इस संबंध में थाना कमरजी में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत अपराध संख्या 155/2026 दर्ज किया गया है। स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जाने के बावजूद अब तक बालक का कोई सुराग नहीं लग सका है।

# घर के भीतर चल रहा सट्टे का खेल, वीडियो वायरल होने पर हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कबूलपुरा में सट्टेबाजी का भंडाफोड़, पुलिस ने मकान मालिक सहित अज्ञात पर दर्ज किया केस**

**बदायूं।** जिले में अवैध सट्टेबाजी का कारोबार बेखौफ तरीके से संचालित होने का मामला सामने आया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के कबूलपुरा इलाके में एक रिहायशी मकान के अंदर युवकों द्वारा सट्टा लगाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

वायरल वीडियो में एक कमरे के अंदर करीब पांच से सात युवक बैठे दिखाई दे रहे हैं, जो खुलेआम रुपये का दांव लगा रहे हैं। उनके सामने नकदी रखी हुई है और बिना किसी डर के सट्टेबाजी का खेल चलता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस मकान में लंबे समय से इस तरह का अवैध कारोबार चल रहा था, लेकिन किसी ने शिकायत नहीं की थी।

बताया जा रहा है कि किसी व्यक्ति ने चुपके से इस गतिविधि का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला सुर्खियों में आ गया। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है और पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आते ही कोतवाली पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर संबंधित मकान मालिक सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम वीडियो की जांच कर आरोपियों की पहचान में जुटी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

# सीडीओ के औचक निरीक्षण में महिला अस्पताल की पोल खुली, व्यवस्थाओं पर उठे गंभीर सवाल

## अल्ट्रासाउंड सेवा ठप, पंखे-एसी बंद-सीडीओ ने खामियों पर जताई कड़ी नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिला महिला चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं का अंबार मंगलवार को उस समय उजागर हो गया, जब मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) गामिनी सिंगला ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद खराब पाई गई, जिस पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव साफ नजर आया। परिसर में लगा आरओ खराब मिला, जिसके आसपास गंदगी फैली हुई थी। साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। शौचालयों की हालत खराब थी और कई जगहों पर नियमित सफाई नहीं हो रही थी। इस पर सीडीओ ने सभी शौचालयों को क्रियाशील रखने और उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


सीएमएस डॉ.शोभा अग्रवाल को फटकार लगातीं मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला।

अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करने पर यह भी सामने आया कि मरीजों और उनके तीमारदारों को भीषण गर्मी में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रतीक्षालय कक्ष, लेबर रूम तथा एसएनसीयू के प्रतीक्षालय के सामने द्वितीय और तृतीय तल पर लगे कई पंखे बंद पाए गए। इसके अलावा लेबर रूम में लगे दोनों एसी भी बंद मिले, जिससे प्रसूताओं को अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पीएनसी वार्ड के प्रतीक्षालय में भी पंखों की समुचित व्यवस्था नहीं थी।

सूत्रों के अनुसार, अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवा भी लंबे समय से ठप चल रही है, जिसके चलते मरीजों को बाहर निजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। हालांकि इस संबंध में निरीक्षण के दौरान कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई, लेकिन यह समस्या क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

सीडीओ ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल की सभी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराया जाए और जल्द से जल्द अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों और कर्मचारियों की समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

इसके अलावा सीडीओ ने महिला नसबंदी कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का प्रभावी अनुश्रवण किया जाए और लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जाए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शोभा अग्रवाल अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहीं। सीडीओ के अचानक निरीक्षण से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों में खासी हलचल देखने को मिली।

---

### एक नजर

### दवा लेने जा रहे दंपति पर हमला, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र में दवा लेने जा रहे एक दंपति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि रास्ते में कुछ युवकों ने दंपति को घेरकर पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मामले में पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला बाजारकला निवासी रामवीर पुत्र लल्लूराम ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 28 जून की रात उनका बेटा तरुण अपनी पत्नी बबिता के साथ अपने बच्चे के लिए दवा लेने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में दो युवकों ने बबिता के साथ अभद्रता शुरू कर दी। जब तरुण ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और दंपति को घेर लिया।

---

### संक्षेप समाचार

### पप्पू यादव के खिलाफ थाने में प्रदर्शन, सनातन भावनाएं आहत करने का आरोप


थाना प्रभारी को प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता।

**आसफपुर।** भारतीय हिन्दू सरकार संघ के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को फैजगंज बेहटा थाने पहुंचकर सांसद पप्पू यादव के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस को तहरीर सौंपते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर ब्रजेश सिंह द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि 31 जुलाई को नई दिल्ली स्थित संसद भवन के बाहर पप्पू यादव ने पुजारी का भेष धारण कर ऐसा कृत्य किया, जिससे सनातन धर्म के अनुयायियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह कृत्य समाज में गलत संदेश देने वाला है और इससे आक्रोश फैल रहा है। प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस को घटना से संबंधित वीडियो और अन्य साक्ष्य भी सौंपे। उन्होंने मांग की कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं में तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुनेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर विनय चौहान, जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव, मीडिया प्रभारी भूदेव शर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कार्रवाई न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। वहीं, थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### गुलड़िया में गन्ना कृषक गोष्ठी आयोजित, उन्नत खेती के दिए गुर

**बदायूं।** क्षेत्र के नगर पंचायत गुलड़िया स्थित प्राचीन शिव मंदिर के मीटिंग हॉल में गन्ना कृषकों की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में गन्ना उत्पादन बढ़ाने, उन्नत किस्मों की बुवाई तथा फसल को विभिन्न रोगों और कीटों से सुरक्षित रखने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक किसानों ने भाग लेकर विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से गन्ने की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि वैज्ञानिक सुरेश माने पाटिल ने उन्नत प्रजातियों के चयन, बीज उपचार, समय से बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रयोग और सिंचाई प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। जिला गन्ना अधिकारी जगदीश चंद्र यादव तथा चीनी मिल अधिकारियों ने किसानों को गन्ने में लगने वाले प्रमुख रोगों और कीटों की पहचान कर उनके समय रहते नियंत्रण के उपाय बताए। उन्होंने किसानों को फसल की नियमित निगरानी रखने और समस्या आने पर विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी। गोष्ठी के दौरान किसानों ने गन्ना भुगतान, फसल प्रबंधन और कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए किसानों को विभागीय योजनाओं और चीनी मिल की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने इस तरह की गोष्ठियों को उपयोगी बताते हुए इनके नियमित आयोजन की मांग की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन पति सुरेश चंद्र सिंह राठौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रूपापुर चीनी मिल के इकाई प्रमुख संजीव सिंह तोमर, महाप्रबंधक अतीउल्ला सिद्दीकी, कृषि वैज्ञानिक सुरेश माने पाटिल, गन्ना सुपरवाइजर राजेश यादव, गन्ना सचिव राजीव सिंह, ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक प्रदीप कुमार, जिला गन्ना अधिकारी जगदीश चंद्र यादव, विवेक गंगवार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### इलाज के दौरान विवाहिता की मौत, ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप


मृतका प्रियंका।

**बदायूं।** थाना क्षेत्र के ग्राम पचदियोरा दीवान नगर निवासी एक विवाहिता की इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर लगातार प्रताड़ना और मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से पोस्टमार्टम कराकर निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पचदियोरा दीवान नगर निवासी जयवीर पुत्र दयाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री प्रियंका का विवाह मई 2025 में बदायूं के मोहल्ला नेकपुर निवासी अनमोल पुत्र सौदान सिंह के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा प्रियंका को लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। जयवीर का कहना है कि मार्च माह में प्रियंका के साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इस घटना को लेकर प्रियंका ने संबंधित थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया था। इसके बाद से उसका उपचार लगातार चल रहा था। आरोप है कि उपचार के दौरान ही मंगलवार शाम प्रियंका की मौत हो गई। मृतका के पिता ने पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इस संबंध में थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में दर्ज मारपीट के मुकदमे में आरोपपत्र न्यायालय को प्रेषित किया जा चुका है। तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

---

# गौकशी साजिश ऑडियो कांड में बिसौली पुलिस के हाथ खाली, एक माह बाद भी कार्रवाई नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** दबतोरी क्षेत्र में कथित गौकशी कर पुलिस को फंसाने की साजिश से जुड़े वायरल ऑडियो मामले में एक माह बीत जाने के बाद भी बिसौली पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस न तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई कर सकी है और न ही जांच को तार्किक अंजाम तक पहुंचा पाई है। इस बीच ऑडियो में नामित लोग खुलेआम क्षेत्र में घूम रहे हैं, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

बताया जाता है कि दबतोरी क्षेत्र के संग्रामपुर, लक्ष्मीपुर, दबतोरा, पपंगांव और धनूपुरा समेत कई गांव लंबे समय से हवाला कारोबार के लिए कुख्यात रहे हैं। यहां बड़ी संख्या में युवक फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक खाते खुलवाकर करोड़ों रुपये के लेन-देन में संलिप्त बताए जाते हैं। इस कारोबार से जुड़े कई लोग कम समय में करोड़पति बन चुके हैं और उन्होंने जिले के साथ-साथ अन्य शहरों में भी संपत्तियां अर्जित की हैं।

हाल ही में संग्रामपुर में जमीन विवाद को लेकर पूर्व प्रधान और वर्तमान प्रधान पक्ष आमने-सामने आ गए थे। मामला बढ़ने पर पुलिस तक पहुंचा और कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने खुद को बचाने के लिए फोन पर बातचीत कर गौकशी की घटना कर पुलिस अधिकारियों को हटवाने की साजिश रची। यह ऑडियो किसी ग्रामीण के हाथ लगकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद संबंधित लोग फरार हो गए।

सूत्रों के मुताबिक, राजनीतिक संरक्षण के चलते मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इतना ही नहीं, ऑडियो प्रकरण के बाद चौकी इंचार्ज जितेंद्र यादव का तबादला भी हो गया। क्षेत्र में यह चर्चा है कि यदि निष्पक्ष जांच हो, तो कई प्रभावशाली लोगों और पुलिसकर्मियों की भूमिका सामने आ सकती है।

### हवाला कनेक्शन में बरेली तक पहुंचा मामला

इधर, संग्रामपुर के दो युवकों को बरेली पुलिस द्वारा जेल भेजे जाने का मामला भी चर्चा में है। जानकारी के अनुसार अय्याज नामक युवक अपने साथियों के साथ बरेली गया था, जहां उसे हिरासत में ले लिया गया। बताया जाता है कि दबतोरी चौकी पर तैनात रह चुका एक सिपाही, जो वर्तमान में बरेली एसओजी में तैनात है, ने इस कार्रवाई में भूमिका निभाई।

---

# घर से भागकर की शादी, अब बारात बुलाने की जिद पर अड़ी प्रेमिका की मां

जागरण मोर्चा कार्यालय

- दलित समुदाय के प्रेमी युगल की शादी बनी चर्चा का विषय, बारात को लेकर विवाद

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र में प्रेमी-प्रेमिका द्वारा फरार होकर शादी रचाने का मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों बालिग होने के बावजूद शादी के बाद अब बारात को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। प्रेमिका की मां ने प्रेमी के परिजनों से बारात घर पर लाकर विधिवत विदाई कराने की मांग की है, जबकि प्रेमी पक्ष ने इससे साफ इंकार कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, प्रेमी जाटव समुदाय और प्रेमिका हरिजन समुदाय से संबंध रखते हैं। दोनों ने परिवार की सहमति के बिना घर से भागकर विवाह कर लिया और अब किसी दूर शहर में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। इसी बीच प्रेमिका की मां ने सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार बारात बुलाकर बेटी की विदाई कराने की बात उठाई, जिससे मामला तूल पकड़ गया।

प्रेमिका की मां का कहना है कि वह बारात की पूरी खातिरदारी करने को तैयार हैं और सामाजिक परंपरा के अनुसार बेटी को विदा करना चाहती हैं। इस संबंध में उन्होंने कोतवाली बिसौली में शिकायती पत्र देकर पुलिस से बारात भिजवाने की मांग भी की है। इतना ही नहीं, उन्होंने क्षेत्राधिकारी (सीओ) बिसौली अंशुमन श्रीवास्तव के समक्ष भी अपनी बात रखी।

वहीं, प्रेमी के परिजनों ने बारात लाने की मांग को सिरे से खारिज कर दिया है और दोनों से दूरी बना ली है। पुलिस के अनुसार, दोनों बालिग हैं और अपनी इच्छा से विवाह कर चुके हैं। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, लेकिन बारात भिजवाने की मांग पूरी तरह निराधार है। इस पूरे घटनाक्रम ने समाज में व्याप्त भेदभाव की मानसिकता को भी उजागर किया है, जहां एक ही वर्ग के भीतर भी सामाजिक दूरी देखने को मिल रही है। फिलहाल मामले की जांच कोतवाली बिसौली में तैनात दरोगा मदन पाल को सौंपी गई है। क्षेत्र में इस प्रकरण को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

---

# रोटरी क्लब का 17वां विशाल रक्तदान शिविर आज, एसडीएम करेंगी शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय राजीव कुमार अग्रवाल की पुण्य स्मृति में बुधवार 5 अगस्त को 17वें विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर रोटरी दिनेश मधु आई हॉस्पिटल परिसर में सुबह 9 बजे से शुरू होगा, जिसका शुभारंभ एसडीएम प्रियंका गोयल द्वारा किया जाएगा।

शिविर की तैयारियों को लेकर मंगलवार को रोटरी क्लब के सदस्यों ने नगर में जनजागरण एवं संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। रोटरी दिनेश मधु आई हॉस्पिटल के चेयरमैन रवि प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान माना गया है और यह किसी के जीवन को बचाने का सबसे सरल माध्यम है।


रक्तदान शिविर में आने के लिए जागरुक करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की। वहीं विपिन अग्रवाल 'टीटू' ने कहा कि रक्त की प्रत्येक बूंद अनमोल होती है और समय पर उपलब्ध रक्त कई जिंदगियां बचा सकता है।

नगर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनोज माहेश्वरी ने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा रक्तदान करना पूरी तरह सुरक्षित है और इससे शरीर पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल मरीजों को जीवनदान मिलता है, बल्कि यह समाज सेवा का भी श्रेष्ठ उदाहरण है।

---

# यात्री शेड पर अतिक्रमण, सड़क पर खड़े होकर बस का इंतजार करने को मजबूर लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** ओरछी चौराहे से इस्लामनगर मार्ग पर बने यात्री शेड पर फल विक्रेताओं के अतिक्रमण के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शेड के आसपास फड़ लगाए जाने से वहां यात्रियों के बैठने और खड़े होने तक की जगह नहीं बची है, जिससे उन्हें मजबूरन सड़क पर खड़ा होकर बस का इंतजार करना पड़ता है।

इसी स्थान पर इस्लामनगर जाने वाली बसें नियमित रूप से रुकती हैं। चंदौसी और आसफपुर की ओर से आने वाले यात्री भी यहीं बस पकड़ते हैं, लेकिन शेड पर अतिक्रमण होने के कारण उन्हें मुख्य सड़क पर ही खड़ा रहना पड़ता है। इससे बसों के रुकते ही सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है और यातायात प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग काफी व्यस्त है और दिनभर भारी वाहनों का आवागमन बना रहता है। ऐसे में सड़क पर खड़े यात्रियों के लिए दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। कई बार बसों के रुकने और यात्रियों के चढ़ने-उतरने के दौरान अफरा-तफरी की स्थिति भी बन जाती है।


यात्री साइड के अंदर लगे फल के ठेले। -जागरण मोर्चा

लोगों ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि यात्री शेड के सामने से अतिक्रमण हटवाकर वहां यात्रियों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित इंतजाम किए जाएं, ताकि उन्हें सड़क पर खड़े होकर जान जोखिम में डालने की मजबूरी न हो।

---

**कार्यक्रम** बिसौली में चेहल्लुम जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

# चेहल्लुम पर निकला शिया समुदाय का जुलूस, कर्बला के शहीदों को किया याद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर में मंगलवार को शिया समुदाय द्वारा चेहल्लुम के अवसर पर पारंपरिक जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जुलूस के दौरान हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की कुर्बानियों को भावपूर्ण तरीके से याद किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत इमामबाड़ा कदीम में आयोजित मजलिस से हुई, जहां मौलानाओं ने कर्बला की घटना और उसके संदेश पर प्रकाश डाला। इसके बाद अंजुमन की ओर से नौहाख्वानी और मातम किया गया, जिससे माहौल गमगीन हो उठा।

मजलिस के उपरांत आलम के साथ जुलूस निकाला गया, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने मातम कर इमाम हुसैन की शहादत को याद किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।


चेहल्लुम के जुलूस में मौजूद समुदाय के लोग। -जागरण मोर्चा

जुलूस के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस मुस्तैदी के साथ तैनात रही। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।

इस मौके पर मो. रजा, सय्यद रजा, शाहिद रजा, मो. वसीम, अफरोज अब्बास, हसन इकबाल, जमाल इकबाल, साजिद अब्बास, अजहर अब्बास, इज्जत अली, इरफान अली, अता हुसैन, शावेज़ अब्बास, अब्बास जिया, फैसल, शीलू और आलिम अली सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

---

# कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया विशेष अभियान, वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने खुद संभाली कमान, कांवड़ यात्रा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

**बिसौली।** श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोतवाली पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर कांवड़ियों और उनके वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए।

पुलिस की इस पहल का उद्देश्य कांवड़ यात्रा को सकुशल और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराना है। इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु रात में भी यात्रा करते हैं, ऐसे में अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।


कावड़ यात्रा को सुरक्षित निकालने के लिए इंतजाम करते इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा टीम के साथ। -जागरण मोर्चा

उन्होंने कहा कि रिफ्लेक्टर लगाने से कांवड़ियों और उनके वाहनों की दृश्यता बढ़ जाती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कई कांवड़ियों के वाहनों पर रेडियम स्ट्रिप और रिफ्लेक्टर लगाए और उन्हें सुरक्षित यात्रा के लिए जागरूक भी किया।

इंस्पेक्टर मिश्रा ने कांवड़ियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहें और टॉर्च, रिफ्लेक्टिंग जैकेट तथा रिफ्लेक्शन स्टिकर का उपयोग जरूर करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करने की सलाह दी।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है और जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

## एक नजर

### आजम विरोधियों की पार्टी में कोई जगह नहीं: आसिम राजा

**रामपुर।** सपा नगराध्यक्ष आसिम राजा ने स्वार-टांडा प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता में कहा कि आजम खां विरोधियों की पार्टी में कोई जगह नहीं हैं। टांडा के कुछ लोग जिन्होंने भाजपा का चुनाव लड़ाया। वह सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी के जरिए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कहा कि सांसद को राजनैतिक गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं है उनके पास संवैधानिक पद है वह उस पर काम करें। पार्टी में किस को शामिल या बाहर करना है यह काम पार्टी, संगठन और जिलाध्यक्ष का हैं। मंगलवार को सपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता हुई। जिसमें नगराध्यक्ष आसिम राजा ने कहा कि जनपद रामपुर आजम खां के किला है उनकी 50 साल की मेहनत और सियासत से अब रामपुर उनके नाम से जाना जाता है। सपा सरकारों में कराए गए एतिहासिक विकास कार्य, जौहर विवि का जीता जागता सुबूत है। कहा कि पिछले दिनों सांसद ने टांडा के तससीम अहमद, सगीर अहमद, वसीम अहमद को सांसद डिम्पल यादव के जरिए पार्टी में शामिल होने की खबर अखबारों में आई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से खाद लेने जा रहे युवक की मौत, मचा कोहराम

## शहजादनगर थाना क्षेत्र का मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में हाईवे पर एक किसान के बेटे की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई।मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। शहजादनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक सोनू।



लोगों से जानकारी लेती पुलिस। -जागरण मोर्चा

घटना थाना क्षेत्र के जश्मौली गांव के समीप मंगलवार की सुबह 11 बजे की है। क्षेत्र के ही मिलक इमदाद उर्फ मिलक पीपल साना गांव निवासी काशीराम गांव में मेहनत मजदूरी खेती करके अपने परिवार को पालता है।वह धान की बुआई को लेकर सभी जगह किसान खाद के लिए सोसाइटी के चक्कर लगा रहे हैं। जिसमें से काशीराम ने भी अपने 20 वर्षीय बेटे सोनू को खेत में धान की फसल के लिए खाद लेने धमोरा स्थित सोसायटी पर खाद लेने भेजा था।सोनू बाइक से सवार होकर जैसे ही धमोरा के लिए खाद लेने निकला तो रास्ते में लोकल रोड़ पर जस्मौली गांव के समीप सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन टक्कर मारता हुआ निकल गया।जिससे वह बाइक समेत रोड पर गिर गया। जिसके चलते सुनसान रोड़ पर घायल सोनू को समय से उपचार न मिलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के कुछ देर बाद किसी का अवागमन हुआ तो घटना की जानकारी किसी तरह मृतका सोनू के परिजनों के दी गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना के बाद मां बाप और परिजनों का रोना पीटना शुरू हो गया। जिसके चलते हादसे की सूचना पर पहुंची शहजादनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटे की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मंद बुद्धि वृद्ध का शव मिलने पर फैली सनसनी

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में हाइवे पर जीरो पाइंट के समीप पुलिस को सोमवार की देर रात गश्त के दौरान लगभग 80 वर्षीय मंद बुद्धि वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जिसके चलते पुलिस ने वृद्ध के शव को हाइवे से कब्जे में ले लिया और रोड़ किनारे रख दिया। जिसके बाद आसपास क्षेत्र से समाजसेवी और ग्राम प्रधानों को बुलाया और शव की शिनाख्त करानी शुरू कर दी।

इस दौरान लोगों की भीड़ भी लग गई घंटों चली शिनाख्त प्रकिया के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल मोर्चरी में रखवा दिया। शहजादनगर थाना प्रभारी कुलदीप राणा ने बताया कि लगभग 80 वर्षीय वृद्ध का शव रोड किनारे हाइवे पर मिला है। जिसकी पहचान कराने की कोशिश की गई। लेकिन कोई शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

## संक्षेप समाचार

### रिस्पॉन्स टाइम चेक कर सीओ के निर्देश




शाहबाद के बिलारी तिराहे पर पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम चेक करते सीओ देवकीनंदन।

**शाहबाद।** रात सीओ देवकीनंदन ने शाहबाद के बिलारी चौराहे पर पहुंचकर पुलिस गाड़ियों का रिस्पांस टाइम चेक किया। इस दौरान पीआरवी 4 मिनट के भीतर मौके पर पहुंची, वहीं फैंटम मोबाइल को 5 मिनट का समय लगा। थाना मोबाइल ने निर्धारित स्थान तक पहुंचने में 6 मिनट का समय लिया।रिस्पांस टाइम की जांच के बाद क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने सभी वाहन चालकों को निर्धारित समय के भीतर घटनास्थल पर पहुंचने के लिए सराहा और रिस्पांस टाइम को ओर कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद वाहन चालकों को गाड़ियों में आवश्यक उपकरण—जैसे बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम आदि—हमेशा उपलब्ध रखने का निर्देश दिया। सीओ देवकीनंदन ने चालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी घटना की सूचना पर कम से कम समय में मौके पर पहुंचे।

### संबंध बनाने के बाद शादी से किया इंकार

**बिलासपुर।** क्षेत्र की एक युवती ने गांव के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर पांच वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाने, आपत्तिजनक वीडियो तैयार कर ब्लैकमेल करने और बाद में शादी से इंकार करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने उच्चाधिकारियों को शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।शिकायत के अनुसार युवती का गांव के एक युवक से प्रेम-प्रसंग था।आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर कई बार शारीरिक संबंध बनाए और इस दौरान उसके आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिए।युवती का कहना है कि करीब ढाई वर्ष पहले उसका निकाह स्वार क्षेत्र के एक युवक से हुआ था,लेकिन आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उस पर दबाव बनाता रहा।इससे परेशान होकर उसने निकाह के दूसरे ही दिन तलाक ले लिया और आरोपी के संपर्क में बनी रही। अब आरोपी शादी से इंकार कर रहा है और उसके परिजन भी धमकी दे रहे हैं।पीड़िता का आरोप है कि पूर्व में भी शिकायतें देने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।वहीं, उपनिरीक्षक केशू शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है।युवती का विवाह और तलाक हो चुका है।पुलिस दोनों पक्षों से बातचीत कर पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हुसैन की सदाओं के साथ निकाला गया ताजियों का जूलूस



जुलूस के साथ मौजूद पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

**सैफनी।** क्षेत्र मे हजरत इमाम हुसैन आली मकाम की याद में चेहल्लुम के ताजियों का जुलूसनिकाला गया। ताजियों का जुलूसबड़ी मस्जिद से शुरू होकर पर परंपरागत रास्तों से होते हुए अकबरपुर मार्ग पर स्थित कर्बला पर समाप्त हुआ। जहां ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया। वही बारिश होने के कारण ताजियादारों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।बारिश के चलते ताजियों का जुलूसकर्बला पर देर से पहुंचा। इस दौरान या हुसैन की सदाओं से फिजा गूंजती रही। इस दौरान ताजियादारों की ओर से हजरत इमाम हुसैन आली मकाम की शान में नातिया कलाम पेश किए गए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र पंकज पंत पुलिस की भारी संख्या के साथ तैनात रहा। जुलूस में नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान हाजी सईद अख्तर, शाहिद हुसैन वारसी, सलीम अंसारी है, एजाज कादरी आदि मौजूद रहे।

### मुख्यालय से मिली कार्ययोजना की दी जानकारी




राजकीय मुर्तजा इण्टर कॉलेज में आयोजित बैठक में शामिल डीआईओएस व अन्य

**रामपुर।** प्रादेशिक मुख्यायुक्त के निर्देशानुसार भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला कार्यकारणी की बैठक राजकीय मुर्तजा इण्टर कॉलेज में हुई। बैठक में प्रादेशिक मुख्यालय से प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की गई। 22 अगस्त को प्रधानाचार्य कार्यशाला पर विचार किया गया। माध्यमिक, सीबीएसई विद्यालयों में अधिक से अधिक नवीनीकरण पंजीकरण पर चर्चा की गई। बेसिक एडवांस कोर्स कराने के लिए चर्चा की गई। बृजेश कुमार सहायक ने प्रदेश से नवीन योजनाएं यूपी स्काउट्स केयर एवं बीएससी छात्रवृत्ति युवा संगम बीएससी स्किल प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी। जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी ने 2026-27 की कार्य योजना पढ़कर सुनाई। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट बृजेश कुमार, रीता जैसवार जिला आयुक्त गाइड, जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी, जिला मुख्यालय आयुक्त योगेन्द्र पाल सिंह, आकांक्षा सक्सेना, डॉ. रूपा अग्रवाल, भारती पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## मानदेय नहीं मिलने पर भड़के चालक, कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सीएचसी, पीएचसी और जिला अस्पताल में आउटसोर्सिंग के तौर पर तैनात चालकों को सात माह से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय नहीं मिलने पर चालकों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। चालकों का कहना है कि मानदेय नहीं मिलने पर परिवार का गुजर-बसर करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ऐसे में विभागीय जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।



मानदेय नहीं मिलने पर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते चालक। -जागरण मोर्चा

मंगलवार को समस्त चालक सीएमओ कार्यालय में एकत्र हुए। इसके बाद यहां से जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि जिस समय चालक के तौर पर तैनाती हुई है तभी ही से 32000 रुपये मानदेय तय है लेकिन 24000 रुपये मिल रहे है वह भी सात माह से नहीं मिल रहे हैं।

सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल समेत 22 चालक है जिनको 7 माह से मानदेय नहीं मिला है। कहा कि ऐसे में जिन चालकों ने वाहन फाइनेंस करा रखे है उनको किश्त अदा करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन करने वालों में नईम, आशु, गुड्डू,जसवंत, परवेज, उमेश, इमरान, रिंकू, संजय, मदन, रवि, अरशद, आकाश, निजाम, योगेश, सरताज, शहजाल, आरिफ, राजू, प्रदीप, राय सिंह, समीर, पप्पू, मसरूर आदि मौजूद रहे।

## पीएमएस चुनाव के लिए 12 नामांकन दाखिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ चुनाव के लिए मंगलवार को आठ पदों के लिए 12 नामांकन दाखिल हुए।अध्यक्ष एक,उपाध्यक्ष सामान्य दो, उपाध्यक्ष महिला एक, सचिव, कोषाध्यक्ष, केंद्रीय कार्यकारी सदस्य, संपादक के लिए पद शामिल है। इन सभी पदों पर 11 अगस्त को जिला अस्पताल की दूसरी मंजिल पर चुनाव होगा। मंगलवार को प्रक्रिया के अनुसार सुबह 9 से दोपहर दो बजे तक नामांकन किए। जिसमें अध्यक्ष डॉ.दशरथ सिंह,डॉ.सत्यपाल सिंह, उपाध्यक्ष सामान्य के दो पद के लिए डॉ. राजीव चंदेल, डॉ. सतवीर सिंह, डॉ.मणिक अग्रवाल, उपाध्यक्ष महिला एक पद के लिए डॉ. अंजू सिंह, सचिव डॉ. लखवीर सिंह, डॉ.अजीज हसन, कोषाध्यक्ष डॉ. सुभाष सिंह, केंद्रीय कार्यकारी सदस्य डॉ.पदम सिंह, संपादक के लिए डॉ. युगल किशोर, डॉ.नवीन प्रसाद ने जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.ओपी आर्य, रिटर्निंग ऑफिस डॉ.राजेश गंगवार की देखरेख में नामांकन दाखिल किए। नामांकन दाखिल करने से पहले नारेबाजी की गई। इसके बाद चिकित्सकों ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना से मुलाकात की। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.ओपी आर्य ने बताया कि प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ चुनाव में कुल 73 मतदाता है। चुनाव 11 अगस्त को होगा। मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल, 5 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच, 6 अगस्त को नाम वापसी होगी।11 अगस्त को जिला अस्पताल की दूसरी मंजिल पर बने सभागार में चुनाव होगा।



जिला अस्पताल में नामांकन दाखिल करते चिकित्सक। -जागरण मोर्चा

## शाहबाद में भारी बारिश के बीच निकला चेहल्लुम का जुलूस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** मंगलवार को शाहबाद नगर में चेहल्लुमका जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकला। जुलूस के दौरान कई बार बारिश भी आ गई। जुलूस से पहले प्रशासन ने बैठक बुलाकर ताजियेदारों तथा अमन कमेटी की बैठक में स्पष्ट निर्देश दे दिए गए थे किचेहल्लुमके जुलूस में ताजियों की लंबाई शासन के निर्देशानुसार रहेगी। नगर शाहबाद में चेहल्लुमके ताजियों का जुलूस नगर के मोहल्ला तकिया, मोहल्ला अब्बासी चौक,मोहल्ला अंसारियान और कानून गोयान आदि मोहल्लों से शुरू होकर मुख्य बाजार, कोतवाली और बजरंग चौक होता हुआ मोहल्ला तकिया के चौक में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जुलूस के दौरान पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। भारी बारिश ने मेले के मज़े को फीका कर दिया। उधर ताजियेदार ताजियों को पॉलीथिन से ढककर जुलूस में शामिल हुए। एसडीएम आदेश कुमार, सीओ देवकीनंदन और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रणवीर सिंह मय फोर्स के मौजूद रहे। चेहल्लुम पर नगर के प्राथमिक विद्यालय के पास एक मेले का भी आयोजन हुआ। जिसमें दुकानदारों ने हलवा पराठा तथा विभिन्न प्रकार की सामानों की दुकाने लगाई, मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए। हालांकि बारिश ने दुकानदारों के चेहरे लटका दिए, बारिश रुकने के बाद लोगों ने खरीदारी की।



शाहबाद में चेहल्लुम के जुलूस में ताज़िए को पॉलीथिन से ढककर ले जाते ताजियेदार।

## नए बीईओ ने किया कार्यभार ग्रहण

**रामपुर।** मिलक खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह के स्थानांतरण के बाद नवागत खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा ने मंगलवार को मिलक ब्लॉक संसाधन केंद्र पहुंचकर विधिवत अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।इस अवसर पर ब्लॉक संसाधन केंद्र कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं।उन्होने ने सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि शासन की शैक्षिक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

## मजदूरी के पैसे मांगने पर ठेकेदार ने पीटा, दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में हाईवे स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में ठेकेदार से पैसे मांगने को लेकर विवाद हो गया। जिसके चलते मजदूरी के पैसे मांगने एक मजदूर को भरी पड़ गया। जिसकी तहरीर पीड़ित ने धमोरा चौकी पुलिस को दी है। मामला धमोरा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे स्थित दमन प्लाईवुड फैक्ट्री से जुड़ा है। मिलक कोतवाली क्षेत्र के देवरिया बुजुर्ग गांव निवासी अनिल पुत्र सोमपाल ने धमोरा चौकी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। वह कुछ मिलक क्षेत्र के ही रहपुरा गांव निवासी हरीश के पास काम कर रहा था। जोकि इन दिनों दमन प्लाईवुड फैक्ट्री में लेवर की ठेकदारी कर रहा है। अनिल का आरोप है। उसने जितने दिन भी काम किया उसके पैसे नहीं दिए। उसके अनुसार काम के रुपए 15 हजार रुपए हो गए थे। जिसके बाद से उसने काम पर आना बंद कर दिया था। जब वह अपनी मजदूरी के पैसे मांगने गया तो आगबबूला हो गया। जिसके बाद देखते ही देखते ठेकेदार हरीश ने अपने तीन अन्य साथी जशपाल, लाला राम, रायसिंह ने मिलकर अनिल की पिटाई कर दी। साथ ही अनिल ने यह भी आरोप लगाया है। जब वह पैसे मांगने गया था। तब उसकी जेब में 5 हजार रुपए और चांदी की चैन गले में पहने हुआ था। जोकि हरीश ने मारपीट के दौरान छीन लिया। जिसके चलते फैक्ट्री में काम कर रही लेवर ने किसी तरह मामले को रफा दफा कर के शांत कराया। जिसकी सूचना पीड़ित ने धमोरा चौकी पुलिस को तहरीर के आधार पर दी है।

**आह्वान** मानसूनी गन्ना बुवाई में 'सिंगल बड' तकनीक अपनाने एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने की किसानों से अपील

## जिला गन्ना अधिकारी ने ग्राम अफजलपुर पट्टी में सर्वे-सट्टा प्रदर्शन का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पेराई सत्र 2026-27 के अंतर्गत गन्ना विभाग एवं चीनी मिल के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 63 कॉलम गन्ना सर्वे डाटा के ग्राम स्तरीय सर्वे-सट्टा प्रदर्शन अभियान के तहत जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने चीनी मिल स्योहारा के जोनल अधिकारी नीमेंद्र कुमार व विभागीय टीम के साथ विकास खंड मिलक क्षेत्र के ग्राम अफजलपुर पट्टी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेद प्रकाश सिंह ने किसानों से अपने-अपने सर्वे-सट्टा खातों का सावधानीपूर्वक परीक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि अथवा आपत्ति हो तो उसे मौके पर उपलब्ध आपत्ति रजिस्टर में दर्ज कर समय से निस्तारित कराया जाए। साथ ही नए सदस्यों का पंजीकरण, वारिसान दर्ज कराने तथा उपज बढ़ोत्तरी से संबंधित प्रत्यावेदन 30 सितंबर, 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करने के लिए किसानों को जागरूक किया गया। मानसूनी गन्ना बुवाई में 'सिंगल बड' (एक आँख) तकनीक अपनाने पर विशेष बल देते हुए बताया कि इस तकनीक से 60 से 70 प्रतिशत तक बीज की बचत होती है, पौधों का बेहतर जमाव होता है तथा अधिक संख्या में स्वस्थ एवं मजबूत कल्ले विकसित होते हैं।फसल में पोका बोइंग रोग का हल्का प्रभाव पाए जाने पर संबंधित कृषक को कॉपर ऑक्सीक्लोराइड के छिड़काव की सलाह दी। इसके अतिरिक्त पॉपुलर वृक्षों के बीच खड़ी गन्ने की फसल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बताया कि अत्यधिक छाया के कारण फसल का विकास प्रभावित हो रहा है। किसानों को अन्य उपयुक्त फसलों के साथ गन्ने की सहफसली खेती अपनाने का सुझाव भी दिया गया।उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा प्रधानमंत्री किसान मान-धन योजना की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में इन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया।इस अवसर पर प्रभारी सहायक परियोजना अधिकारी, क्षेत्रीय गन्ना पर्यवेक्षक तथा ग्राम बेरखेड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों के अनेक प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।



गन्ने के खेत का निरीक्षण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

## ई-रिक्शा की टक्कर लगने से बाइक सवार पुलिस कर्मी ज़ख्मी, महिला आरक्षी रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** ड्यूटी पर जाने के दौरान कोतवाली में तैनात दो पुलिसकर्मी सड़क हादसे में जख्मी हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला आरक्षी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

शाहबाद कोतवाली में तैनात महिला कांस्टेबल शीतल और कांस्टेबल कपिल बाइक पर सवार होकर कोतवाली क्षेत्र के सुहावा में चेहल्लुम के जुलूस की ड्यूटी पर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बमनपुरी गांव के पास पहुंची, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों पुलिसकर्मी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद घायल पुलिसकर्मी ने घटना की जानकारी शाहबाद कोतवाली को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली की गाड़ी द्वारा दोनों घायल पुलिसकर्मियों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। हालांकि महिला कांस्टेबल शीतल की हालत को नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया है। हादसे की सूचना मिलते ही सीओ देवकीनंदन और कोतवाली प्रभारी रणवीर सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर घायल पुलिसकर्मियों का हाल चाल जाना।



सड़क हादसे में घायल पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com





लखनऊ, बुधवार, 5 अगस्त 2026

एक नजर

### फार्म हाउस पर चौकीदारी कर रहे बुजुर्ग को सांप ने डसा

**चन्दौसी।** रहोली रोड स्थित फार्म हाउस पर चौकीदारी कर रहे बुजुर्ग को सोमवार की रात सांप ने डस लिया। फार्म हाउस संचालक अपने निजी वाहन से बुजुर्ग को सीएचसी में भर्ती कराया। थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के मोहम्मद नगर कस्बा निवासी हेमराज 65 वर्ष पुत्र चुन्नीलाल क्षेत्र के ही रहोली रोड स्थित एक फार्म हाउस में सोमवार की रात आठ बजे चौकीदारी करते समय बुजुर्ग के सीधे हाथ में सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर फार्म हाउस संचालक कासिम अपने निजी वाहन से चंदौसी सीएचसी लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने उपचार के लिए उसे भर्ती कर लिया। उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया गया।

# नपं के बाद विद्युत विभाग ने फटकारा चाबुक

## 8.63 लाख बिजली बिल वसूली के लिए दिया नोटिस, भुगतान न होने पर मीटर हटाने और आरसी जारी करने की चेतावनी

बहुचर्चित गौतम मौर्य हत्याकांड

जागरण मोर्चा कार्यालय



गौतम मौर्य हत्याकांड का मुख्य आरोपी समीर। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** कांट के चर्चित गौतम मौर्य हत्याकांड के मुख्य आरोपी समीर के परिजनों पर अब बिजली विभाग ने भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। हत्या के बाद प्रशासनिक कार्रवाई के क्रम में पहले नगर पालिका ने आरोपी के घर को अवैध निर्माण बताते हुए नोटिस चस्पा किया था, वहीं अब बिजली विभाग ने करीब 8.63 लाख रुपये के बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए नोटिस जारी किया है। बिजली विभाग के अनुसार आरोपी समीर के पिता लियाकत पर 3,71,257 रुपये और चाचा मोहम्मद शमीम पर 4,92,369 रुपये का बिजली बिल बकाया है। दोनों उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पहले भी बकाया भुगतान न होने के कारण काटे जा चुके थे, लेकिन बाद में दोबारा जोड़ दिए गए थे। अब विभाग ने नियमानुसार बकाया जमा करने के लिए नोटिस जारी किया है। अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अनिल मिश्रा ने संबंधित अवर अभियंता (जेई) को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं होने पर दोनों परिसरों के बिजली मीटर उतार लिए जाएंगे। इसके बाद मीटरों की तकनीकी जांच कराई जाएगी। यदि जांच में छेड़छाड़ या बिजली चोरी के साक्ष्य मिलते हैं तो संबंधित धाराओं में अलग से कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके अलावा बकाया राशि की वसूली के लिए रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) जारी कर तहसील भेजी जाएगी, जिसके बाद राजस्व विभाग नियमानुसार वसूली की कार्रवाई करेगा। एक्सईएन अनिल मिश्रा ने बताया कि दोनों उपभोक्ताओं पर भारी बिजली बकाया है। विभाग नियमानुसार पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए वसूली और अन्य आवश्यक कार्रवाई करेगा।

### गौतम हत्याकांड के आरोपियों को सख्त सजा के लिए डिप्टी सीएम से मिले परिजन




डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को ज्ञापन देते गौतम के परिजन। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** कांट क्षेत्र के चर्चित गौतम मौर्य हत्याकांड में ददरौल विधायक अरविंद सिंह मंगलवार देर रात मृतक के माता-पिता को लेकर लखनऊ स्थित उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सरकारी आवास पहुंचे। यहां उन्होंने 31 जुलाई को कांट-मदनापुर रोड स्थित दिलावरपुर मोड़ के पास ग्राम कमलनयनपुर में हुई जघन्य हत्या की घटना से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुलाकात के दौरान मृतक गौतम मौर्य के पिता चंद्रपाल मौर्य और माता सत्यवती ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष घटना की पूरी जानकारी देते हुए न्याय दिलाने की मांग की। परिजनों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की भी गुहार लगाई। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने घटना को बेहद गंभीर बताते हुए संबंधित अधिकारियों को समीर अली समेत सभी आरोपितों के विरुद्ध निष्पक्ष, त्वरित और कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ परिवार के साथ खड़ी है और जघन्य अपराध के दोषियों को उनके कृत्य की कठोर सजा दिलाई जाएगी। विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए वह लगातार शासन स्तर पर प्रयास कर रहे हैं और दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

### बारिश से कच्चे मकान की छत गिरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर बाबई में मंगलवार सुबह करीब 5 बजे भारी बारिश के कारण एक कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि गृहस्वामी रिजवान हैदर, पत्नी नसराना और साढ़े तीन वर्षीय बेटी सकीना आहट होते ही समय रहते बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया और पूरा परिवार बाल-बाल बच गया।हालांकि, मलबे में दबकर डबल बेड, सिलाई मशीन, ड्रेसिंग टेबल और अनाज का ड्रम सहित सारा घरेलू सामान नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार को अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। मामले में नए आए लेखपाल सुमित शर्मा और सचिव विपिन गुप्ता ने बताया कि वे जल्द ही घटनास्थल का मुआयना कर उच्च अधिकारियों को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे, ताकि पीड़ित परिवार को उचित सरकारी सहायता और लाभ दिलाया जा सके।

## मूंछों वाले शिव मंदिर में भक्तों ने की 108 दीपों की महाआरती

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी के मूंछों वाले शिव मंदिर पर आरती करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** नगर के सीता रोड स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर पर सावन के पहले दिन से चल रही 108 दीपों की महाआरती का आयोजन मंगलवार की शाम सात बजे किया गया। इसमें 108 दीपों से भगवान शिव की आरती उतारी गई।

बाबा के भक्तों ने महाआरती के अवसर पर मूंछों वाले मंदिर पर बेला, गुलाब, और गेंदा समेत अन्य फूलों से उनके अलौकिक स्वरूप का भव्य श्रृंगार किया। इसके बाद देर शाम मंदिर के पुजारी गौरव शंखधार ने बड़ी संख्या में मौजूद शिव भक्तों के साथ 108 दीपों से बाबा भोलेनाथ की महाआरती की। इस दौरान ओम जय जगदीश हरे का पाठ डमरू और शंखनाद के साथ पाठ किया गया। जिसके बाद पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया।साथ ही भोलेनाथ के जयकारे शिवभक्तों द्वारा लगाए गए। इस मौके पर राहुल शंखनाद, अभिषेक शर्मा, अतुल शर्मा, नीरज कुमार, दीपमाला शर्मा,डौली, शिवम कुमार, विमल गुप्ता, दीपक गुप्ता, उमेश सक्सेना पटौदी, कुलदीप वार्ष्णेय, राहुल वाष्र्णेय, आदि मौजूद रहे।

### फूका ट्रांसफार्मर बदलने की मांग

**खुदागंज।** क्षेत्र के ग्राम सिमोरा में पिछले एक सप्ताह से विद्युत ट्रांसफार्मर फूका पड़ा है, जिससे पूरा गांव अंधेरे में डूबा है। बिजली गुल होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए कई बार बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। अधिकारियों की इस लापरवाही से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने एक बार फिर उच्च अधिकारियों से गुहार लगाते हुए जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगवाकर विद्युत व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

## कांवड़ यात्रा के नाम पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: तनवीर

जागरण मोर्चा कार्यालय



नायव तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** कांवड़ यात्रा के दौरान लाइसेंसी होटल और मांस की दुकानों को बंद कराए जाने के विरोध में सोमवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में दर्जनों होटल व्यवसायी और लाइसेंसी मांस विक्रेता कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को सौंपकर पुलिस प्रशासन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया और कार्रवाई रोकने की मांग की। इसके बाद सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर पूरे प्रकरण से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के नाम पर उन क्षेत्रों में भी लाइसेंसी शाकाहारी एवं मांसाहारी होटल तथा मांस की दुकानों को बंद कराया जा रहा है, जहां से कांवड़ यात्रा का कोई मार्ग नहीं गुजरता। इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भी सौंपा गया। तनवीर खान के अनुसार जिलाधिकारी ने मामले का तत्काल समाधान कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि पुलिस द्वारा गैर-कांवड़ मार्गों पर संचालित लाइसेंसी प्रतिष्ठानों को जबरन बंद कराने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि होटल व्यवसायियों और दुकानदारों की आजीविका प्रभावित न हो। तनवीर खान ने कहा कि पुलिस कांवड़ यात्रा के नाम पर गरीब लोगों की रोजी-रोटी से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर केवल शाकाहारी भोजन परोसने वाले होटलों पर भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महानगर के साथ-साथ कटरा, जलालाबाद, तिलहर, निगोही, पुवायां, कांट सहित उन सभी क्षेत्रों में, जहां कांवड़ मार्ग नहीं है, होटल और मांस की दुकानें नहीं खुलवाई गईं तो समाजवादी पार्टी आंदोलन शुरू करेगी। सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में कांवड़ मार्ग नहीं है, वहां जिला प्रशासन द्वारा सप्ताह में निर्धारित शनिवार, रविवार और सोमवार की बंदी का पालन कराया जाए तथा शेष चार दिन दुकानों और होटलों को खुला रहने दिया जाए, ताकि व्यवसायियों की रोजी-रोटी प्रभावित न हो। उन्होंने पुलिस से अनावश्यक कार्रवाई से बचने की अपील की। इस दौरान प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, जिला सचिव देवेंद्र मिश्रा एडवोकेट, बबल किशोर वाल्मीकि, विक्रम सिंह, राजीव शर्मा, नदीम अहमद एडवोकेट, मोहम्मद अकरम कुरैशी, नदीम, आसिफ कुरैशी आदि रहे।




भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी काशी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

## घर-घर जाकर लोगों को जोड़ने का काम करेगी पार्टी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी काशी की बैठक गांव नगला पूर्वा में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि रमेश गंधर्व प्रदेश सचिव/ मंडल प्रभारी मुरादाबाद मौजूद रहे उन्होंने कहा की सभी कार्यकर्ता बूथ कमेटी और सेक्टर को मजबूत करें और कहा कि देश की सरकार आरक्षण विरोधी है हमें आरक्षण को बचाना है और गांव गांव जाकर जनता को जोड़ने का काम करना है कहां कि 2027 में आजाद समाज पार्टी की सरकार बनेगी इस अवसर पर रवेन्द्र भाटीया महानगर प्रभारी मुरादाबाद, जिला अध्यक्ष शहजाद खान, सम्भल गोविंद सागर भीम आर्मी जिला संभल, रवि कुमार बौद्ध जिला कार्यालय प्रभारी, विक्रम सिंह विधानसभा उपाध्यक्ष, सुरेश सूर्यावंसी सेक्टर प्रभारी, रोविनस कुमार, लक्की सिंह सेक्टर प्रभारी, सुभाष चंद्र सागर विधानसभा अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संयुक्त कार्यालय एवं राजस्व अभिलेखागार में संचालित कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराए जाएं तथा कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ आमजन को बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।

## छात्रों की सुरक्षा को लेकर की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय




स्कूली छात्रों की सुरक्षा के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते व्यापारी।

**शाहजहांपुर।** शहर के निजी और सरकारी स्कूलों के बाहर विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। संगठन ने स्कूलों के बाहर स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेतक, स्टील रेलिंग और छुट्टी के समय सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाने की मांग उठाई। जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा कि हाल ही में हथौड़ा चौराहा स्थित रेती रोड पर संजय सरस्वती विद्या मंदिर के एक छात्र की पिकअप की टक्कर से मौत हो गई थी। इस घटना ने स्कूलों के बाहर यातायात सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश विद्यालयों के सामने स्पीड ब्रेकर नहीं होने से बच्चों की जान हमेशा जोखिम में रहती है। प्रत्येक स्कूल के बाहर दोनों ओर करीब 10 मीटर की दूरी पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की गई। महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन अख्तर ने कहा कि स्कूल से 20 मीटर पहले सड़क पर सफेद चेतावनी पट्टियां बनाई जाएं, 20 किलोमीटर प्रति घंटा की गति सीमा दर्शाने वाले बड़े संकेतक लगाए जाएं और विद्यालय की दीवार के सामने स्टील रेलिंग स्थापित की जाए, ताकि बच्चे अचानक सड़क पर न पहुंच सकें। जिला महामंत्री सुशील गुप्ता ने कहा कि स्कूलों की छुट्टी के समय प्रत्येक विद्यालय के बाहर दो सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं। व्यापार मंडल ने प्रशासन से सभी सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर 15 दिनों के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने की मांग की।

### गौतम मौर्य के परिजनों से मिले जिपं सदस्य

**शाहजहांपुर।** जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा ने ग्राम कमलनयनपुर पहुंचकर मृतक गौतम मौर्या के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की।

उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए सपा सांसद नीरज मौर्य से फोन पर वार्ता कराई, जिन्होंने हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। नीरज मिश्रा ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अपराधी का कोई धर्म या जाति नहीं होती। इसलिए इस घटना को सांप्रदायिक रंग देने के बजाय सभी को एकजुट होकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना चाहिए।


## क्लासीफाइड

### संबंध विच्छेद

मैंने एवं मेरी पत्नी ने अपने पुत्र अचल मिश्रा उर्फ लालू को गलत आचरण एवं हमारे प्रति अभद्र व्यवहार से तंग आकर संबंध विच्छेद कर लिया है। अब हमारा अचल मिश्रा उर्फ लालू से किसी प्रकार को कोई भी रिश्ता नाता नहीं है। उसके किसी भी कृत्य, लेन-देन, वाद विवाद आदि से हमारा कोई वास्ता नहीं होगा। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

-राम कृष्ण मिश्रा पुत्र श्री शिवशंकर लाल मिश्रा व गीता देवी पत्नी श्री राम कृष्ण मिश्रा, निवासी मो. साहूकारा लाइनपार पूरनपुर देहात क्षेत्र थाना पूरनपुर तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत

### संबंध विच्छेद

हमने हमारे भाई अचल मिश्रा उर्फ लालू को गलत आचरण एवं हमारे प्रति अभद्र व्यवहार से तंग आकर संबंध विच्छेद कर लिया है। अब हमारा अचल मिश्रा उर्फ लालू से किसी प्रकार को कोई भी रिश्ता नाता नहीं है। उसके किसी भी कृत्य, लेन-देन, वाद विवाद आदि से हमारा कोई वास्ता नहीं होगा। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

-प्रभात मिश्रा व विकास मिश्रा पुत्र श्री रामकृष्ण मिश्रा, निवासी हाउस नं. 266, पूरनपुरदेहात 04, निकट आनन्द आश्रम स्कूल थाना व तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत

### बिकाऊ है

तीन मंजिल दुकान ब्लॉक रोड मुथूट फाइनेंस के सामने गली में रोड से दूसरी दुकान जिसका एरिया 12 फीट रोड फ्रंट और गहराई 9 :30 फिट है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें मोबाइल नंबर 9627 739 857

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम RAHUL KUMAR AGARWAL से बदलकर RAHUL AGRAWAL रख लिया है। भविष्य में मुझे राहुल अग्रवाल के नाम से जाना व पहचाना जाए।

-राहुल अग्रवाल पुत्र श्री प्रफुल्ल अग्रवाल निवासी सं.-1, मौ. रुस्तगी चन्दौसी, तहसील चन्दौसी, जिला सम्भल


## भरोसा जीत कर जेवर उड़ानें वाला गिरोह पुलिस गिरफ्त में

जागरण मोर्चा कार्यालय



टप्पेबाज गिरोह के सदस्य पुलिस गिरफ्त में। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना पुलिस और एसओजी सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए धार्मिक अंधविश्वास का सहारा लेकर लोगों को ठगने वाले अंतरजनपदीय टप्पेबाज गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 84 हजार रुपये नकद, लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण, अवैध तमंचा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त एक्सयूवी-500 कार और अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरोह का एक सदस्य अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस के मुताबिक 28 जुलाई को रोजा क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर देकर बताया था कि कुछ लोग उसके घर पहुंचे और घर में साया होने की बात कहकर उसे अपने झांसे में ले लिया। आरोपियों ने धार्मिक अनुष्ठान और अंधविश्वास का हवाला देते हुए महिला का विश्वास जीत लिया। इसके बाद उसकी स्मरण शक्ति प्रभावित कर अलमारी में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले के खुलासे के लिए रोजा पुलिस और एसओजी सर्विलांस टीम को लगाया गया। जांच और सर्विलांस के दौरान मुखबिर की सूचना पर शनिवार को इटोरिया नहर के पास घेराबंदी कर रायबरेली निवासी मोहम्मद कलीम, मोहम्मद ईसराईल और आरिफ अली को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे धार्मिक बातों और अंधविश्वास का सहारा लेकर लोगों का भरोसा जीतते थे। मौका मिलते ही घरों में रखे जेवरात और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 84 हजार रुपये नकद, करीब पांच से सात लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण, एक अवैध तमंचा, दो कारतूस, एक्सयूवी-500 कार, अपाचे मोटरसाइकिल समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह का एक अन्य सदस्य मोहर्रम अली अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और प्रदेश के विभिन्न जिलों में की गई वारदातों का भी ब्योरा खंगाल रही है।

### आपत्तिजनक पोस्टः हियुवा कार्यकर्ता थाने पहुंचे

**पुवायां (शाहजहांपुर)।** सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली कथित फेसबुक पोस्ट के विरोध में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता सोमवार को पुवायां थाने पहुंचे। जिलाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपी के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए बरेली मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा भी थाने पहुंचे। पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी देवी-देवता का अपमान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान शांतनु वैश्य, शुभम मिश्रा, पवन मिश्रा और रजत सक्सेना सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रोडवेज ने ई-रिक्शा मे मारी टक्कर एक मजदूर की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मुरादाबाद जनपद क्षेत्र के थाना बिलारी क्षेत्र की पुलिस चौकी सहसपुर के पास रोड व्हीलर में आगे जा रही ई-रिक्शा को टक्कर मार दी हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया घटना से परिवार में कोहराम मच गया।थाने में तहरीर देने की तैयारी चल रही थी।

थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अकरौली निवासी बेगराज पुत्र टीकाराम व बलराम पुत्र रघुवीर जाटव मुरादाबाद में मजदूरी का कार्य करते हैं रोजाना की तरह दोनों सोमवार की शाम कार्य खत्म करके वहां से बिलारी पहुंचे यहां से दोनों मजदूर ई-रिक्शा में सवार होकर अकरौली जा रहे थे पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी हादसे में दोनों मजदूर व अन्य लोग घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए बिलारी के सीएचसी में भर्ती कराया गया घटना की सूचना मिलने पर घायलों के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए दोनों मजदूरों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें रेफर कर दिया परिजन घायलों को उपचार के लिए बरेली ले जा रहे थे रास्ते में सोमवार रात 10 बजे घायल बेगराज ने दम तोड़ दिया घटना से परिजनों में कोहराम मच गया जबकि दूसरे मजदूर का उपचार निजी अस्पताल में कराया जा रहा है मंगलवार को घटना की तहरीर देने की तैयारी चल रही थी।

## गीता सार



योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः।
एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः॥

भावार्थ : ऐसा मनुष्य निरिंतर मन सहित शरीर से किसी भी वस्तु के प्रति आकर्षित हुए बिना तथा किसी भी वस्तु का संग्रह किए बिना परमात्मा के ध्यान में एक ही भाव से स्थित रहने वाला होता है।

# समुद्र मंथन योजना

केंद्रीय कैबिनेट ने हाल ही में भारत की समुद्र मंथन योजना के लिए 84084 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। देशभर के विशेषज्ञ इसे भारत की उस दूरगामी योजना का हिस्सा बता रहे हैं, जिसके जरिए तेल-गैस की आपूर्ति के लिए सरकार विदेश पर निर्भरता घटा सकती है। पेट्रोलियम मंत्रालय को समुद्र की गहराइयों में स्थित तेल-गैस के भंडारों को खोजने के लिए दिए जाने वाले फंड के जरिए सरकार अब तक कुछ हद तक अनछुए और जोखिम भरे डीपवॉटर एक्सप्लोरेशन को बढ़ावा देने पर विचार कर रही है। सरकार की समुद्र मंथन योजना, जिसे डीपवॉटर एक्सप्लोरेशन मिशन या राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना भी कहा जा रहा है, भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी रणनीतिक पहल है। इसका मकसद गहरे समुद्र के नीचे छिपे कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और महत्वपूर्ण खनिजों के भंडार का पता लगाना और उनका



उत्पादन करना है। 31 जुलाई को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना के लिए 84084 करोड़ रुपए के भारी-भरकम निवेश को मंजूरी दी है, जिसका इस्तेमाल वित्तीय वर्ष 2030-31 तक किया जाना तय हुआ है। हाइड्रोकार्बन यानी तेल-गैस को जमीन के नीचे खोजना अपने आप में एक जटिल, ज्यादा खर्चीला और समय लेने वाला काम है। आम तौर पर इसमें पांच से 10 साल का समय तक लग सकता है। वह भी उन जगहों पर, जहां पहले से ही खनन के लिए ब्लॉक का आवंटन किया जा चुका हो। दूसरी तरफ डीपवॉटर यानी समुद्र की गहराइयों में तेल-गैस की खोज आम भूमि से तेल-गैस खोजने के मुकाबले में और भी मुश्किल है। इसकी वजह यह है कि पानी की गहराइयों में उतरना कठिन है और इसके लिए ज्यादा आधुनिक तकनीक-निवेश की जरूरत पड़ती है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने भारत में समुद्री क्षेत्र में तेल-गैस मिलने की संभावना जताई है। खासकर कृष्णा-गोदावरी, कावेरी, महानदी जैसे बेसिन और अंडमान में समुद्री क्षेत्र के करीब। इन्हीं क्षेत्रों में सरकार आने वाले समय में तेल-गैस के कुएं खोजने पर काम कर सकती है। सरकारी अनुमानों के मुताबिक समुद्र की गहराई में ऐसे किसी भी तेल-गैस के भंडार खोजने और इन्हें कुएं के तौर पर विकसित करने में 1200 करोड़ से 1500 करोड़ रुपए (125 मिलियन डॉलर से 150 मिलियन डॉलर) तक का खर्च आ सकता है। इस पूरे मिशन की खास बात यह है कि तेल-गैस भंडार को खोजना अपने आप में संभावनाओं का खेल है। यानी ऐसी परियोजनाएं जोखिम भरी और महंगी होती हैं, जिसकी वजह से निजी कंपनियां इससे दूर रहती हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार अब खुद इसके लिए आगे आई है। केंद्र की ओर से जारी बयान के मुताबिक समुद्र के अंदर तेल-गैस के भंडार खोजने के जोखिम और खर्च को देखते हुए सरकार खुद ही सतत निवेश को बढ़ावा दे रही है, ताकि भारत को तटीय क्षेत्र में छिपे ईंधन और खनिज संसाधनों का फायदा उठाने में मदद मिले।

# इस बार बेटियों ने लिखा गोल्डन चैप्टर



**वीना गौतम**

> 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के प्रदर्शन का सबसे चमकदार पहलू केवल पदकों की संख्या नहीं रही बल्कि वह संदेश रहा, जो भारतीय बेटियों ने पूरी दुनिया को दिया। भारत ने जितने स्वर्ण पदक जीते, उनमें 61 फीसदी से ज्यादा का योगदान बेटियों का रहा। भारत ने इन खेलों में कुल 13 गोल्ड मेडल जीते, जिनमें से 8 गोल्ड मेडल लड़कियों के खाते में रहे। ग्लासगो में 11 दिन तक चले कॉमनवेल्थ गेम्स में इस बार हम 39 मेडल जीते, जिनमें 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रांज रहे। इस तरह भारत पदक तालिका में चौथे नंबर पर रहा। तीसरे नंबर पर कनाडा, दूसरे नंबर पर इंग्लैंड और पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया रहा। पदकों की संख्या के लिहाज से भले भारत के खाते में सम्पूर्णता के लिहाज से यह बड़ा प्रदर्शन न हो, लेकिन तब यह बहुत ऐतिहासिक बन जाता है, जब 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स में कुल 10 खेल शामिल रहे हों और वे तमाम खेल इसका हिस्सा न रहे हों, जिनमें हमारी स्थिति हमेशा बेहतर रहती है।

जैसे- कुश्ती, बैडमिंटन और क्रिकेट। भारत ने चौथे स्थान पर आकर किस तरह चमकदार प्रदर्शन किया है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हमारे 69 प्रतिशत मेडल कुल तीन खेलों में आए हैं- बॉक्सिंग में 10, एथलेटिक्स में 9 और वेटलिफ्टिंग में हमें 8 पदक मिले हैं।

पिछले बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में हमने 22 गोल्ड समेत कुल 61 मेडल जीते थे, लेकिन तब प्रतियोगिता में शामिल कुल खेलों की संख्या 16 थी और इस बार सिर्फ 10। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार हमारी सफलता कितनी खास थी। 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स शुरू होने के पहले भारतीय ओलंपिक संघ और विभिन्न खेल महासंघों की इंटर्नल रिपोर्ट में भारत को 6 गोल्ड सहित कुल 31 मेडल मिलने का अनुमान लगाया गया था। इस तरह देखें तो भारतीय खिलाड़ियों ने अनुमान से दोगुना ज्यादा गोल्ड जीते और इस ऐतिहासिक प्रदर्शन का दरोमदार भारतीय महिला खिलाड़ी रहीं। भारत को सबसे ज्यादा उम्मीदें बॉक्सिंग और वेटलिफ्टिंग से थीं और वास्तव में इन्हीं दो खेलों ने भारत की झोली पदकों से भर दी। बॉक्सिंग तो इन खेलों में भारत का सबसे चमकदार खेल बनकर उभरा, जहां 14 मुक्केबाजों के दल में से 10 खिलाड़ी मेडल जीतकर लौटे और इसमें भी 7 गोल्ड मेडल और 3 सिल्वर मेडल रहे यानी मेडल कन्वर्जन रेट 71 फीसदी रहा। जबकि बर्मिंघम में यह आंकड़ा 58 फीसदी ही था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि हमने बॉक्सिंग में जो 7 गोल्ड मेडल जीतें, उनमें 5 मेडल महिला खिलाड़ियों ने जीते। प्रीति पवार ने 54 किलो श्रेणी में, जैस्मिन लांबोरिया 57 किलो श्रेणी में, साक्षी चौधरी 51 किलो श्रेणी में, प्रिया घंघास 60 किलो श्रेणी में और अरुंधति चौधरी ने 70 किलो श्रेणी में गोल्ड मेडल जीते। जबकि दो गोल्ड मेडल पुरुष खिलाड़ियों ने जीते, सचिन सिवाच 60 किलो श्रेणी में और अंकुश पंघाल 80 किलो श्रेणी में। इनके अलावा महिलाओं में लवलीना बोरगेहन ने 75 किलो श्रेणी में सिल्वर पदक, जबकि पुरुषों में जादूमणि सिंह ने 55 किलो श्रेणी



इमेज

और नरेंद्र बेरवाल ने 90 किलो से ज्यादा की कैटेगिरी में सिल्वर पदक जीते। इस मेडल टेली में चमकती भारतीय महिला खिलाड़ियों ने दुनिया को दिखा दिया है कि जैसे-जैसे भारत में सामाजिक बदलाव करवट ले रहा है, वैसे-वैसे भारत खेल के नक्शे में जो एक ताकत बनकर उभर रहा है, उसके केंद्र में भारतीय बेटियां हैं। याद रखिए भारतीय बेटियों ने यह उपलब्धि यूं ही नहीं हासिल किया, इसके लिए वो परिवार, समाज, परिस्थितियों और संसाधनों से जबर्दस्त संघर्ष करके आगे बढ़ी हैं। 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं की यह सफलता हमें याद दिलाती है कि अगर उन्हें अवसर, संसाधन और भरोसा मिले तो वह केवल पुरुषों की बराबरी ही नहीं करती बल्कि अधिकतर बार अपेक्षाओं से कहीं आगे निकल जाती हैं। भारत में खेलों के इतिहास को देखें तो अभी डेढ़-दो दशक पहले तक हमेशा पुरुषों का वर्चस्व रहा है। हर खेल में पुरुष खिलाड़ियों का दबदबा रहा है। लेकिन इसका मतलब लड़कियों में प्रतिभा का न होना नहीं था बल्कि भारतीय समाज में अवसरों के असमान वितरण के कारण ऐसा था। गांवों, कस्बों में आज भी अवसरों का असमान वितरण है। यहां आज भी प्रतिभाशाली लड़कियां केवल इसलिए खेल छोड़ देती हैं, क्योंकि परिवार उन्हें बाहर भेजने से डरता है। प्रशिक्षण केंद्र दूर हैं, महिला कोच नहीं हैं या आर्थिक स्थिति साथ नहीं देती। ऐसे माहौल में जो बेटियां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचती हैं, उनकी उपलब्धियों का ईमानदारी से आंकलन करें तो वह पुरुष खिलाड़ियों से कई गुना ज्यादा बड़ी होती हैं। भारत के खेल परिदृश्य में महिलाओं की ध्यान आकर्षित करने वाली उपस्थिति पिछले डेढ़ दशक में बनी है, जब बैडमिंटन में सानिया नेहवाल और पीवी सिंधू, मुक्केबाजी में मैरी कॉम, कुश्ती में साक्षी मलिक और विनेश फोगाट भारत्तोलन में मीरा बाई चानू तथा एथलेटिक्स में कई उभरती महिला धाविकाओं ने चमकदार प्रदर्शन दिखाना शुरू किया। आज स्थिति यह है कि आधा दर्जन से ज्यादा खेलों में भारतीय लड़कियां दुनिया की सर्वेश्रेष्ठ खिलाड़ियों को कहीं भी और कभी भी चुनौती दे सकती हैं। महिला खिलाड़ियों की इन सफलताओं ने लाखों बेटियों को खेल के मैदान पहुंचने की प्रेरणा दी है। 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स ने इसी परिवर्तन को और मजबूत ढंग से दुनिया के सामने प्रदर्शित किया है। जब किसी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदकों का बड़ा हिस्सा महिला खिलाड़ियों के खाते में आता है, तो वह केवल आंकड़ा नहीं होता। यह इस बात का सबूत होता है कि आधी आबादी अब खेलों में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर नहीं बल्कि उनसे एक कदम आगे चल रही है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि समान अवसर मिलने पर भी महिला खिलाड़ियों को पुरुषों के मुकाबले अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं की इस शानदार सफलता को सिर्फ तालियां बजाकर स्वागत भर न करें बल्कि उसे नीति निर्माण का आधार बनाएं। भारत यदि वास्तव में खेल महाशक्ति बनना चाहता है, तो महिला खिलाड़ियों को केंद्र में रखकर नई रणनीति तैयार करनी होगी। इसके लिए उन्हें सुरक्षित वातावरण और आधुनिक खेल सुविधाएं देनी होगी।

## श्रीरामचरितमानस



असि पन तुम्ह बिनु करइ को आना।
रामभगत समरथ भगवाना॥
सुनि नभगिरा सती उर सोचा।
पूछा सिवहि समेत सकोचा॥3॥

भावार्थ : आपको छोड़कर दूसरा कौन ऐसी प्रतिज्ञा कर सकता है। आप श्री रामचन्द्रजी के भक्त हैं, समर्थ हैं और भगवान् हैं। इस आकाशवाणी को सुनकर सतीजी के मन में चिंता हुई और उन्होंने सकुचाते हुए शिवजी से पूछा- ॥3॥

एक साड़ी में छिपे

# हजारों धागों की कहानी..!

**नरेंद्र शर्मा**

अलमारी में टंगी एक सुंदर साड़ी पहली नजर में केवल रंगों, डिजाइन और कपड़े का मेल दिखाई देती है। कोई उसकी चमक की तारीफ करता है, तो कोई उसकी बारीक बुनाई की। लेकिन बहुत कम लोग सोचते हैं कि इस साड़ी के हर धागे में किसी बुनकर की उंगुलियों की मेहनत, उसकी आंखों की रोशनी, उसके परिवार की उम्मीदें और पीढ़ियों से चली आ रही एक सांस्कृतिक विरासत छिपी हुई है। सच तो यह है कि एक हथकरघा साड़ी केवल एक परिधानभर नहीं होती, अपने आपमें एक जीवंत कहानी होती है- संघर्ष, धैर्य और सृजन की कहानी। भारत सदियों से हथकरघा परंपरा का विश्व गुरु रहा है। बनारस की रेशमी साड़ियां, बंगाल की जामदानी, मध्य प्रदेश की चंदेरी, तमिलनाडु की कांचीवरम, तेलंगाना की पोचमपल्ली और असम की मूगा सिल्क। हर क्षेत्र की अपनी एक अलग पहचान है, एक अलग कहानी है। इन सबकी खूबसूरती केवल उनके रंगों में नहीं बल्कि उनकी सांस्कृतिक स्मृतियों में है, जिसे हर बुनकर अपने करघे पर जीवित रखता है। एक हथकरघा साड़ी तैयार करना आसान काम नहीं है। कई साड़ियों को पूरा होने में कई दिन लग जाते हैं, तो कुछ उत्कृष्ट साड़ियों के तैयार होने में तो कई हफ्ते या महीने भी लग जाते हैं। धागे तैयार करने से लेकर रंगाई, डिजाइन, तानाबाना जमाने और फिर करघे पर घंटों बैठकर बुनाई करने पर हर चरण धैर्य, एकाग्रता और कौशल की मांग



करता है। एक छोटी सी गलती पूर डिजाइन बिगाड़ सकती है। इसलि बुनकर का हर स्पर्श सटीक औ संतुलित होता है।

करघे पर बैठा बुनकर केवल धाग नहीं जोड़ता, अपनी जिंदगी को भी उ धागों में पिरो देता है। उसके लिए ह साड़ी एक नई जिम्मेदारी होती है। व जानता है कि शायद यही साड़ी किस बेटी की शादी में उसकी सबसे प्रिय पोशाक बनेगी। किसी मां की स्मृति का हिस्सा बनेगी या किसी महिल के जीवन की सबसे खास पलों क गवाह बनेगी। इसलिए हर बुनाई म बुनकर अपना पूरा कौशल झोंक देत है। मगर विंडबना यह है कि जिन हाथों की कला पूरी दुनिया सराहत है, उन्हीं हाथों का जीवन अकसर आर्थिक तंगी से भरा होता है। मशीनों से बने सस्ते कपड़ों और पावरलूम के बढ़ते प्रभाव ने हथकरघा बुनकरों क आजीविका पर गहरा असर डाला है कई परिवारों ने पीढ़ियों पुराना पेश छोड़कर दूसरे पेशे अपना लिए हैं, त युवा पीढ़ी भी अब करघे से दूरी बन रही है। क्योंकि मेहनत बहुत ज्याद है और आमदनी बहुत कम। फिर भ देश के अनेक गांवों और कस्बों म आज भी ऐसे बुनकर मौजूद हैं।

## तिथि विशेष

# भारतीय तटरक्षक दिवस

हर वर्ष 4 अगस्त को भारतीय तटरक्षक दिवस मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1978 में इंडियन कोस्ट गार्ड की स्थापना हुई थी। इस दिवस का उद्देश्य देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में तटरक्षक बल के योगदान को सम्मान देना तथा नागरिकों में समुद्री सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। भारत की लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी समुद्री तटरेखा और विशाल समुद्री क्षेत्र



की निगरानी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भारतीय तटरक्षक बल निभाता है। भारतीय तटरक्षक बल रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। इसका मुख्य दायित्व देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करना, समुद्री कानूनों का पालन सुनिश्चित करना, तस्करी और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना, समुद्री प्रदूषण को नियंत्रित करना तथा संकट में फंसे नाविकों और मछुआरों का खोज एवं बचाव अभियान चलाना है। प्राकृतिक आपदाओं, चक्रवातों और समुद्री दुर्घटनाओं के दौरान भी तटरक्षक बल राहत एवं बचाव कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता है। समय के साथ भारतीय तटरक्षक बल की क्षमता में लगातार वृद्धि हुई है। आधुनिक गश्ती पोत, तेज गति वाली नौकाएं, हेलीकॉप्टर और उन्नत निगरानी विमान इसकी ताकत हैं। अत्याधुनिक रडार और संचार प्रणाली की मदद से यह बल समुद्र में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रखता है। समुद्री आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध मछली पकड़ने जैसी चुनौतियों से निपटने में भी इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय तटरक्षक बल समय-समय पर नौसेना, तटीय पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त अभ्यास भी करता है, जिससे समुद्री सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होती है। इसके अलावा यह समुद्र में पर्यावरण संरक्षण, तेल रिसाव की रोकथाम तथा समुद्री जीवों की सुरक्षा से जुड़े अभियानों में भी सक्रिय योगदान देता है।

## भक्ति एवं विश्वास

# एक भरोसो एक बल



**शीतला प्रसाद दुबे**
(निवर्तमान कार्याध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी)

> गोस्वामी तुलसीदास जी ने विश्वास और भरोसे को मनुष्य के जीवन के लिए परम आवश्यक बताया है। वे कहते हैं कि जब तक हमें विश्वास नहीं होता तब तक हमारी सभी शक्तियां निष्क्रिय रहती हैं। विश्वास और आस्था से ही शक्ति सक्रिय रूप से कार्य करती है। गोस्वामी जी दोहावली में लिखते हैं -
> 'एक भरोसो एक बल, एक आस विश्वास ,
> एक राम घनश्याम बिन चातक तुलसीदास।'
> यह भरोसा ही है, जिससे मनुष्य में बल बना रहता है। कितनी भी शक्ति हो, लेकिन उस शक्ति पर विश्वास नहीं हो, तो उसका कोई उपयोग नहीं हो सकेगा। विश्वास, हमारी शक्ति, कार्य क्षमता और दृढ़ता को द्विगुणित कर देता है। श्रीराम चरित मानस के दूसरे ही श्लोक में गोस्वामी जी ने माता पार्वती को श्रद्धा तथा भगवान शिव को विश्वास के रूप में वर्णित करते हुए कहा है- ' भवानी शंकरौवंदे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ।
> याभ्यां विना न पश्यंति सिद्धाः स्वांतः स्थमीश्वरम्।।'

मैं श्रद्धा के रूप में माता पार्वती और विश्वास रूपी भगवान शिव की वंदना करता हूं, जिनके बिना सिद्धजन अपने अंतःकरण में अवस्थित ईश्वर को नहीं देख सकते। ईश्वर को जानने-महसूस करने के लिए भरोसा सबसे अधिक आवश्यक है। गुरुओं के गुरु तथा परम् ब्रह्म शिव शंकर उसी विश्वास के परिचायक हैं, जो प्राणियों में जीवन के प्रति जागृति उत्पन्न करता है। बिना उसके उस सूक्ष्म तत्व का ज्ञान नहीं हो सकता। प्रमाण के बिना किसी को जानना और बिना जाने विश्वास का होना असंभव है। तुलसीदास लिखते हैं -

'जाने बिनु न होइ परतीती,
बिनु परतीति होइ नहिं प्रीती।।'

अर्थात् संपूर्ण ब्रह्मांड को संचालित करने वाले प्रेम को विश्वास बहुत आवश्यक है। श्रीराम चरित मानस में गोस्वामी जी ने हनुमान जी के प्रति विश्वास प्रकट करते हुए विभीषण से कहलवाया है -

'अब मोहि भा भरोस हनुमंता,
बिनु हरि कृपा मिलहिं नहिं संता।'

जब तक भरोसा नहीं था, तब तक संशय बना था कि हनुमान जी का साथ दें कि नहीं? यदि वह सफल नहीं हुए तो रावण के हाथों मृत्यु निश्चित है। प्रमाण सहित वर्णन सुनकर विभीषण को विश्वास हो गया कि हरिकृपा से ही हनुमान जैसे संत का साक्षात् हुआ है। श्रीरामचरित मानस के अरण्य काण्ड में शबरी के स्वयं को अधम और मूढ़ मति कहने पर श्रीराम कहते हैं कि उनके लिए भक्ति का संबंध ही प्रमुख है। नवधा भक्ति का उपदेश देते हुए श्रीराम, विश्वास को पांचवीं भक्ति के रूप में उल्लिखित करते हैं।

'मंत्र जाप मम दृढ़ विश्वासा, पंचम भजन सो बेद प्रकासा।'

दृढ़ विश्वास, मनुष्य की क्षमता का विस्तार करता है। मनुष्य में ऊर्जा का संचार करते हुए उसकी कार्यक्षमता को बढ़ाता है। बिना भरोसे के शुरू किए हुए कार्य निष्पादन में संशय उपस्थित हो जाता है। किष्किन्धाकाण्ड में श्रीराम के अतुलित बल को देखकर सुग्रीव को यह विश्वास हो गया कि पातकी बालि का वध इनके हाथों हो सकता है। संशय को वाष्प बनाकर उड़ा देने की क्षमता विश्वास में होती है। गोस्वामी जी के शब्दों में सुग्रीव सोचते हैं -

'देखि अमित बल बाढ़ी प्रीती,
बालि बधब इन्ह भइ परतीती।'

बिना विश्वास जागृत किए किसी कार्य की सफलता संदेहास्पद हो जाती है।

कहा जाता है कि सेतुबंध रामेश्वरम् का निमार्ण कार्य परखते हुए श्रीराम ने देखा कि नल, नील सहित वानरी सेना पत्थरों पर श्रीराम का नाम अंकित कर सेतु के लिए जल पर रखते हैं, तो वह तैरने लगता है। उनके मन में विचार आया कि जब मेरा नाम लिखने से पत्थर पानी पर तैर सकता है, तो मैं स्वयं इन पत्थरों को पानी पर रखकर देखता हूं। उनके रखे हुए पत्थर डूब जाते। उन्होंने जामवंत से पूछा कि ऐसा क्यों हो रहा है? जामवंत ने कहा कि प्रभु इन वानरों में आपके नाम के प्रति विश्वास है। उसी विश्वास से पत्थर तैरने लगते हैं। आप तो जांचने के लिए ऐसा कर रहे हैं, अर्थात् आपके मन में संदेह है। भरोसा ही बल प्रदान करता है, जिससे आशा बलवती हो उठती है। दोहावली में गोस्वामी जी ने कहा है

'बिनु बिस्वास भगति नहिं तेहि बिनु द्रवहिं न रामु।
राम कृपा बिनु सपनेहुं जीव न लह विश्रामु।।'

अर्थात् ईश्वर पर बिना विश्वास किए, उनकी भक्ति नहीं होती। भक्ति से ही प्रभुराम द्रवित होते हैं।

जिस रावण ने अपने बल से कैलाश पर्वत को तौल लिया था, उसी के दरबार में श्रीराम के विश्वास से अंगद के पांव को कोई हिला तक न सका। यह प्रभु महिमा या सेवक के विश्वास का ही फल था।

'तुलसी प्रभु महिमा कहौं सेवक को विश्वास।'

श्रीराम की कृपा के बिना स्वप्न में भी जीव को विश्रांति नहीं मिलती। विश्वास ही परम शक्ति है।

इसलिए आवश्यक है कि हम अपने अंतर में विराजमान परमेश्वर को पहचान कर उसके प्रति विश्वास सहित कदम आगे बढ़ाएं, सफलता सुनिश्चित है। संशय अथवा संदेह हमारी शक्ति को कुंठित कर देता है। भक्ति, ईश्वर के प्रति आस्था और विश्वास, हमारे सभी संशयों को वाष्प की तरह निर्मूल कर देते हैं।

## वायरल

# बेटी की बोल्ड सेल्फी पर पिता का कूल 'बदला'

अक्सर जब बच्चे सोशल मीडिया पर जरूरत से ज्याद एक्टिव या बोल्ड फोटोज पोस्ट करते हैं, तो माता-पित उन्हें डांटते या समझाते हैं। लेकिन अमेरिका के स्पोकेन के रहने वाले क्रिस मार्टिन ने अपनी बेटी कैसी को सबक सिखाने के लिए ऐसा रास्ता चुना, जिसने उन्हें दुनिया भर में 'सेल्फी डैड' के नाम से मशहूर कर दिया। यह कहानी साल 2016 में शुरू हुई थी, जब 19 साल की कैसी अपनी बोल्ड और



ज्यादा पोज वाली सेल्फीज इंस्टाग्राम पर अपलोड करत थी। इन तस्वीरों पर लड़कों के कई तरह के भद्दे कमेंट्स भी आते थे। क्रिस ने बेटी की हर एक सेल्फी को हूबह रीक्रिएट करना शुरू कर दिया। मकसद सिर्फ इतना थ कि बेटी को मजाकिया अंदाज में यह अहसास कराया ज सके कि उसकी तस्वीरें कैसी लग रही हैं। क्रिस ने अपन बेटी के पोज, चेहरे के हाव-भाव और कपड़ों की नकल उतारने में गजब की क्रिएटिविटी दिखाई। यह मजाक तब इस कदर हिट हुआ कि क्रिस रातों-रात इंटरनेट सनसन बन गए। देखते ही देखते क्रिस के इंस्टाग्राम पर 150,000 से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए और उन्होंने फॉलोअर्स की रेस में अपनी ही बेटी को पीछे छोड़ दिया।




## X का एक्सरे

> एसआईटी का गठन जिस भी तरीके से किया जाए, उसकी अध्यक्षता किसी पूर्व जज को करनी चाहिए। जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग करने वाले किसी पुलिस अधिकारी को अनुचित संरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए। ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि छात्र प्रदर्शन की आड़ में कोई आदतन अपराधी भी संरक्षण हासिल कर ले।



सूर्यकांत

> मैंने कहा था कि ये एक षडयंत्र है। मैं 15-16 साल की उम्र से संघर्ष देख रहा हूं। मैं हमेशा जो कमजोर थे, जिनका हक मारा जाता था, मैं उनके पक्ष में खड़ा होता था। मुझे अपने आप पर विश्वास था। मुझे पूरा विश्वास था कि मेरे साथ न्याय होगा। मेरे साथ न्याय हुआ। मैंने अपने आप को कभी अपराधी महसूस नहीं किया।



बृजभूषण शरण सिंह

> अमेरिका के बोस्टन विश्वविद्यालय में मेरी पढ़ाई स्कॉलरशिप और एजुकेशन लोन के जरिए हुई है। मेरे फंड के स्रोतों की जांच के लिए हर कोई पूरी तरह स्वतंत्र है। प्रह्लाद जोशी बिलकिस बानो मामले के दोषियों का सम्मान करते हुए दिखाई दिए थे। ऐसे व्यक्ति को शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी देना उचित नहीं है।



अभिजीत दीपके

> 'मैं आईपीएल और घरेलू क्रिकेट इसलिए खेलता हूं क्योंकि मुझे क्रिकेट से प्यार है। पहले जब भारत के लिए खेलते थे तो भी यही कहते थे, लेकिन अब वास्तव में इस भावना को महसूस करता हूं। भारत के लिए खेल चुका हूं, अब यह ऐसा लक्ष्य नहीं है जिसे हासिल करना बाकी हो। दोबारा मौका मिला तो बहुत अच्छा होगा।



भुवनेश्वर कुमार

**एक नजर**

## यूपी में मानसून कमजोर, सामान्य से 29 प्रतिशत कम हुई बारिश

लखनऊ (एजेंसी)। तीन अगस्त उत्तर प्रदेश में अब तक सामान्य से 29 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है और मानसून की गतिविधियां कमजोर बनी हुई हैं। मौसम विभाग ने एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि अगले चार से पांच दिनों में मानसून के सक्रिय होने की संभावना के कारण मौसम में सुधार की उम्मीद है। लखनऊ स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, तीन अगस्त तक राज्य में सामान्य 380.4 मिलीमीटर बारिश के मुकाबले 271.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। विभाग ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश की कमी 34 प्रतिशत रही, जहां सामान्य 408.9 मिलीमीटर के मुकाबले 268.3 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सामान्य 340.6 मिलीमीटर के मुकाबले 275.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो औसत से 19 प्रतिशत कम है।

# बहुचर्चित पुराने तहसील कैंपस का सड़ांध मारता कूड़ा

## पूर्व पालिकाध्यक्ष के कार्यकाल का डंप कूड़ा कांग्रेसी नहीं देखते थे : रमेश चन्द्र जोशी पालिकाध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय



रमेश चंद्र जोशी नपा अध्यक्ष खटीमा।



सोनी राणा पूर्व पालिका अध्यक्ष खटीमा।

**डबल इंजन की सरकार में मौजूदा पालिकाध्यक्ष सक्षम है, जनहित में स्थाई हल कर सकते हैं : सोनी राणा पूर्व पालिकाध्यक्ष**

**खटीमा।** नगर के बहुचर्चित पुराने तहसील कैंपस के कूड़ाघर की चर्चाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक ओर जहां विपक्षी विधायक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता आए दिन नगर के बीच उठने वाली सड़ांध को लेकर धरना प्रदर्शन कर विरोध का राग अलाप रहे हैं। वहीं नगर पालिका परिषद का ट्रेंचिंग ग्राउंड को लेकर तर्क संगत बात बताकर विरोधियों को कुछ सोचने को मजबूर कर रहे हैं।

अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य के द्वारा पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी को अवगत कराया गया कि पुराने तहसील कैंपस पर एकत्रित कूड़े को लेकर कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता आए दिन प्रदर्शन कर रहे हैं। पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने स्पष्ट किया की तहसील परिसर नगर पालिका के स्वामित्व में है। नगर पालिका अपनी व्यवस्था के अनुसार इसका समाधान करेगा। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेसियों को पूर्ववती पालिकाध्यक्ष कांग्रेस समर्थक सोनी राणा का कार्यकाल ध्यान नहीं आता है?तब भी इसी स्थान पर नगर का कूड़ा डंप रहता था। अंतर सिर्फ इतना है पालिकाध्यक्ष सोनी राणा के पिता गोपाल सिंह राणा कांग्रेस के विधायक थे। वर्तमान में पालिकाध्यक्ष भाजपा के रमेश चंद्र जोशी हैं। तब वह विरोध प्रदर्शन धरना ज्ञापन देकर शोर मचाते हैं। पालिका अध्यक्ष जोशी का ने कहा कि नगर पालिका द्वारा अपने ट्रचिंग ग्राउंड की व्यवस्था कर ली गई है। दो-तीन माह बाद चालू हो सकेगा। नगर का कूड़ा नए ट्रेंचिंग ग्राउंड में पड़ेगा और इस स्थान पर नगर पालिका का प्रस्तावित बहुउद्देशीय व्यवसायिक काम्प्लेक्स सहित कार्यालय बनेगा। इसके लिए फिलहाल बजट की दरकार है।

पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी ने अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य से विचार विमर्श उपरांत बताया कि नगर पालिका परिषद नगर वासियों की भावनाओं के अनुरूप शौचालय का निर्माण नहीं करा सका। उन्होंने कहा कि जिस जिस स्थान पर पुराने शौचालय बने थे वह स्थान या तो स्वार्थी तत्वों द्वारा बेच दिए गए हैं या फिर अतिक्रमण की जद में हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र नगर के विभिन्न मार्गों पर सुलभ शौचालयों की व्यवस्था की जाएगी।

इधर पूर्व पालिकाध्यक्ष सोनी राणा ने कहा कि तब कांग्रेस विपक्ष में थी। सीमित संसाधन थे जहां भी ट्रेंचिंग ग्राउंड की व्यवस्था करते उसका विरोध कराया जाता था। बावजूद तहसील कैंपस को अस्थाई ट्रेंचिंग ग्राउंड नहीं बनाया गया था। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कार्य होता था। पूर्व पालिकाध्यक्ष सोनी राणा ने कहा कि मौजूदा डबल इंजन की सरकार सक्षम है। नगर वासियों के हित में उचित स्थाई समाधान हो सकता है। इस समय पक्ष व विपक्ष के बजाय जनहित में उचित कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने तहसील कैंपस में बहुउद्देशीय नगर पालिका कार्यालय के प्रस्तावित निर्माण को लंबित रखने पर चिंता व्यक्त की है।



भाजपा में सम्मिलित रेखा सोनकर को सम्मानित करते पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा।

## भाजपा में आए रेखा सोनकर को उनके घर जाकर पूर्व विधायक डॉ. राणा ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नानकमत्ता के पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने कांग्रेस को अलविदा कर भाजपा में सम्मिलित होने वाले राजू सोनकर व उनकी पत्नी रेखा सोनकर को शाल ओढ़ाकर पुष्प गुच्छ सौंप कर सम्मानित किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नानकमत्ता के पूर्व विधायक डॉ. राणा चारुबेटा (खटीमा) निवासी रेखा सोनकर के आवास पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उनके द्वारा उठाए जाने वाली जन समस्याओं को हर स्तर पर हल करेंगी। उन्होंने राजू सोनकर व रेखा सोनकर से पार्टी के सहयोग की अपेक्षा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भरपूर जन सहयोग करने की अपील की। राजू व रेखा ने घर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस अवसर पर झनकट मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह बिल्ला, पूर्व बीडीसी रोशन सिंह, गुरु सेवक खैरा, भुवन चंद्र जोशी, रूप सिंह, रामचंद्र, रुस्तम राना, गोपाल बिष्ट, पीतांबर पांडे, गोपाल नाथ, जितेंद्र आदि थे।

# कांग्रेस अध्यक्ष के कार्यक्रम की तैयारियां तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक में बोलते नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की 8 अगस्त को हल्द्वानी में प्रस्तावित विशाल जनसभा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नानकमत्ता विधानसभा के कैंप कार्यालय खटीमा में बैठक आयोजित कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं और अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

नानकमत्ता कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ऊधम सिंह नगर के जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने की। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी की जनसभा ऐतिहासिक होगी और नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक जनसंपर्क कर अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान प्रदेश सरकार पर विभिन्न जनसरोकारों के मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराध, पेपर लीक, बढ़ती गुंडागर्दी, अवैध खनन और अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर कांग्रेस द्वारा लगातार आवाज उठाने की बात कही। वहीं नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जनसभा की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, अधिक से अधिक लोगों को जनसभा में शामिल करने तथा कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता गणेश उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश सिंह राठौर, रमेश रौतेला ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष तौकीर अंसारी ने किया। इस अवसर पर जिला सचिव दीपक राणा, विधायक प्रतिनिधि गौरव राणा, नरेंद्र आर्य, झनकट मंडल अध्यक्ष दीपक बिष्ट, समीर बारसी, चंचल सिंह, सूरज सिंह राणा, विवेक राणा, मिथुन राणा, जुबेर राजा मनीष सतनाम निक्कू नरेंद्र पिंटू फहीम अंसारी, सतनाम प्रकाश आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विपक्ष नकारात्मकता छोड़ेः सीएम योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र से पहले सभी विपक्षी सदस्यों से सहयोग का आग्रह करते हुए कहा कि वे नकारात्मकता को छोड़कर सकारात्मक राजनीति को आगे बढ़ाते हुए सदन में सार्थक चर्चा में योगदान दें। राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मैं सभी जनप्रतिनिधियों से कहूंगा कि वे सदन में स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा को बनाए रखने के लिए कार्य करें। उन्होंने आग्रह किया कि प्रदेश के हित में विधानमंडल की इस कार्यवाही को शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए विपक्षी दलों के साथी नकारात्मकता की राजनीति को छोड़कर सकारात्मक राजनीति को आगे बढ़ाएं और उत्तर प्रदेश के विकास और समृद्धि में योगदान दें।

# वार्ड नंबर– 5 में नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण, क्षेत्रवासियों को मिली राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा के वार्ड नंबर– 5 में नवनिर्मित सड़क का मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने लोकार्पण किया। सड़क निर्माण कार्य पूरा होने से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और लंबे समय से बनी हुई सड़क संबंधी समस्या का समाधान हो गया है।



नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण करते पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी।

लोकार्पण कार्यक्रम में वार्ड की सभासद बसंती सामंत, राजेंद्र सामंत, गजेंद्र सिंह चौहान, राजेंद्र बोरा, भावना चौहान, गीता बोरा, गंगा चौहान, रेखा बोरा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित मांग पूरी होने से लोगों को काफी राहत मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी क्षेत्र में विकास कार्य इसी तरह जारी रहेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि नगर के सभी वार्डों का संतुलित और समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए नगर पालिका परिषद निरंतर कार्य कर रही है।

# खड़गे की हल्द्वानी रैली पर खटीमा में मंथन

जागरण मोर्चा कार्यालय



मल्लिकार्जुन खड़गे की कार्यक्रम की सफलता को लेकर कांग्रेस की बैठक।

**खटीमा।** आगामी 8 अगस्त को हल्द्वानी में आयोजित होने वाले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय खटीमा में जिला कांग्रेस कमेटी ऊधम सिंह नगर के जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और कार्यकर्ताओं की भागीदारी पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए हिमांशु गावा ने कहा कि हल्द्वानी में होने वाला कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और खटीमा विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता के दौरान गावा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध, पेपर लीक की घटनाएं, बढ़ती गुंडागर्दी, अवैध खनन तथा खनन माफियाओं के प्रभाव जैसे मुद्दे चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी और जनहित के लिए संघर्ष जारी रखेगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता गणेश उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश सिंह राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, सतपाल राणा, एडवोकेट नासिर खान, एडवोकेट जफर, राज किशोर सक्सेना, रमेश रौतेला, अमन अरोरा, लक्ष्मण राणा, दिव्या, पंकज मेहता, बीना राणा, शांति सामंत, ज्योति देवी, विद्या, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने विद्यालयों में छात्रों की सुरक्षा पर जताई चिंता

**लखनऊ (एजेंसी)।** तीन अगस्त इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने प्रदेश के विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि जर्जर भवनों के साथ-साथ गैर-संरचनात्मक खतरे भी बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़ा जोखिम हैं। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृज राज सिंह की पीठ गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि प्रदेश के करीब 4,000 विद्यालयों के ऊपर से हाईटेंशन बिजली की लाइनें गुजर रही हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। अदालत ने इस पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के प्रबंध निदेशक को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। पीठ ने जौनपुर के समरी प्राथमिक विद्यालय की इमारत गिरने तथा लखनऊ में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के एक स्कूल में लोहे का गेट गिरने से एक छात्र की मौत की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को सुरक्षित बनाना समय की आवश्यकता है। अदालत ने स्कूल बसों और वैन से बच्चों के सुरक्षित आवागमन का मुद्दा भी उठाया। अदालत को बताया गया कि परिवहन विभाग के अनुसार 2,370 स्कूल वाहन चालकों में से 527 की मिशन भरोसा के तहत पुलिस सत्यापन रिपोर्ट प्रतिकूल पाई गई है। अदालत ने कहा कि वाहन चालकों की पृष्ठभूमि का सत्यापन अनिवार्य होना चाहिए और स्कूल प्रबंधन को इस संबंध में पूरी सतर्कता बरतनी होगी।

# आदर्श कॉलोनी की जनसमस्याओं को लेकर विधायक गोपाल सिंह राणा से मिले क्षेत्रवासी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा के वार्ड संख्या– 12 स्थित आदर्श कॉलोनी के वार्डवासियों ने अपनी विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर नानकमत्ता के गोपाल सिंह राणा से उनके विधायक कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से विधायक को अवगत कराते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। विधायक गोपाल सिंह राणा ने जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता की और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान आदर्श कॉलोनी के क्षेत्रवासियों ने उनकी समस्याओं पर तत्परता से संज्ञान लेने के लिए विधायक गोपाल सिंह राणा का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि संबंधित विभाग जल्द ही आवश्यक कार्रवाई करेंगे।



विधायक गोपाल सिंह राणा को ज्ञापन सौंपते वार्डवासी। -जागरण मोर्चा

**विधायक ने अधिकारियों को दिए जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश**

## शव गोमती में फेंका, कातिल पति और प्रेमिका गिरफ्तार

**लखनऊ (एजेंसी)।** तीन अगस्त लखनऊ में पत्नी की हत्या करके शव गोमती नदी में फेंकने के आरोप में एक व्यक्ति और उसकी कथित प्रेमिका को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान उमेंद्र प्रताप सिंह (31) और उसकी प्रेमिका आरती वर्मा (31) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि 30 और 31 जुलाई की दरमियानी रात रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले उमेंद्र ने अपनी पत्नी अंजलि सिंह के लापता होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई, जिसके आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करके महिला की तलाश शुरू की गई। पुलिस के अनुसार 31 जुलाई को इटौंजा थाना क्षेत्र में गोमती नदी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ, बाद में परिजन ने शव की पहचान अंजलि के रूप में की। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद मृतका के भाई की शिकायत पर रहीमाबाद थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2) (आपराधिक साजिश), 103(1) (हत्या) और 238 (सबूतों से छेड़छाड़ और झूठी जानकारी देना) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार शिकायत में उमेंद्र पर अंजलि की हत्या का आरोप लगाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि उमेंद्र प्रताप सिंह को एक अगस्त की रात अडौरा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान उमेंद्र ने बताया कि अंजलि को आरती के साथ उसके संबंधों का पता चल गया था और वह कई बार इसका विरोध कर चुकी थी।

# शिवपाल सिंह यादव ने लखनऊ में समाजवादी पार्टी प्रदर्शन के दौरान सरकार को घेरा



**लखनऊ (एजेंसी)।** चार अगस्त मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भी विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया और राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी, प्रश्नपत्र लीक तथा अन्य मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार अपनी विफलता छिपाने के लिए विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश कर रही है, जबकि वह मूल बजट का 30 प्रतिशत हिस्सा भी अब तक खर्च नहीं कर सकी है। उन्होंने आरोप लगाया, ''यह चंदा चोर, चढ़ावा चोर और बजट चोर सरकार है। यह सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए बजट लाती है और पूरे बजट की चोरी कराती है।'' यादव ने कहा कि जिस दल के शासन में भगवान राम के मंदिर के चढ़ावे को लेकर सवाल उठ रहे हों, उससे लोगों को कोई उम्मीद नहीं रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया, राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले में मुख्य आरोपियों के खिलाफ सरकार कार्रवाई नहीं कर रही और उन्हें बचा रही है। ऐसे में सरकार खुद भी चंदा चोर और चढ़ावा चोर है।'' यादव ने दावा किया कि बिहार की बांकीपुर और मध्यप्रदेश की दतिया विधानसभा सीट के उपचुनाव में भाजपा की हार 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उसकी पराजय का संकेत है।

उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में सपा भाजपा का ''सफाया'' कर देगी। इससे पहले यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''जिस सरकार से अपना मूल बजट ही 30 से 50 प्रतिशत तक खर्च नहीं हो पाया, वह अब अनुपूरक बजट के नाम पर अपनी नाकामी छिपाने निकली है।'' उन्होंने कहा, ''प्रभु राम के नाम पर राजनीति की सबसे ऊंची चोटी बनाने वाली भाजपा बताए कि जब रामलला के दरबार में चढ़ावे को लेकर उठे सवालों और कथित गड़बड़ियों पर भी जवाबदेही तय नहीं हो पाई, तब प्रदेश के खजाने की जवाबदेही पर जनता कैसे भरोसा करे?'' सपा सदस्यों ने विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को भी विधानसभा परिसर में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। उत्तर प्रदेश सरकार मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का पहला अनुपूरक बजट प्रस्तुत करेगी।



कांग्रेस पार्टी में सम्मिलित महिलाओं का स्वागत करते नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा।

## अन्य राजनीतिक दलों को अलविदा कर कांग्रेस में जताई आस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** विधानसभा क्षेत्र नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा के कैंप कार्यालय में विभिन्न पार्टियों को अलविदा कर पांच महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी पर आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस का हाथ थामा। विधायक गोपाल सिंह राणा ने पार्टी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और कांग्रेस पार्टी में सम्मिलित होने पर उन्हें बधाई दी। पार्टी में सम्मिलित महिलाओं ने निष्ठा पूर्वक पार्टी का कार्यकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं महासचिव राहुल गांधी को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान कांग्रेस में सम्मिलित नीतू राणा झनकट, जितेंद्री राणा, पवन देवी, मन्नू देवी, प्रवेश राणा को दीपक बिष्ट, रमेश रौतेला, दीपक राणा, गौरव राणा, जवाहर सिंह राणा, मोहम्मद जफर, मनीष राणा आदि ने बधाई दी।

# अधिवक्ताओं के अधिकारों की लड़ाई को मिलेगा नया मुकाम : शिव शर्मा

## सपा अधिवक्ता सभा के नवनियुक्त प्रदेश सचिव बोले: अधिवक्ता हितों और जनसरोकारों के मुद्दों पर प्रदेशभर में करूंगा संघर्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजवादी अधिवक्ता सभा के नवनियुक्त प्रदेश सचिव पंडित शिव शर्मा एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान, अधिकारों और न्यायिक हितों की रक्षा उनके सार्वजनिक जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में अधिवक्ताओं से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा और संगठन के निर्देशों के अनुरूप जनहित से जुड़े विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी।



भेंट वार्ता के दौरान पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

संयुक्त बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकार अरुण भारद्वाज से बातचीत में शिव शर्मा ने कहा कि समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश नेतृत्व ने उन पर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ताओं के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य भी संगठन के माध्यम से किया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनावों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत करने और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को विजय दिलाने के लिए कार्य करेंगे। शिव शर्मा ने बताया कि 9 जुलाई 2026 को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश तथा प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति पर उन्हें समाजवादी अधिवक्ता सभा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

वर्ष 1991 से पीलीभीत मुख्यालय पर विधि व्यवसाय कर रहे हैं। राजनीतिक जीवन के संबंध में उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 में उन्होंने शिवसेना से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की थी, जहां जिला महासचिव के पद पर भी रहे। बाद में बार राजनीति में सक्रिय होकर वर्ष 2017 और 2019 में सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का चुनाव जीता। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की अधिवक्ता हितैषी सोच से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी का साथ चुना। इस अवसर पर समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला (एनडी शुक्ला), पूर्व डीजीसी फौजदारी अमित पाठक एडवोकेट, पूर्व डीजीसी दीवानी एवं राजस्व प्रशांत यादव एडवोकेट तथा पूर्व मीडिया प्रभारी शरद जायसवाल एडवोकेट सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला ने बताया कि बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नवनियुक्त प्रदेश सचिव शिव शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अमित यादव 'रिंकू' शामिल होंगे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

# उपमुख्यमंत्री से मिले स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

## बरखेड़ा के विकास को लेकर रखा व्यापक प्रस्ताव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मंगलवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की आवश्यकताओं, अधूरी विकास परियोजनाओं और नागरिक सुविधाओं के विस्तार से जुड़े प्रस्ताव उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखे। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि बरखेड़ा विधानसभा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को अंगवस्त्र भेंट करते स्वामी प्रवक्तानंद महाराज।

क्षेत्रवासियों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान एवं विकास कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधायक द्वारा उठाए गए विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी विधानसभा क्षेत्रों में संतुलित विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता है। भेंट के दौरान स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि सरकार के सहयोग से बरखेड़ा विधानसभा में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए वह लगातार शासन स्तर पर प्रयासरत हैं।

# प्रधान व उसके पिता पर विधवा से ठगी व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** सरकारी आवास दिलाने के नाम पर ग्राम प्रधान ने दलित विधवा महिला से 15000 की धनराशि ठग ली। घर पर रुपए वापस मांगने गई महिला व पुत्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। मामले की रिपोर्ट कराई गई है। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम भदारा निवासी हर भोला जाति की स्वर्गीय महेंद्रपाल की बेवा प्रेमवती ने आरोप लगाते हुए कहा है कि 2 वर्ष पूर्व में ग्राम प्रधान अरविंद कुमार ने सरकारी आवास दिलाने के नाम पर 15000 लिए थे। काफी समय बीत जाने पर ना तो आवास मिला और ना ही रुपए वापस किये। आरोप लगाया कि 1 अगस्त को शाम 6:30 बजे अपने पुत्र छोटू व अन्नु के साथ ग्राम प्रधान के घर पर अपने रुपए वापस मांगने गई तो। ग्राम प्रधान व उसके पिता तोताराम ने जमीन पर पटक कर डंडों से पिटाई की।

# अग्रवाल सभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले ने बढ़ाई रोमांचकता, शाम छह बजे तक चला मतदान

## कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई मतगणना, अध्यक्ष पद पर राजीव अग्रवाल टीटी, शैली अग्रवाल और अतुल अग्रवाल के बीच कांटे की टक्कर

अरुण भारद्वाज, जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** श्री अग्रवाल सभा (रजि.) पीलीभीत के वर्ष 2026-29 कार्यकाल के लिए मंगलवार को अग्रवाल सभा भवन में शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न हुआ। चुनाव को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। मतदान केंद्रों पर दिनभर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं, जबकि सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा।



अग्रवाल सभा चुनाव महोत्सव के दौरान मतदान केंद्र पर मताधिकार का प्रयोग करते मतदाता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते निर्वाचन अधिकारी। -जागरण मोर्चा



अग्रवाल सभा भवन स्थित मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था संभालते पुलिसकर्मी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल एवं सह निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल (सीए) ने बताया कि चुनाव में कुल 2,994 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र थे। निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना था, लेकिन पांच बजे तक कतार में लगे सभी मतदाताओं को मतदान का अवसर दिए जाने के कारण मतदान प्रक्रिया शाम करीब छह बजे तक जारी रही। इस बार सबसे अधिक दिलचस्प मुकाबला अध्यक्ष पद पर देखने को मिला, जहां पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष राजीव कुमार अग्रवाल 'टीटी', शैली अग्रवाल और अतुल अग्रवाल 'पीपल वाले' के बीच त्रिकोणीय संघर्ष रहा। पूरे दिन समर्थकों के बीच चुनावी सरगर्मी बनी रही।

मंत्री पद पर अभिषेक अग्रवाल 'शालू' और राजेश अग्रवाल 'बिचले' आमने-सामने रहे, जबकि उपाध्यक्ष पद पर नीरज अग्रवाल उर्फ सोनू महातिया तथा वैभव अग्रवाल के बीच सीधा मुकाबला हुआ। उपमंत्री पद पर प्रियांश अग्रवाल, पल्लव अग्रवाल और प्रतीक अग्रवाल 'टिन्नी' ने अपनी किस्मत आजमाई। कोषाध्यक्ष पद पर अंकुर अग्रवाल और लव अग्रवाल सर्राफ के बीच मुकाबला रहा, जबकि कानूनी सलाहकार पद के लिए ऋषि अग्रवाल, रजत अग्रवाल और नवीन अग्रवाल 'शानू' चुनाव मैदान में रहे। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 19 प्रत्याशियों के बीच भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

मतदान समाप्त होते ही निर्वाचन अधिकारियों की निगरानी में मतगणना शुरू कर दी गई। देर रात तक चुनाव परिणाम घोषित होने की संभावना जताई गई। पूरे चुनाव के दौरान अनुशासन, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए निर्वाचन समिति और पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की गई।

## संक्षेप समाचार

### महिला चिकित्सालय के बाहर अव्यवस्था व अतिक्रमण हटाने की मांग, नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



नपा अध्यक्ष को शिकायत सौंपते तौफ़ीक़ क़ादरी व नादिर रज़ा बरकाती।

**पूरनपुर।** नगर पालिका परिषद पूरनपुर के अध्यक्ष को मंगलवार को एक ज्ञापन सौंपकर नगर के महिला चिकित्सालय के बाहर फैली अव्यवस्था और अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि अस्पताल के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गंदगी, अवैध ठेले, ई-रिक्शा व अन्य वाहनों के खड़े रहने से मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अस्पताल के बाहर सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़े होने और दुकानों के अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। ज्ञापनकर्ताओं ने नगर पालिका से महिला चिकित्सालय के बाहर नियमित सफाई कराने, अतिक्रमण हटाने, सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग और संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन व्यवस्थाओं से मरीजों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

# हल्की बारिश ने दिलाई राहत, उमस भरी गर्मी से लोगों को मिली बड़ी राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- मंगलवार को रुक-रुक कर हुई बारिश से मौसम हुआ सुहावना
- तापमान में गिरावट दर्ज; कई दिनों बाद लोगों ने महसूस की ठंडक

**पीलीभीत।** पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी और तेज धूप से बेहाल लोगों को मंगलवार को मौसम ने राहत दी। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही और दोपहर बाद शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर शुरू हुआ। कहीं-कहीं तेज फुहारें भी पड़ीं, जिससे वातावरण में फैली उमस काफी हद तक कम हो गई और लोगों ने राहत की सांस ली।शहर में बारिश का दौर बहुत अधिक देर तक नहीं चला, लेकिन हल्की बारिश भी मौसम का मिजाज बदलने के लिए पर्याप्त साबित हुई। बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने गर्मी के असर को कम कर दिया और तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। लंबे समय से चिपचिपी गर्मी से परेशान लोगों को मौसम में आई इस नरमी से काफी राहत मिली।बारिश के चलते सड़कों पर भी गर्मी का असर कम दिखाई दिया। बाजारों में निकले लोगों ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से तेज धूप और उमस के कारण घरों से निकलना मुश्किल हो रहा था, लेकिन मंगलवार को मौसम सुहावना होने से काफी राहत महसूस हुई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने बदले हुए मौसम का आनंद लिया।मौसम में आए बदलाव का असर शाम के समय और अधिक देखने को मिला। दिनभर बादलों की मौजूदगी के कारण धूप का प्रभाव कम रहा और वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा बना रहा। कई इलाकों में लोग घरों की छतों और पार्कों में निकलकर सुहावने मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए। हालांकि किसानों ने यह भी कहा कि फसलों की बेहतर वृद्धि के लिए आगामी दिनों में अच्छी बारिश की आवश्यकता बनी हुई है।यदि बारिश का सिलसिला जारी रहता है तो तापमान में और गिरावट आ सकती है, जिससे लोगों को गर्मी से और अधिक राहत मिलने की उम्मीद है। मंगलवार की बारिश ने यह जरूर साबित कर दिया कि थोड़ी सी बरसात भी उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों के लिए किसी बड़ी राहत से कम नहीं होती।

# श्रावण में श्रद्धा का संकल्पः पंच प्रयाग आश्रम की बाउंड्री निर्माण हेतु भाजपा नेताओं ने 11,111 की सहयोग राशि भेंट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** श्रावण मास के पावन अवसर पर धार्मिक आस्था, सेवा भावना और सामाजिक सहभागिता का प्रेरणादायी दृश्य उस समय देखने को मिला, जब भारतीय जनता पार्टी के न्यूरिया मंडल अध्यक्ष महेंद्र पाल राजपूत के नेतृत्व में मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बरो स्थित पंच प्रयाग आश्रम पहुंचकर मंदिर परिसर की चारदीवारी (बाउंड्री) निर्माण के लिए 11,111 (ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपये) की सहयोग राशि श्रद्धापूर्वक भेंट की।आश्रम परिसर में आयोजित सादे एवं गरिमामय कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महेंद्र पाल राजपूत ने आश्रम के संतों एवं प्रबंधन समिति को सहयोग राशि सौंपते हुए कहा कि धार्मिक स्थल केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। इनका संरक्षण, संवर्धन और विकास प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर की चारदीवारी बनने से आश्रम अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आकर्षक बनेगा, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिल सकेंगी।उन्होंने बताया कि यह सहयोग राशि न्यूरिया मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के स्वैच्छिक सहयोग और श्रद्धाभाव से एकत्रित कर आश्रम को समर्पित की गई है। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन एवं जलाभिषेक कर जनपद की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली और राष्ट्र की उन्नति की कामना की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भविष्य में भी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से धार्मिक स्थलों का संरक्षण और विकास अधिक प्रभावी ढंग से संभव हो सकता है। ऐसे सेवा कार्य समाज में समर्पण, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं तथा नई पीढ़ी को भी सकारात्मक प्रेरणा प्रदान करते हैं।इस अवसर पर भाजपा महामंत्री आनंदपाल वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सोनू मौर्य, डॉ. एस.के. वर्मा, मंडल मंत्री सतविंदर सिंह, अवधेश कुमार, बाबूराम वर्मा, डॉ. लालता प्रसाद भास्कर, मुन्नालाल भारती, प्रमोद कश्यप सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर आश्रम परिसर "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से गूंज उठा। सभी उपस्थित लोगों ने क्षेत्र की उन्नति, जनकल्याण, सामाजिक सौहार्द और देश की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए धार्मिक सेवा और समाजहित के कार्यों में निरंतर योगदान देने का संकल्प दोहराया। श्रद्धा, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व से परिपूर्ण यह सहयोग कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।



धनराशि भेंट करते हुए भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बैठक** 9 से 17 अगस्त तक चलेगा 'हर घर तिरंगा' अभियान

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आगामी 79वें स्वतंत्रता दिवस को भव्य, गरिमामय और राष्ट्रभक्ति के माहौल में मनाने के उद्देश्य से मंगलवार को गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी की मौजूदगी एवं अध्यक्षता में तिरंगा अभियान की बैठक।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों के प्रति सम्मान एवं नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का पर्व है। इसलिए सभी कार्यक्रम गरिमापूर्ण, अनुशासित और जनभागीदारी के साथ आयोजित किए जाएं।बैठक में तय किया गया कि 15 अगस्त की सुबह 8 बजे जनपद के सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन होगा। सभी कार्यालयों, प्रमुख सरकारी भवनों, पार्कों एवं चौराहों को आकर्षक प्रकाश व्यवस्था और तिरंगा थीम पर सजाया जाएगा। जनपद की सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारी स्वतंत्रता सेनानियों एवं कारगिल शहीदों का सम्मान करेंगे।

जिलाधिकारी स्वयं वृद्धाश्रम में वृक्षारोपण करेंगे, जबकि सुबह 10 से 12 बजे तक गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रनिर्माण और देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक शहीद पार्क, बल्लभ नगर कॉलोनी पहुंचकर वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे तथा पुलिस बैण्ड द्वारा देशभक्ति धुनें प्रस्तुत की जाएंगी। इसी समय गैस चौराहा स्थित शहीद दामोदर पार्क में नगर मजिस्ट्रेट द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर पुलिस बैण्ड कार्यक्रम आयोजित कराया जाएगा। इसके बाद 11:30 बजे राम स्वरूप पार्क में ध्वजारोहण होगा। इसी समय जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित करेंगे, जबकि मुख्य विकास अधिकारी वृद्धाश्रम में तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा बरखेड़ा स्थित वृद्धाश्रम में फल वितरण किया जाएगा।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के विरोध में हिन्दू महासभा का प्रदर्शन

## तालाब, ग्राम समाज, नजूल व शत्रु संपत्तियों को कब्जामुक्त कराने की उठी मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले में सरकारी भूमि पर कथित अतिक्रमण के विरोध में मंगलवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा ने सदर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग की। संगठन के जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के बाद उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सरकारी तालाब, ग्राम समाज, नजूल भूमि, नई परती, शत्रु संपत्तियों, खेल मैदान, धोबी घाट और श्मशान भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग उठाई गई। धरने को संबोधित करते हुए पं. पंकज शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन विभिन्न क्षेत्रों से लगातार शिकायतें मिलने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे या अनियमित प्लॉटिंग की शिकायतें सामने आ रही हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। उन्होंने पकड़िया नौगवां एतमाली स्थित वसुंधरा कॉलोनी का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां सार्वजनिक भूमि से जुड़े विवादों की स्वतंत्र जांच कराई जाए। यदि जांच में किसी भी स्तर पर अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। संगठन ने चंदोई क्षेत्र में तालाब, खेल मैदान और धोबी घाट पर कथित अतिक्रमण का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में मांग की गई कि राजस्व अभिलेखों की गहन जांच कर भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए तथा दोषी पाए जाने वालों पर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। हिन्दू महासभा ने जिले की श्मशान भूमि की बदहाल स्थिति पर भी चिंता जताई। संगठन ने कहा कि कई स्थानों पर श्मशान भूमि अतिक्रमण और अव्यवस्था का शिकार है, जिससे ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। श्मशान स्थलों का सर्वे कराकर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ चहारदीवारी, समतलीकरण, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और टीनशेड जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com








## एक नजर

### महिला अस्पताल का एडी हेल्थ कार्यालय की टीम ने किया निरीक्षण

**पूरनपुर।** नगर के महिला चिकित्सालय में एडी हेल्थ कार्यालय से आई निरीक्षण टीम ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। मंगलवार को नगर के महिला अस्पताल का टीम ने निरीक्षण कियख। अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेकर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान टीम ने ओपीडी, प्रसूति वार्ड, दवा वितरण केंद्र, टीकाकरण कक्ष, प्रयोगशाला तथा साफ-सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण कर अभिलेखो को देखा। टीम ने अस्पताल में आने वाले मरीजों और तीमारदारों को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। इसके अलावा अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, आवश्यक उपकरणों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति का भी परीक्षण किया गया।

# चौमुखी विकास के लिए विधायक विवेक कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री व मंत्रियों को सौंपे मांग पत्र

**14 प्रमुख ग्रामीण सड़कों के निर्माण, दियोरिया कलां को नई क्षेत्र पंचायत बनाने, नया फायर स्टेशन व रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार की उठाई मांग**

जागरण मोर्चा कार्यालय


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते बीसलपुर विधायक विवेक कुमार वर्मा। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** विधानसभा क्षेत्र 130 से विधायक विवेक कुमार वर्मा ने क्षेत्र के समग्र विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को अलग-अलग मांग पत्र सौंपकर कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की है। विधायक द्वारा उठाए गए प्रमुख विकास कार्य व मांगों में प्रमुख रूप से दियोरिया कलां को नई क्षेत्र पंचायत गठित करने की मांग, बीसलपुर- करेली क्षेत्र में नए फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना, ऐतिहासिक 'मेला श्री रामलीला मैदान' का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को लिखे पत्र में विधायक ने बीसलपुर की ऐतिहासिक रामलीला का जिक्र किया जो विशाल खुले मैदान में एक माह तक आयोजित होती है। उन्होंने इस ऐतिहासिक मैदान के कायाकल्प, जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराने की मांग उठाई। विधानसभा क्षेत्र की अत्यंत जीर्ण-शीर्ण सड़कों के निर्माण के लिए विधायक ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत 14 महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों के निर्माण का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा है। विधायक विवेक कुमार वर्मा ने बताया है। कि प्रदेश सरकार इन सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर बीसलपुर की जनता को राहत पहुंचाएगी।

## दुकान से आ रहे युवक को घेरकर पीटा, चार केस दर्ज

**पूरनपुर।** दुकान से खरीदारी कर आए रहे युवक को घेरकर पीट दिया। पुलिस ने महिला सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी पूनम ने बताया कि दो अगस्त को उसका पति रामजीत दुकान पर खरीदारी करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी सुरजीत शर्मा,पुत्र प्रियांशु व उसकी पत्नी नन्ही देवी ने एक राय होकर उसके पति को घेर लिया। इसके बाद गाली गलौच करना शुरु कर दिया।

विरोध करने पर सभी ने उसके पति को लाठी डंडे व लात घूंसो से मारा पीटा। जिससे रामजीत घायल हो गया। शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। वमुश्किल लोगों ने मौके पर पहुंच कर विवाद को शांत कराया। घायल युवक और उसकी पत्नी घुंघचाई थाने पहुंचे और पुलिस को मामले की तहरीर दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर सभी पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षेप समाचार

### श्री साई गर्ल्स डिग्री कॉलेज का शत-प्रतिशत परिणाम, दो छात्राओं को गोल्ड मेडल


परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए छात्रा को पुरस्कृत करता कालेज प्रशासन।

**पूरनपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली की एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर (अंतिम वर्ष) सत्र 2025-26 की परीक्षा में श्री साई गर्ल्स डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। महाविद्यालय की दो छात्राओं ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया। एम.ए. (शिक्षाशास्त्र) की छात्रा श्रुति सिंह ने 81.20 प्रतिशत अंक तथा एम.ए. (हिंदी साहित्य) की छात्रा रीमा कुशवाहा ने 78.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने विषय में विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय द्वारा दोनों छात्राओं को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रबंधक रजत सक्सेना ने छात्राओं, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं प्रबंधन के सहयोग को दिया। इस अवसर पर प्रभारी तौसीफ अहमद, प्राचार्या डॉ. निधि जोहरी सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलीनगर तहसील के नायब तहसीलदार पर अनियमितताओं के आरोप


मुकेश गुप्ता

**पूरनपुर।** तहसील कलीनगर में तैनात नायब तहसीलदार अजय यादव के खिलाफ कथित अनियमितताओं और मनमानी को लेकर मुख्यमंत्री को मुकेश गुप्ता एडवोकेट द्वारा शिकायत भेजी गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2022 से तहसील में तैनाती के दौरान राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे आम जनता और वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ताओं ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है कि कई राजस्व मामलों में बिना अवैध धन लिए पत्रावलियों का निस्तारण नहीं किया जाता, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। शिकायत में मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर नायब तहसीलदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने तथा जनहित में उनका स्थानांतरण किए जाने की मांग की गई है। यह शिकायत 4 अगस्त 2026 को अधिवक्ता मुकेश गुप्ता एवं अधिवक्ता नोशाद अली की ओर से प्रेषित की गई है। शिकायत की प्रतिलिपि संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है, ताकि मामले में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### शराब के नशे में घर में घुसकर किशोर से मारपीट, कपड़े फाड़े जान से मारने की धमकी

**पीलीभीत।** जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर में शराब के नशे में एक युवक द्वारा घर में घुसकर किशोर के साथ मारपीट करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।गांव जगदीशपुर निवासी निर्मला देवी पत्नी छेदा लाल ने थाना बरखेड़ा में दी गई तहरीर में बताया कि 3 अगस्त शाम करीब सात बजे वह घर पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान गांव निवासी संजीत कुमार पुत्र राम बहादुर कथित रूप से शराब के नशे में उनके घर में घुस आया और उन्हें तथा परिवार के अन्य सदस्यों को गंदी-गंदी गालियां देने लगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से 15 बकरियों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका जमीमा के पास मैलानी-पीलीभीत रेलखंड पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से एक दर्जन से अधिक बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका जमीमा गांव के पास सोमवार की शाम को गांव के कुछ पशुपालक रेलवे लाइन के किनारे अपनी बकरियों को चरा रहे थे। इसी बीच मैलानी की ओर से पीलीभीत की तरफ जा रही ट्रेन वहां पहुंच गई। ट्रेन चालक ने दूर से लगातार हॉर्न बजाया,लेकिन बकरियां समय रहते ट्रैक से नहीं हट सकीं। कुछ ही क्षणों में ट्रेन की चपेट में बकरियों के झुंड आ गया। जिससे 15 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृत बकरियों को देखकर पशुपालक फूट-फूटकर रोने लगा। ग्रामीणों ने उसे ढांढस बंधाया और प्रशासन को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर रेलवे से जुड़े कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मृत बकरियों को ट्रैक से हटवाया गया जिससे रेल यातायात सामान्य रूप से संचालित होता रहा। एक साथ 15 बकरियों की मौत से उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उनका कहना है कि गरीब परिवार के लिए यह नुकसान किसी बड़ी आपदा से कम नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित पशुपालक को आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है

# शारदा नदी का भू-कटान तेज, फसलें जलमग्न

**कई गांवों पर मंडराया खतरा, लोगों की बढ रहीं चिंताएं**

जागरण मोर्चा कार्यालय


कटान करती शारदा नदी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** ट्रांस शारदा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे शारदा नदी के जलस्तर और तेज भू-कटान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। नदी का कटाव लगातार तेज होने से कई किसानों की धान और गन्ने की फसल जलमग्न हो गई है। खेतों में पानी भरने से फसलें खराब होने लगी हैं,जिससे नदी के तेजी से हो रहे कटान के कारण कई गांवों के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है।

इस भू कटान से हजारा, शास्त्रीनगर,सिद्ध नगर सहित कई गांवो में खतरा वना हुआ है। लोगों का कहना है कि अगर शीघ्र ही बचाव कार्य नही किया गया तो कई गांव बाढ की चपेट में आ सकते हैं। पुल पर भी खतरा मंडराने लगा है। खेतों में पानी भर जाने से धान और गन्ने की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई है। जिन फसलों को किसान बेहतर उत्पादन की उम्मीद से तैयार कर रहे थे, वे अब बर्बादी की कगार पर पहुंच गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नदी का कटान लगातार आबादी की ओर बढ़ रहा है। यदि समय रहते प्रभावी बचाव कार्य नहीं कराया गया तो कई गांवों तक खतरा पहुंच सकता है।

लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में शारदा नदी का यही रुख देखने को मिलता है, लेकिन इस बार कटान की रफ्तार अधिक होने से चिंता बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि धान की फसल लंबे समय तक पानी में डूबी रहने से सड़ सकती हैं। फसलों में लगी मेहनत और लागत डूबने से किसान आर्थिक संकट की आशंका जता रहे हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द पानी नहीं निकला और कटान नहीं रुका, तो नुकसान और बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और सिंचाई विभाग से कटान रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

लोगों का कहना है कि संवेदनशील स्थानों पर बोल्डर पिचिंग, तटबंधों की मरम्मत और अन्य सुरक्षात्मक कार्य शीघ्र कराए जाएं, ताकि कृषि भूमि और आबादी को सुरक्षित रखा जा सके। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बचाव कार्य नहीं हुआ तो कई गांवों के सामने विस्थापन जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

# सेहरामऊ क्षेत्र में देर रात सड़क पर टहलता दिखा बाघ, गश्त कर रही पुलिस ने बनाया वीडियो

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सेहरामऊ क्षेत्र के गांव गढ़ाकला-नवदिया मार्ग पर सोमवार की देर रात उस समय दहशत फैल गई, जब करीब 11 बजे एक बाघ सड़क पर बेखौफ चहलकदमी करता दिखाई दिया। उस समय क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस टीम की नजर बाघ पर पड़ी। पुलिसकर्मियों ने सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए उसका वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

बाघ कुछ देर तक सड़क पर टहलता रहा और आसपास का जायजा लेता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने किसी प्रकार की जल्दबाजी नहीं दिखाई और वाहन को सुरक्षित दूरी पर रोककर पूरे घटनाक्रम का


सडक पर टहलता बाघ। -जागरण मोर्चा

वीडियो बनाया। कुछ देर बाद बाघ सड़क छोड़कर पास के जंगल और गन्ने के खेतों की ओर चला गया।

वीडियो वायरल होने के बाद गढ़ाकला, नवदिया और आसपास के गांवों के लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी बाघ की मौजूदगी की आशंका जताई जाती रही है,लेकिन इस बार वह मुख्य सड़क पर दिखाई देने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। लोगों ने रात के समय घरों से बाहर निकलने से बचने और बच्चों को अकेले खेतों की ओर नहीं भेजने का निर्णय लिया है। घटना की जानकारी वन विभाग को भी दी गई। बताया जा रहा है कि वन विभाग की टीम क्षेत्र में बाघ की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि कहीं बाघ दिखाई दे तो उसके पास जाने या उसे भगाने का प्रयास न करें, बल्कि तुरंत वन विभाग या पुलिस को सूचना दें। फिलहाल वायरल वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वन विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से इलाके पर नजर रखे हुए हैं तथा लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील कर रहे हैं।

## रंजिश में 16 वर्षीय किशोर की हत्या, पेड़ से लटकाया शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमरा करोड़ में एक 16 वर्षीय किशोर की बेरहमी से हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश के चलते तीन दबंगों पर किशोर की हत्या करने का आरोप लगा है। पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्राम अमरा करोड़ निवासी नन्हेलाल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि उनका 16 वर्षीय पुत्र सुरजीत कुमार सुबह लगभग 8:00 बजे घर से जानवरों के लिए घास काटने निकला था। जब सुरजीत काफी देर तक वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने उसके मोबाइल नंबर पर कई बार फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। तलाश के दौरान दोपहर लगभग 11:30 बजे परिजन अर्जुनपुर के खेतों में पहुंचे। जहां नीम के पेड़ के पास उन्होंने देखा कि गांव के ही कुंवरसेन उसकी पत्नी सुनीता देवी और पुत्र सौरभ मिलकर सुरजीत को फांसी पर लटका रहे थे और मौके से भागने की फिराक में थे। परिजनों को आता देख तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। मृतक के पिता का आरोप है कि नामजद आरोपियों के साथ उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही थी। आरोपियों ने पूर्व में उनके गन्ने के खेत में दो बार आग लगाई थी तथा एक बार उनके घर में भी आग लगा चुके थे। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने घात लगाकर किशोर की हत्या कर दी। पीड़ित नन्हेलाल की तहरीर के आधार पर आरोपी कुंवरसेन, सुनीता देवी और सौरभ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर कौमी एकता कवि सम्मेलन-मुशायरे की उठी मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


जिलाधिकारी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी एवं पत्रकार। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में आयोजित बैठक के दौरान साहित्यिक संस्था शब्दांकुर के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अरुण भारद्वाज एडवोकेट ने स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर वर्षों से आयोजित होते रहे कौमी एकता गंगा-जमुनी कवि सम्मेलन एवं मुशायरे को पुनः शुरू कराने की मांग प्रमुखता से उठाई।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन जनपद की साहित्यिक और सांस्कृतिक पहचान रहा है, जिसे दोबारा शुरू किया जाना चाहिए। अरुण भारद्वाज ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को अवगत कराया कि एक समय जिला प्रशासन के तत्वावधान में गांधी प्रेक्षागृह में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कौमी एकता कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का भव्य आयोजन होता था। हिंदी साहित्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय विजय प्रकाश बाजपेई के संचालन में यह कार्यक्रम वर्षों तक सफलतापूर्वक आयोजित होता रहा, जिसमें विभिन्न वर्गों के कवि, शायर और साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में भाग लेते थे।

उन्होंने कहा कि बाद के वर्षों में भी पत्रकार मंसूर शम्सी, साहित्यकार अविनाश चंद्र मिश्र, व्यापार मंडल तथा अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से यह परंपरा आगे बढ़ती रही, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से प्रशासनिक स्तर पर यह आयोजन बंद होने से जनपद के साहित्यकारों और श्रोताओं में निराशा का वातावरण है। बैठक के दौरान उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि तत्कालीन जिलाधिकारी शीतल वर्मा के कार्यकाल में जब यह कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ था, तब साहित्यकारों और पत्रकारों ने प्रशासनिक उपेक्षा के विरोध में युवक संघ पुस्तकालय में स्वतंत्र रूप से कौमी एकता कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया था।

**कार्रवाई** | पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने रोपा पौधा, संरक्षण के लिए लगाए ट्री गार्ड

# हरियाली की ओर बढ़ा कदम, बल्लभनगर कॉलोनी में हुआ पौधारोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और हराभरा बनाने के उद्देश्य से आज शहर के बल्लभनगर कॉलोनी में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। लगाए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके चारों ओर मजबूत ट्री गार्ड भी लगाए गए, ताकि उनका समुचित विकास हो सके।

इस अवसर पर डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण और बदलता पर्यावरण आज पूरी दुनिया के लिए चुनौती बन चुका है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक


पौधा रोपकर ट्री गार्ड लगाते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल एवं अन्य नागरिक। -जागरण मोर्चा

पौधे लगाए और उनकी देखभाल भी करे। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल हरियाली नहीं बढ़ाते, बल्कि स्वच्छ हवा, शुद्ध वातावरण और बेहतर भविष्य की आधारशिला भी होते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और विकास कार्यों की सराहना की। लोगों का कहना था कि नगर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी लगातार प्रभावी पहल की जा रही है। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और नियमित जनसंपर्क के कारण नगर पालिका के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है।

कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों ने भी पौधों की देखभाल का संकल्प लिया और कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखकर वृक्ष बनने तक संरक्षण देना भी उतना ही आवश्यक है। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया गया।

## मूसलाधार बारिश से जलभराव ने खोल दी विकास पोल

**पूरनपुर।** मूसलाधार बारिश ने एक ओर लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दिलाई, वहीं दूसरी ओर नगर की सड़कों पर जलभराव की समस्या भी खड़ी कर दी। ब्लॉक रोड सहित नगर के कई प्रमुख मार्गों पर पानी भर गया। जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश से दोपहिया वाहन चालकों को पानी से होकर गुजरने में भारी परेशानी हुई। जबकि कई स्थानों पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए। स्कूल से लौट रहे बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और बाजार आने-जाने वाले नागरिकों को जलभराव के कारण काफी असुविधा हुई। कुछ जगहों पर लोगों को पानी से बचने के लिए वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा।

# एसडीएम ने किया कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय


निरीक्षण करते एसडीएम। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने को लेकर उपजिलाधिकारी मंयक गोस्वामी ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तथा संबंधित अधिकारियों के साथ संयुक्त रुप से कांवड़ मार्ग एवं प्रमुख स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विद्युत लाइनों,पोलों, ट्रांसफार्मरों तथा अन्य विद्युत उपकरणों की सुरक्षा व्यवस्था का परीक्षण किया गया। अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा अवधि में सभी विद्युत व्यवस्थाएं पूर्णतः सुरक्षित एवं सुचारु रहें। जर्जर अथवा झूलते हुए तारों,खुले विद्युत उपकरणों एवं अन्य संभावित जोखिम वाले स्थलों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की संभावना को समाप्त करने हेतु आवश्यक निवारक उपाय किए जाएं।

उपजिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान विद्युत विभाग की टीमें सतत सक्रिय रहें तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे कांवड़ यात्रा सकुशल एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। एसडीएम ने बताया कि कांवड यात्रा के रोडो का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए

# विश्व चैंपियनशिप में भारत की मजबूत दावेदारी, सिंधू और सात्विक-चिराग को मिली वरीयता

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के महिला एकल वर्ग में नौवीं सीडिंग मिली है, जबकि स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पांचवीं वरीयता दी गई है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 17 से 23 अगस्त तक



नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगी।

**भारत के चार खिलाड़ियों/जोड़ियों को मिली सीडिंग**

भारत ने टूनार्मेंट की सभी पांचों स्पधाओं में दो-दो प्रविष्टियां भेजी हैं। इनमें से चार वर्गों में कम से कम एक भारतीय खिलाड़ी या जोड़ी को सीडिंग मिली है। महिला एकलः पीवी सिंधू - 9वीं सीड पुरुष एकलः लक्ष्य सेन - 14वीं सीड पुरुष युगलः सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/चिराग शेट्टी - 5वीं सीड मिक्स्ड डबल्सः ध्रुव कपिला/तनिषा क्रास्टो - 15वीं सीड सिंधू हाल ही में जापान ओपन 2026 का खिताब जीत चुकी हैं, जबकि सात्विक-चिराग 2022 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं।

**विश्व रैंकिंग के आधार पर तय हुई सीडिंग-** विश्व चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन 28 अप्रैल 2026 की विश्व रैंकिंग के आधार पर हुआ था, जबकि सीडिंग 28 जुलाई 2026 की ताजा विश्व रैंकिंग के अनुसार तय की गई है।

# श्रीलंका पहुंची टीम इंडिया

## साई सुदर्शन अभी भी सीओई में; फिटनेस पर 3-4 दिन में होगा फैसला

एजेंसी न्यूज

**बंगलूरू।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की अगुआई में टीम इंडिया मंगलवार को दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका पहुंच गई। हालांकि, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज साई सुदर्शन अभी टीम के साथ नहीं गए हैं। वह पैर की अंगुली की चोट से उबर रहे हैं और फिलहाल बंगलूरू स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में मेडिकल स्टाफ की निगरानी में रिहैब कर रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, सुदर्शन रोजाना एक घंटे से अधिक समय तक नेट्स में बल्लेबाजी कर रहे हैं। उनकी रिकवरी पर लगातार नजर रखी जा रही है और अगले तीन से चार दिनों में उनकी फिटनेस का दोबारा आकलन किया जाएगा। इसके बाद ही तय होगा कि वह श्रीलंका जाकर टीम से जुड़ पाएंगे या नहीं।

बीसीसीआई मेडिकल टीम सुदर्शन की वापसी को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। बोर्ड का मानना है कि खिलाड़ी को पूरी तरह फिट होने के बाद ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटना चाहिए। हाल के दिनों में



तेज गेंदबाज हर्षित राणा की जल्द वापसी के बाद दोबारा चोटिल होने का मामला सामने आया था, इसलिए सुदर्शन के मामले में अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।

साई सुदर्शन को हाल ही में भारत-ए के श्रीलंका दौरे के दौरान पैर की अंगुली में चोट लगी थी। हालांकि अब उन्होंने नेट्स में बल्लेबाजी शुरू कर दी है, जिससे मेडिकल स्टाफ को उम्मीद है कि वह जल्द टीम से जुड़ सकते हैं।

भारतीय टीम सात अगस्त से कोलंबो के नॉनडिस्क्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब मैदान पर तीन दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। इसके बाद टीम 15 अगस्त से गॉल में पहला टेस्ट खेलेगी, जबकि दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा। यदि सुदर्शन फिट घोषित होते हैं, तो उनके दूसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ने की संभावना है।

# कॉमनवेल्थ गेम्सः ग्लासगो से लापता हुआ पाकिस्तानी मुक्केबाज, पासपोर्ट टीम मैनेजर के पास

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स के समापन के बाद पाकिस्तान बॉक्सिंग



फेडरेशन (पीबीएफ) एक बार फिर विवादों में आ गया है। पाकिस्तान के मुक्केबाज कुदरतुल्लाह प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद टीम होटल से कथित तौर पर लापता हो गए हैं। पाकिस्तान ओलंपिक एसोसिएशन (पीओए) से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार, कुदरतुल्लाह अपने भार वर्ग में मुकाबला खेलने के बाद टीम होटल से गायब हो गए। हैरानी की बात यह है कि उनका पासपोर्ट टीम मैनेजर के पास होने के बावजूद वह होटल छोड़ने में सफल रहे। सूत्र ने बताया कि यह पाकिस्तान बॉक्सिंग फेडरेशन के लिए कोई नई घटना नहीं है। इससे पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के दौरान पाकिस्तानी मुक्केबाज विदेशी देशों में टीम से अलग होकर गायब हो चुके हैं। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 (बर्मिंघम)ः पाकिस्तान के दो मुक्केबाज सुलेमान बलोच और नजीरुल्लाह खान भी टीम से अलग होकर लापता हो गए थे। उस समय भी उनके पासपोर्ट टीम अधिकारियों के पास होने की बात कही गई थी। विश्व ओलंपिक क्वालिफायर 2024 (इटली)ः एशियाई स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज जोहैब रशीद पर अपने रूममेट की विदेशी मुद्रा और कीमती सामान चोरी करने के बाद इटली के बुस्टो आर्सिजियो शहर से फरार होने का आरोप लगा था। ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में पाकिस्तान का प्रदर्शन भी बेहद निराशाजनक रहा। 36 सदस्यीय पाकिस्तानी दल केवल एक कांस्य पदक जीत सका, जो महिला मुक्केबाज फातिमा जहरा ने दिलाया। हालांकि, कुदरतुल्लाह के लापता होने के मामले में पाकिस्तान बॉक्सिंग फेडरेशन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। घटना के बाद एक बार फिर फेडरेशन की कार्यप्रणाली और खिलाड़ियों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

# कॉमनवेल्थ में चमके भारतीय सितारे, अब एशियन गेम्स जीतने की बारी; बोले- जश्न बाद में, तैयारी पहले

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन कर लौटे भारतीय खिलाड़ियों का मंगलवार तड़के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों,



देशभक्ति गीतों, फूल-मालाओं और समर्थकों की जोरदार मौजूदगी के बीच खिलाड़ियों ने अपने परिवार और प्रशंसकों से मुलाकात की। हालांकि खिलाड़ियों ने साफ कर दिया कि अब उनका पूरा ध्यान अगले महीने होने वाले एशियन गेम्स (आइची-नागोया) पर है। भारतीय मुक्केबाजों ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 10 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इसमें महिला मुक्केबाजों ने छह और पुरुष खिलाड़ियों ने चार पदक अपने नाम किए। वहीं पैरा एथलेटिक्स टीम ने भी इतिहास रचते हुए रिकॉर्ड सात पदक जीते, जिससे भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा।

स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज प्रिया घंघास ने कहा कि कॉमनवेल्थ गेम्स में राष्ट्रगान सुनना उनके जीवन का सबसे यादगार पल रहा, लेकिन अब उनका पूरा फोकस एशियन गेम्स पर है। उन्होंने कहा, 'इतने बड़े मंच पर राष्ट्रगान सुनना अविस्मरणीय अनुभव है। लेकिन अब मेरा लक्ष्य एशियन गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीतना है।'

इंग्लैंड की रूबी व्हाइट को पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक जीतने वाली साक्षी चौधरी ने कहा कि उन्होंने हर रात इस पल का सपना देखा था। उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा खुद को गोल्ड जीतते और देश का राष्ट्रगान बजते हुए देखा था। अब वही सपना सच हो गया है। लेकिन अगला लक्ष्य एशियन गेम्स है और वहां भी यही प्रदर्शन दोहराना चाहती हूं।' महिला मुक्केबाज जैसमीन लांबोरिया ने बताया कि बीमारी के कारण वह कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले सिर्फ तीन सप्ताह ही अभ्यास कर सकी थीं। उन्होंने कहा, 'रिंग में उतरने के बाद मैंने सारी परेशानियां भूलकर सिर्फ भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की।'

# सोने की चमक लौटी, 1.47 लाख रुपये के पार; चांदी 226500

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में हल्की तेजी दर्ज की गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 100 रुपये महंगा होकर 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले सोमवार को इसकी कीमत 1,47,400 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ और यह 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, घरेलू बाजार में सोने की सीमित खरीदारी देखने को मिली, जबकि चांदी का कारोबार सीमित दायरे में रहा।




विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही अनिश्चितताओं के कारण निवेशक फिलहाल सतर्क रुख अपना रहे हैं। अमेरिका और ईरान के बीच जारी कूटनीतिक घटनाक्रम तथा अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति को लेकर स्पष्ट संकेत नहीं मिलने से सोने और चांदी दोनों की कीमतों में बड़े उतार-चढ़ाव नहीं दिख रहे हैं। निवेशक अगले आर्थिक संकेतों का इंतजार कर रहे हैं, जिससे आगे की दिशा तय हो सके।

वैश्विक बाजार में हाजिर सोना शुरूआती कारोबार में बढ़त के बाद फिसलकर करीब 4,049 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखाई दिया। वहीं ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 84.36 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई। ओमान तट के पास एक मालवाहक जहाज पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हुए हमले की खबर के बाद भू-राजनीतिक चिंताओं में बढ़ोतरी हुई। इसी कारण निवेशकों की नजर सुरक्षित निवेश विकल्पों पर बनी हुई है।

घरेलू बाजार में चांदी की कीमत स्थिर रही, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसमें करीब एक प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई और यह लगभग 58.66 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। मजबूत अमेरिकी विनिर्माण आंकड़ों से औद्योगिक मांग बढ़ने की उम्मीद बनी है, जिसका सकारात्मक असर चांदी पर देखा गया। हालांकि घरेलू बाजार में इसका पूरा प्रभाव अभी दिखाई नहीं दिया, इसलिए कीमतें स्थिर रहीं। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में अमेरिका के कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी होने वाले हैं। इनके आधार पर फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों को लेकर तस्वीर साफ हो सकती है।

# शेयर बाजार में गिरावट; सेंसेक्स 210 अंक लुढ़का, जानें निफ्टी कितना टूटा

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। शुरूआती बढ़त को गंवाते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 210.08 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 78,428.95 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, बेंचमार्क ने 79,143.15 का उच्च और 78,211.87 का निम्न स्तर छुआ, जिसमें 931.28 अंकों का उतार-चढ़ाव आया।




दिनभर गिरावट के दायरे में कारोबार करने के बाद, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 159.40 अंक या 0.64 प्रतिशत गिरकर 24,614.90 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 346.35 अंक या 1.39 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई और यह 24,427.95 के निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे कमजोर हुआ, यह 95.39 रुपये (अस्थायी) पर बंद हुआ।

रिसर्च एनालिस्ट फर्म एचएसटी वेल्थ के संस्थापक और सीईओ हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा कि एफ एंड ओ शेयरों के लिए क्लोजिंग ऑक्शन सेशन (सीएएस) की शुरूआत ने बेंचमार्क इंडेक्स में अस्थिरता की एक नई परत जोड़ दी है, और मंगलवार के कारोबार में संशोधित बाजार संरचना के लिए शुरूआती समायोजन झलक रहा है। सोमवार की नीलामी के बाद कई प्रमुख इंडेक्स शेयरों के समापन मूल्यों में उछाल आया, जिसके बाद निवेशकों ने आज के सत्र का अधिकांश समय अपनी पोजीशन को फिर से समायोजित करने में बिताया क्योंकि कीमतें निरंतर कारोबार के दौरान स्थापित स्तरों की ओर वापस लौट रही थीं। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप हुआ समायोजन सेंसेक्स की तुलना में निफ्टी में अधिक स्पष्ट रहा है, क्योंकि नई नीलामी प्रणाली से सबसे अधिक प्रभावित शेयरों में अपेक्षाकृत अधिक मुनाफावसूली देखी गई। राधाकृष्णन ने आगे कहा कि यह अंतर अंतर्निहित मूलभूत सिद्धांतों में किसी महत्वपूर्ण बदलाव के बजाय बाजार की कार्यप्रणाली को दशार्ता प्रतीत होता है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि मंगलवार को साप्ताहिक समाप्ति, साथ ही एफ एंड ओ क्लोजिंग कीमतों को निर्धारित करने के लिए नई व्यवस्था के लागू होने से बाजार के रुझानों में विकृति आई है।

# एशियाड से पहले रूमेश पथिरागे का सामना करेंगे नीरज चोपड़ा, लुसाने डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने हाल ही में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में चुनौती पेश की थी। अब वह एशियाई खेलों से पहले लुसाने डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे जहां उनके सामने श्रीलंका के रूमेश पथिरागे की चुनौती होगी। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 21 अगस्त को लुसाने डायमंड लीग में राष्ट्रमंडल



खेलों के चैंपियन और इस सत्र में सबसे आगे चल रहे श्रीलंका के रूमेश पथिरागे का सामना करेंगे। इस टूनार्मेंट में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले चुके पांच खिलाड़ी नजर आएंगे। ग्लास्गो में सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके 85. 83 मीटर का थ्रो फेंकने वाले नीरज का सामना ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम, मौजूदा विश्व चैंपियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकाट और पूर्व विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से होगा। टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश, जर्मनी के जूलियन वेबर, स्विटजरलैंड के सिमोन वीलैंड और अमेरिका के कुर्टिस थॉम्पसन भी इसमें नजर आएंगे। आयोजकों ने कहा कि पिछले चार ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप जीत चुके भालाफेंक के पांच सुपरस्टार 21 अगस्त को इस टूनार्मेंट में भाग लेंगे। चोट से उबरने के बाद यह नीरज का तीसरा टूनार्मेंट होगा। वह जून में दोहा डायमंड लीग में 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। पथिरागे ने राष्ट्रमंडल खेलों में 89.75 मीटर का थ्रो लगाकर पहला स्थान हासिल किया था। उन्होंने जून में गोल्डन गाला पिएट्रो मेनिया में 92.62 मीटर का थ्रो लगाया था। एशियाई खेलों से पहले नीरज के सामने लुसाने डायमंड लीग में कड़ी चुनौती होगी क्योंकि इसमें दिग्गज भाला फेंक एथलीट हिस्सा लेंगे। नीरज ने ग्लास्गो में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता था, लेकिन उनकी नजरें इससे बेहतर प्रदर्शन करने पर रहेंगी।

# क्या है क्लोजिंग ऑक्शन सेशन?

## शेयर बाजार में क्यों बदला कारोबार का तरीका, निवेशकों पर क्या होगा असर

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में हाल के वर्षों का बड़ा परिचालन बदलाव हुआ है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने पात्र फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) शेयरों के लिए सोमवार से क्लोजिंग ऑक्शन सेशन (सीएएस) की शुरूआत की है। नया ढांचा इन शेयरों के बंद होने की कीमत तय करने के तरीके बदल देगा और इक्विटी डेरिवेटिव्स (एफएंडओ) ट्रेडिंग का समय 10 मिनट बढ़ा देगा।

आइए जानते है यह नया सिस्टम कैसे काम करेगा, क्यों लाया गया है और इसका छोटे निवेशकों व इंट्राडे ट्रेडर्स पर क्या असर पड़ेगा...

**निवेशकों के लिए क्या बदला?**

अब तक किसी शेयर की क्लोजिंग प्राइस रेगुलर ट्रेडिंग के आखिरी 30 मिनट के दौरान हुए सभी सौदों की वॉल्यूम-वेटेड एवरेज प्राइस (वीडब्ल्यूएपी) के आधार पर तय की जाती थी। लेकिन, अब सेबी ने क्लोजिंग ऑक्शन सेशन की शुरूआत की है।

सेबी के सर्कुलर के मुताबिक, शुरूआत में यह नियम उन्हीं शेयरों पर लागू होगा, जिनके डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट उपलब्ध हैं। बाकी सभी शेयर मौजूदा 30 मिनट वाले वीडब्ल्यूएपी फॉमूर्ले पर ही काम करेंगे।

**क्यों हुआ बदलाव?**

इसका मुख्य उद्देश्य क्लोजिंग प्राइस को बाजार की वास्तविक मांग और आपूर्ति का सटीक प्रतिनिधि बनाना है। बंद होने के समय सभी खरीदारों और बिकवालों को एक मंच पर लाकर यह ऑक्शन लिक्विडिटी सुधारने, बाड़... ऑर्डर्स... क... आसानी से पूरा करने और एक मजबूत क्लोजिंग प्राइस तय करने में मदद करेगा। इसका मकसद उस हेराफेरी को रोकना है, जहां आखिरी कुछ मिनटों में बड़े सौदे डालकर शेयरों और इंडेक्स के क्लोजिंग स्तर को कृत्रिम रूप से प्रभावित किया जाता था।




**ऐसे काम करेगा क्लोजिंग ऑक्शन सेशन**

दोपहर 3:00 से 3:15 बजे तकः एक्सचेंज हर पात्र शेयर के पिछले ट्रेड्स का वॉल्यूम-वेटेड एवरेज प्राइस... कैलकुलेट करेंगे।

दोपहर 3:15 बजेः रेगुलर ट्रेडिंग बंद होगी और शेयर क्लोजिंग ऑक्शन सेशन में चले जाएंगे।

दोपहर 3:15 से 3:20 बजे तकः अगले 5 मिनट तक नए ऑर्डर स्वीकार नहीं होंगे।

दोपहर 3:20 से 3:25 बजे तकः निवेशक मार्केट और लिमिट दोनों तरह के ऑर्डर दर्ज कर सकते हैं।

दोपहर 3:25 से 3:30 बजेः सिर्फ लिमिट ऑर्डर ही दिए जा सकेंगे। पहले से दर्ज मार्केट ऑर्डर्स में बदलाव या उन्हें रद्द नहीं किया जा सकेगा।

रैंडम क्लोजरः आखिरी सेकंड्स में ऑर्डर्स की बाढ़ रोकने के लिए ऑर्डर एंट्री क... विंडो दोपहर 3:28 से 3:30 बजे के बीच कभी भी बंद हो जाएगा।

दोपहर 3:30 से 3:35 बजे तकः नए ऑर्डर बंद हो जाएंगे और एक्सचेंज ऑर्डर्स की मैचिंग शुरू करेंगे। सभी सफल सौदे एक ही संतुलित कीमत पर निष्पादित होंगे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
*नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।